


E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 218 | गुवाहाटी | सोमवार, 10 मार्च, 2025 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

मणिपुर में तनाव के बीच शांति, सुरक्षा बल अलर्ट — पेज 2
जनजातीय विश्वास और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए दी वित्तीय सहायता — पेज 3
दिल्ली के विधायकों के लिए विधानसभा क्षेत्रों में कार्यालय आवंटन की प्रक्रिया शुरू — पेज 4
वन नेशन-वन इलेक्शन समय की मांग, देश को व्यापक स्तर पर... — पेज 5

## बजट प्रस्तुति से पहले सीएम ने की अहम बैठक



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 10 मार्च को राज्य बजट प्रस्तुति से पहले रणनीति बनाने के लिए 9 मार्च को गुवाहाटी में भाजपा विधायकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। चर्चा इस बात पर केंद्रित थी कि सरकारी कल्याणकारी योजनाएं असम के हर घर तक प्रभावी रूप से पहुंचें। मुख्यमंत्री ने पुष्टि की कि नए बजट में समाज के गरीब और मध्यम वर्ग के उत्थान के उद्देश्य से कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की जाएंगी। छात्रों और युवाओं को लाभान्वित करने वाली पहलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शर्मा ने यह भी घोषणा की कि इस साल के बजट में कई नई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का अनावरण किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों को सुझाव और नवीन विचारों को साझा करके बजट बनाने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया, असम की प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने के लिए *वैज्ञानिक समाधान* का आग्रह किया। इस बीच, असम के वित्त मंत्री अजंता नियोग, जो कल राज्य का बजट पेश करेंगे, ने आश्वासन दिया कि यह महिलाओं, युवाओं और -शेष पृष्ठ दो पर

*12 साल का सूखा खत्म, रोहित ब्रिगेड ने दुबई में लहराया तिरंगा*

## न्यूजीलैंड को हराकर भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 किया अपने नाम

**दुबई।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। यह भारत का लगातार दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट खिताब है। इससे पहले 2024 में टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप जीता था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने सात विकेट गंवाकर 50 ओवर में 251 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 49 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रोहित ने कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 76 रन बनाकर भारत को मुश्किल से निकाला। यह भारत की सातवीं आईसीसी ट्रॉफी है। इससे पहले टीम 1983 और -शेष पृष्ठ दो पर



### पीएम मोदी ने टीम इंडिया को दी बधाई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को हरा दिया। टीम इंडिया ने चार विकेट से ये मुकाबला जीता और तीसरी बार खिताब जीतते हुए इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम बनी। भारत की इस जीत पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 252 रनों का टारगेट दिया दिया।

## असम में इस साल के अंत तक रेलवे का पूर्ण विद्युतीकरण हो जाएगा : रेल राज्य मंत्री



**गुवाहाटी (हि.स.)।** रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने असम और पूर्वोत्तर के अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन आज गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने स्टेशन पर चल रही विकास परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। उनके साथ पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव और मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ रेल अधिकारी भी थे। अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत 181.09 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से आधुनिक सुविधाओं के साथ गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा -शेष पृष्ठ दो पर

## एसएलबीसी सुरंग हादसा टीबीएम ऑपरेटर का शव बरामद



**हैदराबाद (हि.स.)।** नागरकुरनूल जिले में ध्वस्त एसएलबीसी सुरंग में बचाव कार्य में कुछ प्रगति हुई है। केरल पुलिस ने दुर्घटना स्थल से 100 मीटर दूर डी-2 बिंदु पर मानव पैरों के निशान की पहचान की है। परिणामस्वरूप, कर्मचारियों ने उस क्षेत्र की मिट्टी हटा दी और एक शव बाहर निकाला। आज देर रात तक परिजनों को इस शिव को सौंपने की व्यवस्था की जा रही है। मृतक की पहचान टीबीएम ऑपरेटर गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई। शेष सात की तलाश जारी है। एसएलबीसी सुरंग की खुदाई के दौरान दुर्घटना में आठ लोग फंस गये थे, जिनका पता लगाने के लिए विभिन्न एजेंसियों के कर्मचारी -शेष पृष्ठ दो पर

## डीआईपीआर कार्यालय में घुसा संदिग्ध चोर

**गुवाहाटी।** अधिकारियों ने बताया कि रविवार तड़के गुवाहाटी में सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय (डीआईपीआर) के कार्यालय में संदिग्ध चोरों ने सेंध लगाई। डीआईपीआर अधिकारियों और पुलिस ने बताया कि कोई भी सामान चोरी नहीं हुआ, लेकिन फाइलें और कागजात फर्श और मेजों पर बिखरे मिले। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें डीआईपीआर से चोरी के मामले की शिकायत मिली थी। हालांकि, हमने पाया कि कोई सामान नहीं खोया गया है। हमने मामला दर्ज कर लिया है और अपनी जांच शुरू कर दी है। संपर्क किए जाने पर आईपीआर निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि लैपटॉप, कैमरे और अन्य कीमती सामान खुले में पड़े थे और कुछ भी चोरी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने पाया कि चोरों ने हमारी अलमारी और लॉकर खोल दिए थे और सभी कागजात खुले में थे। हम कार्यालय में घुसने वाले लोगों के मकसद को समझ नहीं पा रहे हैं। संयोग से, डीआईपीआर कार्यालय दिसपुर के उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में स्थित है। यह एमएलए क्वार्टर के सामने और सचिवालय परिसर से 100 मीटर की दूरी पर है।



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# सरकार ने असम वैभव, असम सौरव और असम गौरव पुरस्कारों की घोषणा की



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने आज असम सरकार द्वारा दिए जाने वाले असम वैभव, असम सौरव और असम गौरव पुरस्कारों की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने आज कैबिनेट बैठक के अंत में एक संवाददाता सम्मेलन में पुरस्कारों की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि असम वैभव पुरस्कार सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट अधिकारी राणा प्रताप कलिता को दिया जाएगा। इसके अलावा, असम सौरव पुरस्कार प्रसिद्ध गायक द्वीपेन बरुवा को दिया जाएगा। इसके अलावा, प्रसिद्ध नाटककार हेमंत दत्ता को भी इस वर्ष का असम सौरव पुरस्कार दिया जाएगा। असम सौरव पुरस्कार भारतीय महिला टीम की क्रिकेटर उमा छेत्री और टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विस) के पूर्व अध्यक्ष को भी दिया जाएगा। इस बीच, असम गौरव पुरस्कार फुलेश्वरी दत्ता, मिनाक्षी दास, फुटबॉलर पार्थ सुंदर गोगोई, धुबड़ी के टेराकोटा कलाकार धीरेंद्र नाथ पाल, कांसा एवं पीतल से सामान बनाने वाले कलाकार हरिदास दास, बिनाल टेरान, नज़रुल हक, बिश्वजीत बोरा, भारत कलिता, बार्लांगफा नार्जारी, रामस सोनी, उपमन्यु बरकाकाती को दिया जाएगा। इस बार असम गौरव पुरस्कार तीन आयोजनों को भी दिया जाएगा। इस बीच, आज की कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि असम कोचिंग संस्थान नियंत्रण और विनियमन अधिनियम नामक एक कानून वर्तमान विधानसभा सत्र में लाया जाएगा। जिसके माध्यम से असम में मौजूदा कोचिंग संस्थानों को एक प्रणाली के तहत लाया जाएगा। क्योंकि राज्य में तेजी से मशरूम की तरह कई संस्थान बढ़ गए हैं। इसे नियंत्रित करने के लिए। कोकराझार विश्वविद्यालय अधिनियम में सामान्य संशोधन किया जाएगा। कैबिनेट ने आज कामरूप और मोरीगांव में दो मेगा औद्योगिक पार्कों के लिए उद्योग विभाग को कुछ भूमि आवंटित की। हमने पशु चिकित्सा और मत्स्य कानून में एक संशोधन लाया है। उन्होंने कहा कि डीटीओ कार्यालय से वाहन के लाइसेंस बनाने के पावर को समाप्त कर मान्यता प्राप्त ड्राइवर प्रशिक्षण केंद्रों को सौपने के साथ ही स्वचालित ड्राइविंग परीक्षणों का ट्रैक बनाना चाहता हूं। मान्यता प्राप्त संस्थान द्वारा लाइसेंस दिया जाएगा। 126 निर्वाचन क्षेत्रों में 126 ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान खोले जाएंगे। हर जिले में स्वचालित ड्राइविंग ट्रैक होंगे। अब लाइसेंस के लिए डीटीओ कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आज श्रीमंत शंकरदेव विश्वविद्यालय अधिनियम में एक विशेष संशोधन भी किये जाने को कैबिनेट ने मंजूरी दी। अब से, गृह विभाग को यह प्रमाण पत्र देना होगा कि यह संस्थान असम में नर्सिंग कॉलेज, डेंटल कॉलेज, फार्मेसी संस्थानों के खुलने के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में राष्ट्र के लिए खतरा नहीं है और इस संस्थान को रूपांतरण में सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं होना होगा। असम में मेडिकल कॉलेज प्रवेश परीक्षा के मामले में, इस बार प्रवेश केवल सरकारी स्कूलों में होगा और परीक्षा में बैठने के लिए केवल बायोमेट्रिक परीक्षण देने के बाद ही बैठ सकते हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री ने कहा कि माजुली और शिवसागर के नाम विश्व धरोहर स्थल की मान्यता के लिए दो अलग-अलग श्रेणियों में भेजे जाएंगे।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ की हालत स्थिर, हालचाल जानने पहुंचे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की, जो एम्स में भर्ती हैं। उपराष्ट्रपति को शनिवार देर रात एम्स में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि धनखड़ को सीने में दर्द और बेचैनी महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल के हृदय विभाग में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने धनखड़ का स्वास्थ्य अपडेट साझा करते हुए कहा कि उनकी हालत अब स्थिर है। एक एक्स पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा कि एम्स जाकर उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उपराष्ट्रपति को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में *क्रिटिकल केयर यूनिट* (सीसीयू) में भर्ती कराया गया।

### कुकी समूह के अनिश्चितकालीन बंद का दिखा मिलाजुला असर

# मणिपुर में तनाव के बीच शांति, सुरक्षा बल अलर्ट



**इंफाल।** मणिपुर में कुकी समूहों की ओर से सुरक्षा बलों की कार्रवाई के खिलाफ लागू किए गए अनिश्चितकालीन बंद का मिलाजुला असर नजर आया। राज्य के कुकी बहुल इलाकों में तनावपूर्ण शांति रही। वहीं कुछ जिलों में कुकी प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया। वहीं बंद को देखते हुए सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर रहे। चूराचंदपुर और टेंग्नौपाल जिलों के कुकी बहुल इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और पत्थरों से सड़कें जाम कर दीं। जिन्हें सुरक्षा बलों ने हटाया। कुकी बहुल इलाकों में दुकानें बंद रहीं और यहां आंदोलनकारी लोगों से घरों के अंदर रहने के लिए कहते नजर आए। अफसरों ने बताया कि एनएच-2 (इंफाल-डिमापुर रोड) पर गमघीफाई और जिले के अन्य हिस्सों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की गश्त की जा रही है। आईटीएलएफ ने कुकी जो काउंसिल (केजेसी) द्वारा बुलाए गए अनिश्चितकालीन बंद को समर्थन दिया। इस बंद का उद्देश्य राज्य में सभी सड़कों पर मुक्त आवाजाही का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई का विरोध करना था। आईटीएलएफ ने कहा कि कुकी-जो क्षेत्रों के माध्यम से मैतेई लोगों की आवाजाही की अनुमति देने के भारत सरकार के फैसले से कांगपोकपी में आंदोलन और विरोध हुआ। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बल का प्रयोग किया। शनिवार को कांगपोकपी जिले के विभिन्न हिस्सों में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई, जबकि महिलाओं और पुलिसकर्मियों समेत 40 से अधिक अन्य घायल हो गए थे। वहीं मणिपुर पुलिस ने कहा कि कुकी प्रदर्शनकारियों द्वारा किए गए हमलों में 27 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने उन पर पत्थर फेंके और बड़े-बड़े पत्थर लगाकर, टायरों में आग लगाकर, पेड़ों को गिराकर सड़कों को जाम किया। प्रदर्शनकारियों ने गोलियां भी चलाईं, इसका सुरक्षा बलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पुलिस ने कहा कि जब मणिपुर राज्य परिवहन की एक बस इंफाल-कांगपोकपी-सेनापति मार्ग पर जा रही थी, कांगपोकपी जिले के गमगीफई में भीड़ ने वाहन पर पथराव करना शुरू कर दिया। इसके बाद सुरक्षा बलों को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और न्यूनतम बल का इस्तेमाल करना पड़ा।

### त्रिपुरा में जेपी नड्डा ने बताईं भाजपा की उपलब्धियां, कहा-

# पीएम मोदी ने राजनीतिक संस्कृति को बदला



**अगरतला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को त्रिपुरा में भाजपा सरकार की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर रैली में भाग लिया। उन्होंने यहां भाजपा की उपलब्धियां बताईं। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। उन्होंने देश में सत्ता विरोधी भाजपा को सत्ता समर्थक भावना में बदला है। पिछले तीन लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में बढ़ते वोट शेयर का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि सत्ता समर्थक भावना का मतलब है कि लोग खुश हैं और चाहते हैं कि मोदी बार-बार जीतें। भाजपा को 2014 के लोकसभा चुनाव में 17 करोड़ वोट मिले थे। जबकि 2019 के चुनाव में 22 करोड़ वोट मिले। इसके बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में यह आंकड़ा 24 करोड़ वोट तक पहुंच गया। इससे साफ है कि लोग हर बार मोदी जी को अधिक वोटों से आशीर्वाद दे रहे हैं। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यूपीए शासन के मुकाबले अब कर हस्तांतरण में पांच गुना इजाफा हुआ है। यूपीए सरकार के दौरान त्रिपुरा को कर में हिस्सेदारी के तौर पर नौ हजार करोड़ रुपए मिलते थे। जो अब बढ़कर 46500 करोड़ रुपए हो गए हैं। इसी तरह अनुदान सहायता 31 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 54 हजार करोड़ रुपए हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अगले दो साल में त्रिपुरा में चार रेलवे स्टेशन अगरतला, उदयपुर, धर्मनगर और कुमारघाट को आधुनिक बनाने का एलान किया। उन्होंने डिजिटलीकरण के लिए भाजपा नेतृत्व वाली सरकार की सराहना की। नड्डा ने कहा कि त्रिपुरा ने डिजिटलीकरण को अपनाया है। 29 लाख सरकारी फाइलों का डिजिटलीकरण किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि त्रिपुरा की जनता बार-बार कमल को और प्रधानमंत्री मोदी और माणिक साहा के नेतृत्व को आशीर्वाद देती है क्योंकि हम जनता के सेवक हैं, हम लोगों की चिंता करते है और हम अंत्योदय के लिए काम करते हैं। हमारी नीतियां सिर्फ कागजों पर नहीं हैं, हमारी नीतियां सचिवालय की फाइलों तक सीमित नहीं हैं, हमारी नीतियां त्रिपुरा की धरती पर आम आदमी को लाभ पहुंचाने के लिए हैं। हमारा लक्ष्य सत्ता नहीं बल्कि सेवा है।

# महाकुंभ के दौरान नहाने लायक था गंगा यमुना का पानी : सीपीसीबी की नई रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने अपनी एक ताजा रिपोर्ट में बताया है कि महाकुंभ के दौरान गंगा औ यमुना नदी का पानी नहाने के लिए तय मानकों पर खरा उतरा है। ये रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को पेश की गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि डेटा वेरिएबिलिटी के कारण स्टेटिस्टिकल एनालिसिस की दरकार थी। रिपोर्ट में कहा कि स्टेटिस्कल एनालिसिस की जरूरत इसलिए थी क्योंकि अलग-अलग तारीखों में सैंपल जमा किए गए थे और ये सभी सैंपल विभिन्न जगहों से लिए गए थे। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने कहा कि अलग अलग सैंपल की वजह से पूरी नदी के पानी के सही आकलन करना बेहद मुश्किल था। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने कहा है कि उसने महाकुंभ की शुरूआत के बाद से हर सप्ताह दो बार नदी के पानी की जांच और निगरानी की है। रिपोर्ट में कहा गया कि 12 जनवरी से लेकर 28 फरवरी तक गंगा नदी की 5 जगहों और यमुना नदी की दो जगहों पर पानी की निगरानी की गई और इसके लिए विशेषज्ञों की एक कमिटी तैनात थी। 17 फरवरी को सीपीसीबी ने एनजीटी के चेयरपर्सन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पैनल को बताया था कि महाकुंभ के दौरान कई स्थानों पर नहाने के लिए जल गुणवत्ता प्राथमिक मानकों पूरा नहीं करती है। बोर्ड ने 17 फरवरी की रिपोर्ट में बताया था कि गंगा-यमुना की पानी में उच्च मात्रा में फीकल कोलीफार्म बैक्टीरिया मिला है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में बताया गया था कि पानी में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 100 मिलीलीटर पानी में 2,500 यूनिट से बहुत ज्यादा मिली है।

# सोने की तस्करी में अरेस्ट रान्या राव ने किए चौंकाने वाले खुलासे

**नई दिल्ली।** कन्नड़ फिल्मों की हिरोइन और कर्नाटक के डीजीपी की बेटी रान्या राव की गिरफ्तारी से देश में सोने की तस्करी के एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। पता चला है कि इस रैकेट में कई सफेदपोश लोग भी शामिल हैं। डीआरआई की कस्टडी रिमांड में पूछताछ के दौरान रान्या ने खुद कई चौंकाने वाले नाम लिए हैं। इसके बात यह मामला दिल्ली के हवाई अड्डे से पकड़े गए तीन अन्य तस्करों से भी जुड़ गया है। डीआरआई के सूत्रों के मुताबिक इन दोनों ही मामलों का मास्टरमाइंड कोई एक व्यक्ति है। अब डीआरआई की टीम सोने की तस्करी के खेल के रचइता की तलाश में जुट गई है। अधिकारियों के मुताबिक देश में सोने की तस्करी का जो नेक्सस सामने आया है, उसमें रान्या राव अकेले नहीं है, बल्कि उसके जैसे कई अन्य नामी गिरामी लोग शामिल हैं। ये लोग विदेशों से सोने की खेप लेकर भारत में आते हैं और अपने रुतबे का इस्तेमाल कर एयरपोर्ट से आराम से निकल भी जाते हैं। डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक इन सफेद पोश लोगों के पीछे यह नेटवर्क लंबे समय से काम कर रहा है। रान्या राव की गिरफ्तारी के बाद मामले की जांच जैसे जैसे आगे बढ़ रही है, इस गिरोह से जुड़ी नई-नई बातें भी सामने आने लगी हैं। डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक बेंगलुरु हवाई अड्डे पर रान्या राव गिरफ्तारी के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी में तीन लोग पकड़े गए थे।

## पानी टंकी की सफाई करते समय पांच मजदूरों की दम घुटने से मौत

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में रविवार को एक निर्माणाधीन इमारत में पानी की टंकी साफ करते समय पांच मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना नागपाड़ा इलाके में डिमटीमकर रोड पर स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में अपराह्न करीब साढ़े 12 बजे हुई। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएएमसी)और स्थानीय पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच जारी है। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि पांच मजदूर पानी की टंकी में साफ-सफाई करने के लिए उतरे थे, लेकिन इस दौरान वे बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि निर्माण स्थल पर मौजूद अन्य लोगों ने दमकल विभाग को घटना की सूचना दी। पांच लोगों को टंकी से निकालकर सरकारी जेजे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बांग्लादेश में ससुर ने बहू की आठ साल की बहन के साथ किया दुष्कर्म, पति ने दिया साथ!

**ढाका।** बांग्लादेश में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। एक आठ साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पूरे बांग्लादेश में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। रविवार, 9 मार्च 2025 को सड़कों पर उतरकर लोगों ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा पर सख्त कदम उठाने की मांग की। बच्ची यह घटना मगुरा में अपनी बड़ी बहन के घर पर हुई, जहां उसकी बहन के ससुर ने दुष्कर्म किया। बच्ची को गंभीर चोटें आईं और उसे ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया, बाद में उसे सीएमएच अस्पताल ट्रांसफर किया गया। इस मामले में बच्ची के पति ने भी अपराध में सहयोग किया। इस घटना के विरोध में ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों और शिक्षकों ने विरोध रैली निकाली। छात्रों ने कक्षाएं और परीक्षाएं छोड़कर ढाका-राजशाही राजमार्ग को ब्लॉक कर दिया, जिसमें उन्होंने यौन हिंसा के आरोपियों के लिए त्वरित कार्रवाई और सख्त दंड की मांग की। इस घटना ने बांग्लादेश में महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। छात्रों ने आरोपियों के लिए मृत्युदंड की मांग की।

## पृष्ठ एक का शेष

### बजट प्रस्तुति से ...

आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर समान रूप से ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि बजट को असम को देश के अग्रणी राज्यों में से एक बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

### असम में इस साल ...

ने आज बताया कि मंत्री ने स्टेशन की बुनियादी संरचना का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतीक्षालय, क्यूआर कोड टिकटिंग काउंटर और सुरक्षा उपायों सहित प्रमुख सुविधाओं का भी मूल्यांकन किया। उन्होंने एग्जीक्यूटिव लाउंज का दौरा किया और स्टेशन को साफ-सुथरा रखने में रेल अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। इसके अतिरिक्त, मंत्री ने स्टेशन के और अधिक सुधार पर रेल अधिकारियों के साथ चर्चा भी की। मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री ने बताया कि केंद्रीय बजट 2025-26 में इस क्षेत्र में रेलवे के लिए 10,440 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है। 2014 तक असम में रेलवे का कोई विद्युतीकरण नहीं हुआ था, लेकिन अब 2025 के अंत तक 100 प्रतिशत रेलवे विद्युतीकरण पूरा होने जा रहा है। उन्होंने रेलवे के बुनियादी संरचना के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति पर भी प्रकाश डालते हुए उल्लेख किया कि क्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए दोहरीकरण कार्य त्वरित गति से किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कनेक्टिविटी में सुधार और क्षेत्र की बढ़ती परिवहन मांगों को पूरा करने के लिए नई रेलवे लाइनें बिछाई जा रही हैं। मंत्री ने यात्री आराम और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों में रेलवे के बुनियादी संरचना और कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। इससे पहले, 8 मार्च को रेल मंत्री ने डिब्रूगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इसके पुनर्विकास के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बोगीबील रेल-सह-सड़क पुल का भी दौरा किया, जो नदी के उत्तरी और दक्षिणी किनारों को जोड़ता है, जिससे असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच संपर्क बढ़ा है। मंत्री की यात्रा ने आर्थिक विकास और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देते हुए विश्व स्तरीय रेल सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

### न्यूजीलैंड को हराकर

2011 वनडे विश्व कप, 2007 और 2024 टी20 विश्व कप और 2002, 2013 और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुकी है। भारत इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। उसने लगातार पांच मैच जीते। ग्रुप स्टेज में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को हराने के बाद सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया और फाइनल में फिर से कीवियों को हराया। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में भारत के सामने 252 रन का लक्ष्य रखा था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम 50 ओवर में सात विकेट गंवाकर 251 रन बना सकी। आखिरी पांच ओवर में 50 रन बने, जिसकी वजह से न्यूजीलैंड इस आंकड़े को छू सका। इसमें सबसे बड़ा योगदान माइकल ब्रेसवेल का रहा। उन्होंने वनडे करियर का पहला अर्धशतक लगाया। ब्रेसवेल ने 40 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 53 रन की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा डेरिल मिचेल 63 रन और ग्लेन फिलिप्स ने 34 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, जडेजा को एक विकेट मिला। एक विकेट शमी ने लिया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। कीवियों की शुरुआत अच्छी रही थी। विल यंग और रचिन रवींद्र के बीच 57 रन की साझेदारी हुई। वरुण चक्रवर्ती ने यंग को आउट कर कीवियों को पहला झटका दिया। इसके बाद कुलदीप का कमाल देखने को मिला। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। ये दोनों बल्लेबाज न्यूजीलैंड के लिए रीढ़ की हड्डी रहे हैं। इन दोनों के विकेट गिरते ही कीवी कमजोर पड़ गए। जहां एक समय कीवी छह से ज्यादा के रन रेट से स्कोर कर रहे थे। 18 रन के अंदर शुरुआती तीन विकेट गंवाते ही रन रेट साढ़े चार के करीब आ गया। यंग 15 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, रचिन ने 29 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 37 रन की पारी खेली। विलियम्सन 11 रन बना सके। इसके बाद डेरिल मिचेल ने टॉम लाथम और ग्लेन फिलिप्स के साथ पारी संभालने की कोशिश की। मिचेल ने लाथम के साथ 33 रन की और फिलिप्स के साथ 57 रन की साझेदारी निभाई। लाथम को जडेजा और फिलिप्स को वरुण ने पवेलियन भेजा। लाथम 14 रन और फिलिप्स 34 रन बना सके। इस बीच डेरिल मिचेल ने वनडे करियर का आठवां अर्धशतक लगाया। वह 101 गेंद में तीन चौके की मदद से 63 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में ब्रेसवेल ने आक्रामक बल्लेबाजी की। सैंटनर आठ रन बनाकर रन आउट हुए। 252 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत शानदार रही थी। रोहित ने इंटेंट दिखाया और शुरुआत से ही ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्होंने शुभमन गिल के साथ पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी निभाई।

### एसएलबीसी सुरंग हादसा ...

15 दिनों से काम कर रहे हैं। बता दें कि एसएलबीसी सुरंग 22 फरवरी को ढह गई थी, जिसमें 08 श्रमिक फंस गए थे। सुरंग के अंदर मानव अवशेष पाए जाने के बाद दो दिन पहले बचाव प्रयासों में सहायता के लिए केरल के कैडेवर डॉग स्क्वायड को शामिल किया गया। बचाव अधिकारियों के अनुसार, मृतक सुरंग के ढह गए हिस्से के अंदर एक मशीन में फंसा हुआ पाया गया था। राज्य मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया कि केरल के खोजी कुत्तों ने एक विशिष्ट स्थान पर तेज गंध का पता लगाया, जो तीन व्यक्तियों की उपस्थिति का संकेत देता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार लापता श्रमिकों के परिवारों को पूर्ण सहायता प्रदान करेगी।

# पाकिस्तान में भुखमरी से तंग लोग मस्जिदें तोड़ उसकी ईंटें और लोहा बेच भर रहे पेट!



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लोग अब मस्जिदों को तोड़कर उसकी ईंटें और लोहे को बेचकर अपना पेट भर रहे हैं। हाल ही में यह तीसरी मस्जिद है जिसे तोड़ा गया है। लोग कह रहे हैं, अगर अल्लाह हमें रोटी नहीं दे सकता, तो मस्जिदों की क्या जरूरत? जो समुदाय कभी मंदिरों को तोड़कर यह कहता था कि सिर्फ अल्लाह ही सबसे बड़ा है, आज वही अल्लाह के घरों को खुद अपने हाथों से ढहा रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग एक मस्जिद को तोड़ते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान में आर्थिक तंगी और भुखमरी के कारण लोग गुस्से में मस्जिदों को तोड़कर उनकी सामग्री बेच रहे हैं। हालांकि विश्वास न्यूज की जांच में यह दावा भ्रामक निकला। वायरल वीडियो पाकिस्तान का ही है, लेकिन इसमें दिखाई गई मस्जिद अहमदिया मुस्लिम समुदाय की है। पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के धार्मिक स्थलों को बार-बार निशाना बनाया जाता है, क्योंकि वहां उन्हें गैर-मुस्लिम माना जाता है। फेसबुक और ट्विटर पर इस वीडियो को कई भ्रामक दावों के साथ शेयर किया जा रहा है। कुछ यूजर्स ने लिखा कि पाकिस्तान में भुखमरी इतनी बढ़ गई है कि लोग मस्जिदें तोड़कर लोहे और ईंटें बेच रहे हैं। कराची में एक महीने में तीसरी मस्जिद तोड़ी गई। एक ने लिखा कि चार-चार निकाह करके 20-30 बच्चे पैदा किए और कहा कि यह अल्लाह की देन है, लेकिन अब अल्लाह खाना नहीं दे रहा। ट्विटर पर भी इसी दावे के साथ यह वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कहा गया कि पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई और भुखमरी के कारण लोग मस्जिदों को तोड़कर उनकी सामग्री बेचने पर मजबूर हो गए हैं। इस वीडियो की सत्यता की जांच के लिए रिवर्स इमेज सर्च किया तो 3-4 फरवरी 2023 की रिपोर्ट मिली, जिसमें इस वीडियो से मेल खाती तस्वीर प्रकाशित की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार यह वीडियो पाकिस्तान के कराची शहर का है। वीडियो में दिख रही मस्जिद अहमदिया मुस्लिम समुदाय की है। पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय को आधिकारिक रूप से गैर-मुस्लिम माना जाता है और उनके धार्मिक स्थलों को अक्सर निशाना बनाया जाता है। न्यूज एजेंसी ने भी 3 फरवरी 2023 को इस घटना की रिपोर्टिंग की थी। उनके अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने कराची के सदर इलाके में अहमदिया मस्जिद पर हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। फैक्ट में पता चला कि वायरल वीडियो में किया जा रहा दावा पूरी तरह से भ्रामक है।

## चोरी के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी महानगर की वशिष्ठ पुलिस ने आज चोरी के मामले में शामिल पांच चोरों को चोरी की सामग्री समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि वशिष्ठ पुलिस थाने की एक टीम ने उत्तम पथ में चोरी की सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए चोरी की सामग्री समेत पांच चोरों को गिरफ्तार किया है। घर में जिस समय चोरी हुई उस समय घर के लोग मौजूद नहीं थे। चोर घर में घुसकर टीवी, पीतल के बर्तन, कपड़े और सैनिटरी सहित कीमती घरेलू सामान चुरा कर फरार हो गए। शिकायत मिलने के बाद वशिष्ठ पुलिस की एक टीम ने मात्र 6 घंटे के भीतर एक कुख्यात चोर गिरोह को पकड़ लिया। गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर कार्रवाई करते हुए चुराई गई वस्तुओं को पातरकुची के एक जंगल से पुलिस ने सफलतापूर्वक बरामद कर लिया। गिरफ्तार चोरों की पहचान सुमन बसुमतारी उर्फ सांबा (25, उदलगुड़ी), बिशाल दास उर्फ बंगाल (18, ग्वालपाड़ा), नंदेश्वर रोहांग उर्फ नंदे (18, कामरूप- मेट्रो), दीप बनिया उर्फ खेपू उर्फ बाबू (21, दरंग) और विवेक ब्रह्म उर्फ टिकला (18, कामरूप-मेट्रो) के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से बरामद चोरी की सामग्रियों में 4 बेल मेटल प्लेट्स (कहोर काही), 8 बेल मेटल बाउल (कहोर बाटी), 4 स्टील बाथरूम नल, 2 पीतल के गिलास, 2 छड़ें और 1 लाल रंग का बैग बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम अन्य वस्तुओं को बरामद करने का प्रयास जारी रखे हुए है। पुलिस इस संबंध में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जनजातीय विश्वास और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए दी वित्तीय सहायता

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में रविवार को शिक्षा मंत्री डॉ. रोनोज पेगु और विभागीय मंत्री योगेन महन की उपस्थिति में स्थानीय (खिलंजिया) और जनजातीय विश्वासों और सांस्कृतिक स्थलों के समग्र विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई। रविवार को कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत ऑल बाथौ महासभा की पहल के अंतर्गत गुवाहाटी के गोरचुक में निर्मित सांस्कृतिक और धरोहर केंद्र के लिए 5 करोड़ रुपए, त्रैवार्षिक सत्र के लिए 50 लाख रुपए, ऑल असम ब्रह्म धर्म प्रबंधन समिति सहित पांच अन्य जनजातीय कार्यक्रमों के लिए दूसरी किस्त के रूप में 10 लाख रुपए, 36 विभिन्न स्थानीय जनजातीय पूजा स्थलों के लिए 2वीं किस्त के रूप में प्रत्येक को 5 लाख रुपए,



100 बाथौ थानशालि और 98 ब्रह्म मंदिर के लिए प्रत्येक को 5 लाख रुपए की सहायता राशि की मंजूरी का अनुमोदन पत्र औपचारिक रूप से प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त धनराशि को जिला उपायुक्त कार्यालयों के बैंक एकाउंट में स्थानांतरित करने की व्यवस्था की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि और शिक्षा मंत्री पेगु ने कहा कि विश्वास से ही ईश्वर मिलते हैं। यही कारण है कि हमारा विश्वास ही हमारी पहचान है, हम अपने स्थानीय जनजाति के लोगों के विश्वास और पूजा स्थलों को विकसित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हमारी प्रत्येक जनजाति का एक विशिष्ट इतिहास है और उस संदर्भ में हमें अपनी व्यक्तिगत पहचान को मजबूत करना है और इसे एक जन आंदोलन में बदलना है। विभाग के विशेष उप सचिव रंजन शर्मा, सचिव मनस नाथ और निदेशक अनुपम चौधरी इस अवसर पर उपस्थित थे। इसके अलावा, राज्य के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के 12 सहायक प्रोफेसरों को शिक्षा मंत्री डॉ. रोनोज पेगु के जनता भवन के कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित एक समारोह में नियुक्ति पत्र सौंपे। इस कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव नारायण कुंवर और तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक ध्रुवज्योति बोरा ने भाग लिया।

## शिक्षा मंत्री ने 12 असिस्टेंट प्रोफेसर को सौंपे नियुक्ति पत्र



**गुवाहाटी ( हिंस )।** राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगु ने रविवार को एक समारोह में दिसपुर स्थित जनता भवन में इंजीनियरिंग कॉलेज के नवचयनित 12 असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर शिक्षा मंत्री पेगु ने कहा कि असम सरकार ने पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के लिए मजबूत कदम उठाया है। शिक्षा मंत्री पेगु ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया युवा पीढ़ी में आशा जगा रही है। उन्होंने सभी असिस्टेंट प्रोफेसर को भविष्य के शिक्षक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## जेसीआई, बरपेटारोड की नई कार्यकारिणी गठित

**बरपेटारोड।** अंतर्राष्ट्रीय नारी दिवस के शुभ अवसर पर, जब संपूर्ण विश्व नारीशक्ति की गौरवगाथा का गुणगान कर रहा था, तब जेसीआई बरपेटारोड ने भी अपनी नवीन कार्यकारिणी के 9वे शपथ ग्रहण समारोह *शक्ति* के माध्यम से शक्ति और नेतृत्व का भव्य उत्सव मनाया। बरपेटारोड क्लब के भव्य प्रांगण में, समाज के प्रबुद्ध गणमान्यजनों और संस्था के सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में, सत्र 2025 की नव-निर्वाचित अध्यक्ष जेसी राधिका मोर के नेतृत्व में नई टीम ने शपथ ग्रहण कर, उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ अपने कार्यकाल का शुभारंभ किया। अध्यक्ष जेसी स्नेहा खेमका ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए मंच को सुशोभित किया। मुख्य अतिथि जोन अध्यक्ष जेसी गुंजन हरलालका, विशिष्ट अतिथि जोन उपाध्यक्ष जेसी कोमल जैन, निवर्तमान अध्यक्ष जेसी सुमित खेमका, सचिव जेसी स्वीटी सराफ, कोषाध्यक्ष जेसी आशा सराफ एवं कार्यक्रम संयोजिका जेसी रीतिका चौधरी को आमंत्रित कर मंच की गरिमा बढ़ाई गई। समारोह की भव्य शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसमें मंचासीन पदाधिकारियों, बरपेटारोड जेसीआई के अभिभावकों, मातृशक्ति एवं समाज के गणमान्यजनों ने भाग लिया। सभी अतिथियों का फुलाम गमछा पहनाकर ससम्मान स्वागत किया गया। कार्यक्रम में, जेसी निशा खेमका द्वारा जेसीआई की आस्थाओं एवं उद्देश्यों का वाचन किया गया। तत्पश्चात, अध्यक्ष जेसी स्नेहा



खेमका ने संगठन की वार्षिक गतिविधियों और उपलब्धियों का शानदार वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसके बाद श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं एवं संयोजकों को अध्यक्षीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जेसी गुंजन शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधिका मोर का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया, राधिका मोर बरपेटारोड के प्रतिष्ठित राजकुमार मोर एवं श्रीमती अलका देवी मोर के पुत्र तरुण मोर की धर्मपत्नी है। इसके बाद, निवर्तमान अध्यक्ष जेसी स्नेहा खेमका ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी राधिका मोर को कालर एवं ग्रेवल प्रदान कर पदभार हस्तांतरित किया। इस मौके पर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने दायित्वों की शपथ ग्रहण की। नवगठित टीम में निवर्तमान अध्यक्ष स्नेहा खेमका, सचिव आयुषी केडिया, कोषाध्यक्ष आशा सराफ, उपाध्यक्ष मुस्कान जैन, रीतिक चौधरी, पिंकी सराफ, गुंजन शर्मा, स्वीटी सराफ एवं रिया बांठिया तथा निर्देशक पद पर दिव्या सराफ, निशा खेमका एवं पूजा कोचर ने शपथ ग्रहण की।

## भारी मात्रा में सिगरेट के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कछार ( हिंस )।** जिला के धोलाई में आज दोपहर बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाते हुए भारी मात्रा में सिगरेट जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कछार पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि खुफिया सूचना के आधार पर धोलाई में एक टाटा ट्रक (एएल-01एलसी-0213) को रोका गया। तलाशी के दौरान ट्रक के अंदर से 1100 पैकेट ईएसएसई गोल्ड नामक ब्रांड के सिगरेट (सिगरेट की संख्या 11,000) बरामद की गई। सिगरेट को कुछ कार्टूनों के अंदर छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान दिलदार हुसैन लस्कर (35) के रूप में की गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वाहन मिजोरम की राजधानी आइजोल से आ रहा था। मामले की जांच जारी है।

## अपर सचल बिहू सम्मिलन मनाएगा रजत जयंती समारोह, तैयारी जोर शोर से

**गुवाहाटी।** महानगर के प्रमुख सामाजिक सांस्कृतिक संगठन अपर सचल बिहू सम्मिलन इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के साथ बिहू उत्सव की रजत जयंती मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस सिलसिले में सांस्कृतिक सचिव धनंजय तालुकदार ने कहा कि वर्ष 2000 में स्थापित इस सम्मिलन का उद्देश्य असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और संरक्षित करना है। इस वर्ष संगठन 15 अप्रैल से शुरू होकर चार दिनों तक बिहू उत्सव की रजत जयंती मनाएगा। इस समारोह में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें पारंपरिक बिहू नृत्य प्रतियोगिता, संगीत कार्यक्रम और विभिन्न आयु समूहों के लिए प्रतियोगिताएं शामिल है। सचल बिहू सम्मिलन ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए कई पुरस्कारों की भी घोषणा की है। समारोह के मुख्य आकर्षणों में बिहू नृत्य और *ढोल वादन* कार्यशाला शामिल है, जो 23 से 29 मार्च तक आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का संचालन जाने-माने बिहू विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा और इसमें प्रतिभागियों को पारंपरिक बिहू नृत्य और ढोल बजाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सचल बिहू सम्मिलन ने कई प्रतियोगिताओं की भी घोषणा



की है, जिसमें बिहू नृत्य प्रतियोगिता, पारंपरिक असमिया पोशाक प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल है। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। समारोह में एक सांस्कृतिक शोभायात्रा भी शामिल होगा, जिसमें पारंपरिक असमिया संगीत और नृत्य प्रदर्शन शामिल होंगे। शोभायात्रा के बाद कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिसमें प्रसिद्ध सांस्कृतिक मंडली द्वारा बिहू नृत्य का जलवा बिखेरेगी। सचल बिहू सम्मिलन ने पूरे असम से प्रतिभागियों को समारोह और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी संगठन से 9435348536, 8638148561, या 9943695405 पर संपर्क कर सकते हैं। इस वर्ष का समारोह और भी बड़ा और बेहतर होने वाला है, जिसमें अनेक रोमांचक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बिहू को लेकर हरेश्वर डेका को अध्यक्ष, डॉ. बुधिन सैकिया को कार्यकारी अध्यक्ष, नवा कुमार मुदै को महासचिव और डॉ. नव नाहर डेका को कोषाध्यक्ष सहित101 सदस्यों की एक कार्यकारी समिति का गठन किया गया है। आज एक समारोह में आमंत्रण पत्र तथा कार्यक्रम विवरण का औपचारिक विमोचन किया गया।

## गजराज कोर ने भूतपूर्व सैनिकों और युद्ध विधवाओं के लिए किया मेगा रैली का आयोजन

**तामुलपुर।** पूर्वी कमान के तत्वावधान में भारतीय सेना की गजराज कोर ने 9 मार्च को तामुलपुर, असम में मेगा भूतपूर्व सैनिक रैली का सफलतापूर्वक आयोजन किया। रैली का आदर्श वाक्य *भूतपूर्व सैनिक, अभूतपूर्व योगदान, आपको सादर प्रणाम* उन लोगों के कल्याण के लिए भारतीय सेना की प्रतिबद्धता पर जोर देता है जिन्होंने गर्व और सम्मान के साथ राष्ट्र की सेवा की है। इस कार्यक्रम में निचले असम के जिलों से 4800 से अधिक पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों की भागीदारी के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई। गजराज कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, लेफ्टिनेंट जनरल गंभीर सिंह, एवीएसएम, वाईएसएम ने भूतपूर्व सैनिकों को राष्ट्र के लिए उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया और उनके बलिदान को स्वीकार किया और उनकी भलाई के लिए भारतीय सेना के अटूट समर्थन को दोहराया। इस कार्यक्रम में वीर नारियों, वीर माताओं और युद्ध के दिग्गजों को सम्मानित किया गया तथा विकलांग पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को मोटराइज्ड स्कूटर और व्हीलचेयर भेंट की गई। रैली ने पेंशन,



चिकित्सा सहायता, कल्याणकारी योजनाओं और रोजगार के अवसरों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदान किया। समग्र सहायता सुनिश्चित करने के लिए, पीसीडीए, रिकॉर्ड कार्यालयों और जिला सैनिक बोर्डों द्वारा विभिन्न हेल्प डेस्क और सेवा स्टॉल स्थापित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप पेंशन और पारिश्रमिक से संबंधित दिग्गजों और वीर नारियों के 453 मुद्दों का मौके पर ही समाधान किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा संचालित चिकित्सा शिविरों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जबकि एक सीएसडी आउटलेट ने सब्सिडी वाले सामानों तक आसान पहुंच सुनिश्चित की। इस कार्यक्रम में यूआईएडीआई द्वारा आधार अपडेटिंग काउंटर और प्रमुख बैंकों द्वारा वित्तीय परामर्श भी प्रदान किया गया। एमएसएमई और जिला प्रशासन के स्टॉल वाले जॉब मेले ने दिग्गजों और उनके आश्रितों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इसके अतिरिक्त, कौशल विकास संस्थानों और किसान जागरूकता शिविरों ने उद्यमिता और कृषि उद्यमों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। भूतपूर्व सैनिकों के पात्र बच्चों के लिए अग्निवीर योजना के लिए एक विशेष पंजीकरण काउंटर स्थापित किया गया, जिससे सशस्त्र बलों में भविष्य के द्वार खुल गए। खुखरी ड्रिल, गतका, निहत्थे युद्ध (यूएसी) प्रदर्शन और पाइप बैंड प्रदर्शन, सशस्त्र बलों की समृद्ध परंपराओं और वीरता तथा असम की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया गया। यह पहल ईएसएम और उनके परिवारों को सम्मानित करने और उनकी सहायता करने के लिए गजराज कोर की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उन्हें वह पहचान और सहायता मिले जिसके वे हकदार हैं। भारतीय सेना न केवल देश की सीमाओं की रक्षा करने के लिए बल्कि उन लोगों की भलाई के लिए भी समर्पित है जिन्होंने सम्मान, वीरता और गौरव के साथ देश की सेवा की है।

## आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सेलेक्ट-मौजूदा बाजार की अस्थिरता को प्रबंधित करने के लिए गारंटीड आय वाला उत्पाद

**शिलांग।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने *आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सेलेक्ट* पेश किया है, जो एक दीर्घकालिक बचत उत्पाद है जो ग्राहकों को तत्काल आय की गारंटी देता है और उन्हें तरलता प्रदान करता है। यह उत्पाद ग्राहकों को कई तरह की लचीलापन प्रदान करता है जैसे कि वे कब गारंटीड आय शुएम करना चाहते हैं, गारंटीड आय की अवधि और परिपक्वता के समय उन्हें कितनी राशि मिल सकती है। इसके अतिरिक्त, जीवन बीमा घटक परिवार के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उत्पाद की अनूठी विशेषताओं में से एक बढ़ती हुई आय का विकल्प है जिसमें आय 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की चक्रवृद्धि दर से बढ़ती है, जिससे ग्राहकों को मुद्रास्फीति का प्रबंधन करने में मदद मिलती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य उत्पाद और वितरण अधिकारी श्री अमित पल्टा ने कहा कि हम अपने ग्राहकों की बढ़ती जएमरतों को पूरा करने के लिए नवाचार की अपनी विरासत का निर्माण जारी रखते हैं और आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सेलेक्ट हमारे उत्पाद पोर्टफोलियो में नवीनतम जोड़ है। यह अनूठा उत्पाद हमारे ग्राहकों को गारंटीकृत आय का लाभ प्राप्त करने की अनुमति देता है जिसे वे अपने जीवन लक्ष्यों और नकदी प्रवाह आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित कर सकते हैं। हम मानते हैं कि एक गतिशील व्यापक आर्थिक माहौल में, बाजार में उतार-चढ़ाव के दौर हो सकते हैं जैसा कि हमने पिछले कुछ महीनों में देखा है। ऐसी स्थितियों में, हमने देखा है कि ग्राहक ऐसे उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं जो धन संरक्षण सुनिश्चित करते हुए गारंटीकृत रिटर्न प्रदान करते हैं। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सेलेक्ट ग्राहकों को बाजार में उतार-चढ़ाव से अपनी वित्तीय बचत को बचाने और अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। उत्पाद की बढ़ती आय विशेषता ग्राहकों को मुद्रास्फीति के डर को प्रभावी ढंग से दूर करने में सक्षम बना सकती है। अपने ग्राहकों से किए गए वादों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता 9एम-वित्त वर्ष 2025 में 99.3 प्रतिशत के हमारे उद्योग-अग्रणी दावा निपटान अनुपात में परिलक्षित होती है, जिसमें औसत दावा निपटान समय (गैर-जांच) केवल 1.2 दिन है।

## अग्रवाल महिला समिति, नगांव का *होली रो धमाल* कार्यक्रम का आयोजन

**नगांव ( निसं )।** अग्रवाल महिला समिति, नगांव के तत्वावधान में व अग्रवाल सभा और अग्रवाल युवक परिषद, नगांव के सहयोग से होली के उपलक्ष्य में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम *होली रा धमाल* का भव्य आयोजन शुक्रवार, को नगांव सांस्कृतिक प्रकल्प में किया गया इस कार्यक्रम में राजस्थान के सुप्रसिद्ध कलाकार *सुरीलों राजस्थान* ग्रुप के साथ गुवाहाटी के सुभाष पारीक व मोनिका वर्मा पारंपरिक राजस्थानी गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सांवरमल खेतावत द्वारा, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पवन गाड़ोदिया, सचिव ओमप्रकाश जाजोदिया एवं संयुक्त सचिव सुनील आलमपुरिया के सहयोग से दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पहल खाटुवाला द्वारा श्रीगणेश वंदना मनमोहक नृत्य से की गई। मंच संचालन संगीता पोद्दार और विनीता खाटुवाला ने बारी बारी से किया। नगांव-बटद्रवा क्षेत्र के विधायक रूपक शर्मा एवं नगांव नगर पालिकाध्यक्ष अंबिका मजुमदार व पार्षद हेमा झंवर भी कार्यक्रम मे उपस्थित थी। सभी अतिथियो का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अपने भाषण मे विधायक रूपक शर्मा ने अग्रवाल महिला समिति के उक्त कार्यक्रम की सरहाना करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम मे उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार अजित माहेश्वरी, युवा पत्रकार पूजा



माहेश्वरी, विकास शर्मा व डिंपल शर्मा का भी दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। आमंत्रित कलाकारों में सुभाष पारीक, सेतु राणा और गायिका मोनिका वर्मा के साथ सुरीलों राजस्थान की टोली में संगीतकार सूरज, राहुल, दीपक, इलियास फोगा व इस्माइल शामिल थे। वहीं, महिला नृत्यांगना प्रिया पुष्कर और सुमन सपेरा ने नृत्य प्रस्तुत किए सभी कलाकारों दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में अग्रवाल महिला समिति की सदस्याओं मे संगीता पोद्दार, विनीता खाटुवाला, मनीषा भजनका, स्वेता सोभासरिया, निमिषा अग्रवाल, मुस्कान जाजोदिया, निशा किल्ला, गायत्री बगड़िया, पूनम लोहिया, मीना ढाणीवाल, ऊषा अग्रवाल, जीता रातुसरिया एवं निर्मला अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही अग्रवाल युवक परिषद के विनीत मोर, सारंग खाटुवाला व बंकट जोगाणी ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बाक्सा जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का सफलतापूर्वक संपन्न

**विकसित भारत समाचार**

**बाक्सा।** बाक्सा जिले में जिला समाज कल्याण कार्यालय (डीएसडब्ल्यूओ), बाक्सा के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्प केंद्र ने टिहू-बार्मा आईसीडीएस के अंतर्गत सामुदायिक भवन, मेदाघाट में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के माननीय राष्ट्रपति की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्तर के महिला दिवस समारोह की लाइव स्क्रीनिंग के साथ हुई, जिसके बाद दीप प्रज्ज्वलन और असम के जातीय संगीत की प्रस्तुति हुई। डीएसडब्ल्यूओ, बाक्सा ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम के उद्देश्यों को साझा किया। गतिविधियों के हिस्से के रूप में, बाक्सा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) पहल के तहत किशोर लड़कियों ने सुरक्षा और सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक आत्मरक्षा प्रदर्शन प्रस्तुत किया। स्वास्थ्य विभाग, बाक्सा ने पोषण की कमी पर एक सत्र आयोजित किया, जिसमें स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाई गई। आंगनबाड़ी



कार्यकर्ताओं (एडब्ल्यूडब्ल्यू) और उनकी टीम द्वारा बीबीबीपी पर एक नुक्कड़ नाटक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें लैंगिक समानता और शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी),डीएलएसए के प्रतिनिधियों और अन्य अधिकारियों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने बाल विवाह अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, दहेज निवारण अधिनियम, यौन उत्पीड़न निवारण (पीओएसएच) अधिनियम, और नशीली दवाओं के दुरुपयोग, मादक पदार्थों की लत और इसके सामाजिक प्रभाव पर जागरूकता को कवर करते हुए महत्वपूर्ण कानूनी और सामाजिक मुद्दों पर व्यावहारिक भाषण दिए। थाना स्तरीय नागरिक समिति, बरमा ने भी सभा को संबोधित किया, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण में सामुदायिक भागीदारी पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में युवा लड़कियों द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य प्रदर्शन शामिल थे, जिसने उत्सव में जीवंतता ला दी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बाक्सा की महिला खेल हस्तियों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सुअर पालन, एरी पालन और बुनाई सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिला उद्यमियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं (एडब्ल्यूडब्लयूएस), स्वयं सहायता समूह (एचएचजी) के सदस्यों, छात्रों, किशोरियों, स्थानीय समुदाय के सदस्यों और लड़कों सहित 450 से अधिक प्रतिभागियों के साथ, इस कार्यक्रम को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। डीएसपी, डॉक्टर, शिक्षक, सीडीपीओ, डब्ल्यूसीडी विभाग के अधिकारी और खेल प्रशिक्षकों जैसे गणमान्य लोगों ने इस अवसर पर महिलाओं के अधिकारों और सामुदायिक प्रगति पर चर्चा को बढ़ावा दिया। समारोह का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने प्रतिभागियों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा। ऐसी पहलों के माध्यम से, महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्प हब, बक्सा, लैंगिक समानता, महिला अधिकारों और सामुदायिक जागरूकता की दिशा में काम करना जारी रखता है।

# दिल्ली के विधायकों के लिए विधानसभा क्षेत्रों में कार्यालय आवंटन की प्रक्रिया शुरू



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को नवनिर्वाचित विधायकों के लिए उनके विधानसभा क्षेत्रों में कार्यालय आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं। यह निर्णय विधायकों को अपने क्षेत्र की जनता के साथ संपर्क स्थापित करने और प्रभावी जनसेवा सुनिश्चित करने में सहायक होगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान प्रोटोकॉल के अनुसार पूर्व विधायकों को आवंटित कार्यालय वापस ले लिए गए थे। अब नए विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद उनके विधायी और क्षेत्रीय कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए, नए कार्यालयों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विधानसभा सचिवालय ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे विधायकों की आवश्यकताओं और अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए कार्यालय आवंटन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नवनिर्वाचित विधायक बिना किसी बाधा के अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुन सकें और उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठा सकें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रभावी तरीके से जनता की सेवा करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र कार्यालय विधायकों और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए, हमने यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं कि विधायकों को सही समय पर कार्यालय उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने आगे कहा कि यह पहल सुशासन को मजबूत करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विधानसभा क्षेत्र कार्यालयों के माध्यम से विधायक अपने क्षेत्र के नागरिकों से सीधे संवाद कर सकेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उचित कदम उठा सकेंगे। यह निर्णय दिल्ली की लोकतांत्रिक प्रणाली को अधिक प्रभावी और उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिए आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करने के साथ-साथ शासन व्यवस्था को भी अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाएगी। दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने यह सुनिश्चित किया है कि कार्यालय आवंटन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि विधायक अपने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कर सकें। यह पहल जनता और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहायक होगी।

# दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने महिला बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई

**–आत्मनिर्भरता और प्रगति की दिशा में मजबूत कदम ऐसे आयोजन : रेखा गुप्ता**

अजय त्यागी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कनॉट प्लेस में महिला बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपराज्यपाल के साथ महिला बाइक रैली में शामिल होकर राजधानी की जिंदादिली, ऊर्जा और आत्मविश्वास को करीब से महसूस किया। ऐसे उत्साहपूर्ण आयोजन न सिर्फ उमंग और सकारात्मकता को बढ़ाते हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता और प्रगति की दिशा में भी मजबूत कदम साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि ह्यशक्ति से समृद्धिह्ण यह बाइक रैली का आयोजन हुआ है। यह दिल्ली की सभी महिलाओं के लिए गर्व की बात है। एक हादसे ने जो डर दिल्ली की बेटियों के मन में बैठाया था, उस डर के आगे जीत का अहसास दिलाने के लिए आज इस बाइक रैली का आयोजन हो रहा है। मेरी कामना है कि सभी महिलाएं इसमें शामिल हों और अपने हौसले को नई उड़ान दें। इसके अलावा मुख्यमंत्री रविवार को धार्मिक रामलीला कमेटी की ओर से लोधी गार्डन में आयोजित होली मंगल मिलन समारोह में शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। होली का उत्सव एकता और भाईचारे का संदेश देता है। आइए, इन रंगों के साथ मिलकर खुशियां बांटें और प्रेम का यह सिलसिला यूं ही बना रहे।

# श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय में लगी स्मार्ट सॉल्यूशंस प्रदर्शनी

**जम्मू, (हि.स.)।** श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय ने स्मार्ट सॉल्यूशंस प्रदर्शनी 2025 की सफलतापूर्वक मेजबानी की जो एक शानदार कार्यक्रम था जिसमें पूरे क्षेत्र के युवा इनोवेटर्स, रचनात्मक विचारकों और समस्या-समाधानकर्ताओं को एक साथ लाया गया। प्रदर्शनी का आयोजन श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के व्यावसायिक गतिविधियों के बोर्ड द्वारा वार्षिक महोत्सव के हिस्से के रूप में किया गया। प्रदर्शनी ने छात्रों को प्रौद्योगिकी और रचनात्मकता के माध्यम से वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से ग्राउंड ब्रेकिंग विचारों कार्यशील मॉडल और शोध-संचालित परियोजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक जीवंत मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रगति कुमार ने किया जिसमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग स्कूल के प्रमुख डॉ. यशेष्ठ आनंद भी मौजूद थे। श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और प्रदर्शित प्रत्येक परियोजना में गहरी दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों के साथ बातचीत की, व्यावहारिक प्रश्न पूछे और उनके अभिनव दृष्टिकोण की सराहना की जिससे प्रतिभागियों के लिए अनुभव और भी समृद्ध हो गया। बीपीए के अध्यक्ष डॉ अंकुश रैना ने भागीदारी और विचारों के आदान-प्रदान पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की और जोर देकर कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल नवीनतम तकनीकी विकास की अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं बल्कि भविष्य के सहयोग और साझेदारी के लिए दरवाजे भी खोलते हैं। एमआईईटी जम्मू, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर विमेन परेड, खालसा कॉलेज अमृतसर, जीसीईटी जम्मू, एसएमवीडीयू सहित अन्य की 20 से अधिक टीमों ने प्रदर्शनी में भाग लिया। प्रदर्शनी में कार्यशील मॉडल, दूरदर्शी अनुसंधान और विचारोत्तेजक प्रस्तुतियों की एक प्रभावशाली श्रृंखला प्रदर्शित की गई। प्रतिभागियों का उत्साह और समर्पण वास्तव में उल्लेखनीय था जिससे निर्णायकों के लिए विजेताओं का चयन करना कठिन चुनौती बन गया। जीसीईटी, जम्मू के यंग माइंड्स ने अपने उत्कृष्ट नवाचार के लिए मॉडल डिस्प्ले श्रेणी में पहला पुरस्कार जीता इसके बाद खालसा कॉलेज विचार/प्रस्तुति श्रेणी में जीसीडब्ल्यू परेड के द क्लीन कोड ने निर्णायकों को प्रभावित किया और प्रथम स्थान हासिल किया जबकि एसएमवीडीयू के श्रीजना और जीसीडब्ल्यू परेड के हाइड्रोपोनिक कर्टेन ने क्रमश दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

# प्रधानमंत्री ने एम्स जाकर उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य की जानकारी ली



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली। उपराष्ट्रपति को कल रात 2:00 बजे सीने में दर्द और घबराहट के चलते एम्स में भर्ती कराया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि वह उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए आज एम्स गए। धनकड़ का कार्डियोलॉजी विभाग में क्रिटिकल केयर यूनिट में इलाज चल रहा है।

# कैलिफोर्निया के हिंदू मंदिर पर हमले की कड़ी निंदा, विदेश मंत्रालय ने कहा- मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स स्थित हिंदू मंदिर पर हमले की कड़ी निंदा करते हुए स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। रविवार सुबह कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर हमलावरों ने आपत्तिजनक नारे लिखे और तोड़फोड़ की। इस घटना पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा, "हमने कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स के एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की खबरें देखी हैं। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं।"

# अमेरिका के हिन्दू मंदिर में लिखे गए नफरत भरे नारे, भारत ने की निंदा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत ने अमेरिका के कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को क्षति पहुंचाने और नफरत फैलाने वाले नारे लिखे जाने की निंदा करते हुए इसके पीछे जिम्मेदार तत्वों के के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में बर्बरता के बारे में रिपोर्ट देखी है। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की सबसे मजबूत शर्तों की निंदा करते हैं। हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ाई से कार्रवाई करने के लिए कहते हैं, और पूजा स्थलों के लिए पर्याप्त सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चिनो हिल्स के बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के मंदिर को नुकसान पहुंचाया गया और ह्यहिंदुओं वापस जाओह्ण जैसे नारे लिखे गए।

# पानीपत में आदेशों के बावजूद खुली मार्केट, प्रशासन ने कराई बंद



**पानीपत, (हि.स.)।** पानीपत नगर निगम चुनाव के लिए सुबह आठ बजे शुरू हुई वोटिंग शाम छह बजे तक चलेगी। दोपहर एक बजे तक 15.4% मतदान हो चुका है। वहीं उपयुक्त वीरेंद्र दहिया के रोक के आदेशों के बावजूद इंसार और चौड़ा बाजार समेत कई मार्केट खुली रहीं। इन्हें बंद करवाने के लिए पुलिस को उतरना पड़ा। बाजार खुले होने की सूचना के बाद पुलिस की टीम इंसार बाजार में पहुंची। पुलिस ने खुली दुकानें बंद करने के लिए कहा और दुकानों के शटर गिरवाए। बीजेपी मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी ने परिवार के साथ वोट डाला। उन्होंने कहा कि पानीपत में लोगों में वोटिंग को लेकर उत्साह है। यहां वोटिंग की प्रतिशत रिकॉर्ड तोड़ेगा। वोटिंग के बाद लोग इन लम्हों को यादगार बनाने के लिए सेल्फी लेते दिखे। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह दहिया और एसपी लोकेंद्र सिंह ने सौंधापुर गांव में पोलिंग स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहीं पर सुबह ईवीएम खराब होने के चलते वोट डालने में 2 घंटे की देरी हुई। भाजपा की मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी ने कहा कि सुबह से मतदान करने वालों की लाइन लगी है। शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। धीरे-धीरे वोटों का प्रतिशत बढ़ रहा है। मुझे पूरा विश्वास से ही पानीपत में मेयर चुनाव में वोट प्रतिशत अन्य निगमों की तुलना में ज्यादा रहेगा। बुजुर्गों की वोटिंग के लिए अलग से लाइन लगवाई गई है। जिन महिलाओं को ज्यादा देर खड़े रहने में दिक्कत है, उनके लिए भी अलग से लाइन की व्यवस्था की गई है। लोगों में मतदान को लेकर उत्साह नजर आ रहा है।

# बंगाल विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से, सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष



**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र कुछ मुद्दों को लेकर हंगामेदार रहने की संभावना है। खासकर जादवपुर विश्वविद्यालय विवाद को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है। दरअसल, एक मार्च को कोलकाता स्थित जादवपुर विश्वविद्यालय में हुई हिंसा के दौरान दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आरोप है कि पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु की गाड़ी ने जान-बूझकर इन छात्रों को टक्कर मारी थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक मंत्री से विधानसभा में जवाब मांगने की योजना बना रहे हैं। विधानसभा में बीजेपी के मुख्य सचेतक शंकर घोष इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की रणनीति बना रहे हैं। हालांकि, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और तीन अन्य बीजेपी विधायक सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हो पाएंगे। उन्हें पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान एक महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। बजट सत्र के दूसरे चरण में राज्य सरकार के कुछ ही विभागों के बजटीय आवंटन पर चर्चा होगी, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, श्रम, पंचायती कार्य, ग्रामीण विकास, नगर निकाय और शहरी विकास विभाग शामिल हैं। लेकिन गृह विभाग जैसे अहम विभाग के बजट पर चर्चा नहीं होगी, जिसे लेकर विपक्ष ने राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं। बीजेपी का आरोप है कि सरकार ने जानबूझकर गृह विभाग को चर्चा से बाहर रखा है, क्योंकि इससे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को असहज करने वाले कई सवालों का सामना करना पड़ता। गृह विभाग मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास ही है, ऐसे में विपक्ष इसे बड़ा मुद्दा बना सकता था। सत्र के दौरान जिन विभागों पर चर्चा नहीं होगी, उनके बजट को 'गिलोटिन' प्रक्रिया के तहत बिना बहस के ही पारित कर दिया जाएगा। विपक्ष का कहना है कि सरकार इस प्रक्रिया के जरिए गृह विभाग से जुड़े अहम सवालों से बचना चाहती है। बजट सत्र का यह दूसरा चरण 19 मार्च तक चलेगा।

# असली मुद्दों से बहकाने की राजनीति से सावधान रहना जरूरी : राज ठाकरे

**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने रविवार को पुणे में कहा कि लोगों को असली मुद्दों से बहकाने की राजनीति से सावधान रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर नफरत भड़काने की कोशिशें चल रही हैं। महाराष्ट्र में राजनीति गड़बड़ा गई है। वोट पाने के लिए एक दूसरे के सिर फोड़े जा रहे हैं। राज ठाकरे रविवार को पुणे के पिंपरी चिंचवड़ में मनसे के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजनीतिक स्तर गिरने पर चिंता जताते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर हर दिन आग लगाने का प्रयास किया जा रहा है। उन मुद्दों को महत्व दिया जा रहा है, जिसका आम व्यक्ति के विकास से कोई लेना देना नहीं है। वोट पाने के लिए आपके सिर फोड़े जा रहे हैं। आग लगाई जा रही है, लेकिन हमारे लोग इसे नहीं समझते। उन्होंने कहा कि सिर्फ वोट के लिए जनता को गुमराह करने के लिए जातिगत मुद्दे उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से आपका गुस्सा भड़काया जा रहा है। राज ठाकरे ने पार्टी पदाधिकारियों को खुद के काम पर ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी कहा कि जिन पदाधिकारियों का आउटपुट अच्छा नहीं रहेगा, उन्हें घर का रास्ता दिखा दिया जाएगा।

# भारतीय सेना की टुकड़ी 'खंजर' अभ्यास में हिस्सा लेने किर्गिस्तान रवाना




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय सेना की टुकड़ी संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर' में शामिल होने के लिए रविवार को किर्गिस्तान के लिए रवाना हुई है। अभ्यास खंजर का 12वां संस्करण 10 मार्च से 23 मार्च तक किर्गिस्तान में होगा। इस अभ्यास की शुरूआत 2011 में हुई थी। भारत और किर्गिस्तान के बीच हर साल होने वाला यह अभ्यास दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों के अनूठे आयाम को दशार्ता है। पिछला अभ्यास जनवरी 2024 में भारत में किया गया था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक तथा किर्गिजस्तान दल का प्रतिनिधित्व किर्गिज स्कॉर्पियन ब्रिगेड करेगी। इस अभ्यास का उद्देश्य शहरी और पहाड़ी क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी और विशेष बलों के अभियानों में अनुभवों और सर्वोत्तम तरीकों का आदान-प्रदान करना है। इस अभ्यास में स्नाइपिंग, कठिन बिल्डिंग इंटरवेंशन और माउंटेन क्राफ्ट के उन्नत विशेष बल कौशल विकसित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कठोर प्रशिक्षण के अलावा इस अभ्यास में जीवंत सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी शामिल होगा। इसमें किर्गिज त्यौहार नौरोज का उत्सव मनाना भी शामिल है। यह आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच मित्रता के बंधन को और मजबूत करेगा। यह अभ्यास दोनों पक्षों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और उग्रवाद की साझा चिंताओं का समाधान करते हुए रक्षा संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा। यह अभ्यास क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के भारत और किर्गिस्तान की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# मिट्टी को आकार देने वाला प्रजापति समाज युवाओं के भविष्य को भी आकार दे : मुख्यमंत्री

**–समस्त प्रजापति समाज गुजरात ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का किया सम्मान**



**गांधीनगर (अहमदाबाद), (हि.स.)।** समस्त प्रजापति समाज गुजरात की ओर से रविवार को गांधीनगर जिले के शेरथा गांव के ईपा फार्म में आयोजित सम्मेलन में प्रजापति समाज के लिए सामाजिक और शैक्षणिक परिसर बनाने को जमीन का आवंटन करने पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि मिट्टी को आकार देने वाला प्रजापति समाज युवाओं के भविष्य को भी आकार दे तो समाज और अधिक उन्नति कर सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रजापति समाज मिट्टी को आकार देकर उसका मूल्य वर्धन करने वाला समाज है। जो समाज मिट्टी को आकार देकर उसका मूल्य बढ़ा सकता है, यदि वह समाज हमारे समाज के युवाओं के भविष्य को आकार देगा, तो समाज कितनी अधिक उन्नति कर सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम सभी साथ मिलकर कार्य करेंगे और समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज ने आने वाली पीढ़ी के समयानुकूल निर्माण के लिए सामाजिक शैक्षणिक परिसर के निर्माण का जो संकल्प किया है, वह पूरे प्रजापति समाज के विकास को एक नई दिशा देगा। मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि यदि समाज को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के मन में सहयोग की भावना हो और इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएं, तो निश्चित ही बेहतर परिणाम मिलते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प और जनभागीदारी से समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक समाज को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन की अनेक योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री का कहना है कि यदि शिक्षा सहित विकास के किसी भी क्षेत्र में जब सरकार के साथ समाज भी ऐसे सत्कार्यों में जुड़ता है, तो उस राज्य और देश के विकास की गति दोगुनी हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रजापति समाज ने शेरथा में सामाजिक और शैक्षणिक उत्कर्ष के लिए परिसर निर्माण का संकल्प कर प्रधानमंत्री की इस बात को साकार किया है। प्रधानमंत्री ने कन्या शिक्षा और डेमोग्राफी डिविडेंड समान युवा शक्ति को उच्च शिक्षा के अवसर और शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि सभी के मन में राष्ट्र के लिए कुछ करने का भाव होता है, इसके लिए प्रधानमंत्री ने तीन चीजों पर बल दिया है, जिसके लिए किसी प्रकार का धन लगाने की आवश्यकता नहीं है। यदि हम यह देखने जाएंगे कि किसने क्या किया है, तो हम आगे नहीं बढ़ सकते। हमें क्या करना है, इस विचार के साथ उन्होंने स्वच्छता की आदत को अपनाने पर जोर दिया।

उन्होंने पूरी दुनिया पर मंडरा रहे ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निपटने के ग्रीन कवर यानी हरित आवरण को बढ़ाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि हम जितना अधिक हरित आवरण बढ़ाएंगे, उतनी तेजी से इस खतरे से बाहर निकल पाएंगे। प्रधानमंत्री ने इसके लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के रूप में एक बहुत ही अच्छा संकल्प दिया है। आपके आसपास, जहां कहीं भी अनुकूल स्थान मिले, वहां हम अपनी माता के नाम पर एक पौधा लगा सकते है। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित सभी लोग पानी के मूल्य से तो वाकिफ है, लेकिन अपने दैनिक जीवन में कहीं न कहीं हम इसकी उपेक्षा कर देते हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया है कि कैसे हम बारिश की हर बूंद का संचयन कर सकते हैं। हमें इन तीन चीजों को अपने रोजाना के जीवन में शामिल करना है। यह सही है कि हममे से सभी बारिश के पानी को संरक्षित करने का काम नहीं कर सकते, लेकिन यदि हम पानी का अनावश्यक अपव्यय न करते हुए और कम पानी का उपयोग कर पानी की बबार्दी को रोक पाएं, तो यह भी बहुत बड़ी बात है। पानी की बबार्दी को रोकना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने समाज के प्रति गर्व होता है। समाज के उत्थान के लिए किए जाने वाले सभी कार्यों में सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के ह्यविकसित भारतह्ण के संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित गुजरात से विकसित भारत के ध्येय के साथ हम सभी साथ मिलकर आगे बढ़ें। उन्होंने प्रजापति समाज के सभी लोगों से विकसित भारत के संकल्प में सहर्ष जुड़ने का अनुरोध भी किया।

## माता अहिल्याबाई होलकर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : सुनील तिवारी

**हिसार ( हिंस )।** माता अहिल्याबाई होलकर जिला समिति के तत्वावधान में एचएयू में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें माता अहिल्याबाई होलकर त्रिशती समिति के सह जिला संयोजक सुनील तिवारी ने माता अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एचएयू निवासियों के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिन्होंने माता अहिल्याबाई होलकर के जीवन के विषय में जाना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सह जिला संयोजक सुनील तिवारी ने रविवार को कहा कि हमें समाज सुधार की दिशा में माता अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को कभी भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनके समाज सुधारों पर चर्चा करते हुए उपस्थितजनों से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# वन नेशन-वन इलेक्शन समय की मांग, देश को व्यापक स्तर पर लाभ : केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम



**बीकानेर ( हिंस )।** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने रविवार को बीकानेर दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि *वन नेशन-वन इलेक्शन* समय की मांग है और इससे देश को व्यापक स्तर पर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से चुनावी खर्च में कटौती होगी, प्रशासनिक संसाधनों की बचत होगी और नीति-निर्माण में स्थिरता आएगी। राजस्थान सरकार द्वारा कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण के प्रस्ताव को मेघवाल ने सही दिशा में उठाया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे कोचिंग क्षेत्र में सुधार होगा और छात्रों को बेहतर वातावरण मिलेगा। गुजरात में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मेघवाल ने कहा कि राहुल गांधी को अब कोई गंभीरता से नहीं लेता। वे खुद अपनी पार्टी के नेताओं पर सवाल उठा रहे हैं। गुजरात विधानसभा चुनावों को लेकर उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता खुद अपनी पार्टी पर भाजपा से मिलीभगत के आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि अब राहुल गांधी की बातों को कोई गंभीरता से नहीं लेता।

## महिलाओं ने भजन और नृत्य प्रस्तुत कर अनूठी छटा बिखेरी भक्ति रस की




**जयपुर ( हिंस )।** सामाजिक समरसता गतिविधि जयपुर के अंतर्गत श्री हनुमान भक्त मंडल, मानसरोवर के तत्वावधान में रविवार को महिला दिवस एवं होली के पावन अवसर पर मातेश्वरी महादेव मंदिर, मानसरोवर में भव्य महिला भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक अजय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में मानसरोवर और पटेल नगर की कुल 17 भजन मंडलियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने भजन और नृत्य प्रस्तुत कर भक्ति रस की अनूठी छटा बिखेरी। इस अवसर पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य सतीश ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि मधुलता और कुसुमलता मुख्य अतिथि रहीं। मधुलता ने अपने संबोधन में पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं से हिंदू धर्म एवं संस्कृति के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने समसामयिक विषयों पर भी विचार व्यक्त किए। महानगर समरसता संयोजक महेश भारद्वाज, महानगर कार्यवाह दुर्गेश, भाग प्रचारक सचिन, नगर संघ संचालक शिव कुमार सहित अन्य गणमान्य कार्यकर्ता इस आयोजन में उपस्थित रहे। भक्ति, समरसता और संस्कृति के इस अनूठे आयोजन ने न केवल महिलाओं की सहभागिता को प्रोत्साहित किया बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का भी संदेश दिया।

## परस्पर सद्भाव ही समता से जुड़ी हमारी संस्कृति : राज्यपाल




**जयपुर ( हिंस )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि परस्पर सद्भाव ही समता से जुड़ी हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति व्यक्ति में भेद नहीं हो। छुआछूत नहीं हो। मनों का मेल हो। जहां कोई छोटा या बड़ा नहीं होता वहीं समता भाव होता है। उन्होंने संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ. बी.आर अंबेडकर द्वारा *मैं पहले भारतीय हूं और अंतिम रूप में भारतीय रहूंगा।* की चर्चा करते हुए इस संदेश को सभी को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने संविधान निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों को याद करते हुए, प्राचीन भारतीय ज्ञान- परंपरा का उल्लेख करते हुए और भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य करने पर जोर दिया। बागडे संविधान निर्माण के 75 साल पूर्ण होने के अवसर पर कोरो इंडिया द्वारा आयोजित *समता महोत्सव 2025* में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सामाजिक न्याय, समता, बंधुता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि भारत का अर्थ ही है-ज्ञान और दर्शन की वह महान परंपरा जिसने सारे विश्व को *वसुधैव कुटुम्बकम* के सूत्र के साथ अपना परिवार मानने का संदेश दिया है। उन्होंने संविधान निर्माण के 75 वर्षों में देश में हुए विकास की चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी सामाजिक समता और संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए आगे बढें।

# 71 टीम में शामिल 334 पुलिसकर्मियों ने दी दबिश, एक दिन में पकड़े 112 वांछित बदमाश



**चित्तौड़गढ़ ( हिंस )।** जिले में पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़, गिरफ्तारी व एरिया डोमिनेंश के लिए रविवार को विशेष अभियान चलाया। इसमें जिले के समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की 71 विशेष टीम ने विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर 112 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़, गिरफ्तारी एवं एरिया डोमिनेंस के लिए मुख्यालय के निर्देश पर विशेष अभियान रविवार को संपूर्ण जिले में चलाया गया। इसमें वृत्त एवं थाने के अनुसार वांछित आरोपियों की सूची तैयार की। इनकी धरपकड़ के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। जिले के सभी पुलिस उप अधीक्षक से वांछित अपराधियों की सूची एवं दबिश टीम तथा दबिश स्थान चिन्हित कर उन्हे अंतिम रूप दिया गया। आपस में समन्वय स्थापित करते हुए धरपकड़ कार्यवाही की गई। जिले के शहर चित्तौड़गढ़, ग्रामीण चित्तौड़गढ़, गंगरार, कपासन, बेगूं, रावतभाटा, बड़ीसादड़ी, निम्बाहेड़ा व भदेसर वृत्त के समस्त डिप्टी एवं थानाधिकारियों के नेतृत्व में कुल 71 विशेष टीमें गठित की गई। इसमें समस्त थाना, पुलिस लाइन के जाब्ता व कार्यालयों के पुलिस कर्मियों को एकत्रित किया गया। इसमें 334 पुलिसकर्मियों द्वारा जिले के 244 संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। यहां से विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी, उदघोषित अपराधी, धारा 299 सीआरपीसी में वांछित, विभिन्न प्रकरणों में वांछित एवं अन्य अधिनियमों सहित कुल 112 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें विभिन्न प्रकरणों के अपराध में वांछित 10 अपराधी, 74 स्थाई वारंटी, मफरूरी में वांछित, गिरफ्तारी वारंटी सहित कुल 112 अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें सबसे अधिक कपासन वृत्त में 21 अपराधियों को दबोचा गया।

## पानीपत में आदेशों के बावजूद खुली मार्केट प्रशासन ने कराई बंद

**पानीपत ( हिंस )।** पानीपत नगर निगम चुनाव के लिए सुबह आठ बजे शुरू हुई वोटिंग शाम छह बजे तक चलेगी। दोपहर एक बजे तक 15.4 प्रतिशत मतदान हो चुका है। वहीं उपयुक्त वीरेंद्र दहिया के रोक के आदेशों के बावजूद इंसार और चौड़ा बाजार समेत कई मार्केट खुली रहीं। इन्हें बंद करवाने के लिए पुलिस को उतरना पड़ा। बाजार खुले होने की सूचना के बाद पुलिस की टीम इंसार बाजार में पहुंची। पुलिस ने खुली दुकानें बंद करने के लिए कहा और दुकानों के शटर गिरवाए। बीजेपी मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी ने परिवार के साथ वोट डाला। उन्होंने कहा कि पानीपत में लोगों में वोटिंग को लेकर उत्साह है। यहां वोटिंग की प्रतिशत रिकॉर्ड तोड़ेगा। वोटिंग के बाद लोग इन लम्हों को यादगार बनाने के लिए सेल्फी लेते दिखे। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह दहिया और एसपी लोकेंद्र सिंह ने सौंधापुर गांव में पोलिंग स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहीं पर सुबह ईवीएम खराब होने के चलते वोट डालने में 2 घंटे की देरी हुई। भाजपा की मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी ने कहा कि सुबह से मतदान करने वालों की लाइन लगी है। शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। धीरे-धीरे वोटों का प्रतिशत बढ़ रहा है। मुझे पूरा विश्वास से ही पानीपत में मेयर चुनाव में वोट प्रतिशत अन्य निगमों की तुलना में ज्यादा रहेगा।

## धर्मांतरण की सूचना पर मकान में छापा मारकर ईसाई धर्म गुरु समेत 40 पकड़े

**अमेठी ( हिंस )।** जिले में पैंसों का लालच देकर लोगों का धर्म परिवर्तन कराने की सूचना पर जगदीशपुर कोतवाली पुलिस ने इलाके में बने एक मकान में छापा मारा। पुलिस ने मकान से ईसाई धर्म गुरु समेत 40 लोगों को हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जामो रोड स्थित पालपुर में अब्दुल कादिर के मकान में पिछले काफी दिनों से धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। रविवार को भी लोग मकान में इकट्ठा हुए थे। इस जानकारी पर पुलिस ने छापा मारा। मौके से ईसाई धर्म गुरु समेत 40 लोगों को पकड़ा गया है। कोतवाल के मुताबिक एक महिला ने पुलिस को बताया कि रुपए का प्रलोभन देकर सभी लोगों को प्रार्थना सभा के नाम पर यहां बुलाया जाता था। यक काम कई वर्षों से मकान में चल रहा था।

# मुख्यमंत्री सैनी ने पद्मश्री संतराम देशवाल और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर को किया सम्मानित



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से रविवार को उनके निवास संत कबीर कुटीर पर पद्मश्री से सम्मानित साहित्यकार डॉ. संतराम देशवाल और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर ने सपरिवार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ. संतराम देशवाल और हरविंदर को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और पद्मश्री सम्मान प्राप्त करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने भी पद्मश्री सम्मान के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि डॉ. संतराम देशवाल हरियाणवी लोक साहित्य के साथ-साथ हिन्दी साहित्य के भी प्रतिष्ठित विद्वान हैं। उनकी पहचान हरियाणा की लोक भाषा, लोक संस्कृति एवं लोक साहित्य के संरक्षक के रूप में प्रतिष्ठापित हो चुकी है। उनका जीवन और कृतित्व हरियाणवी लोक संस्कृति, लोक साहित्य, हिंदी साहित्य, शिक्षा, पत्रकारिता, संपादन, शोध कार्य, शोध-निर्देशन और समाज-सेवा के प्रति समर्पित रहा है। हरविंदर सिंह पैरा-तीरंदाज हैं। वे पहले भारतीय पैरा तीरंदाज बने, जिन्होंने पैरालिंपिक और एशियाई पैरा खेलों में भारत के लिए ऐतिहासिक पदक जीते। इन्हें पैरा-तीरंदाजी के खेल में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 2021 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हरियाणा सरकार द्वारा 2022 में भीम पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

## समारोह आयोजित कर शिक्षकों को दिए गए नियुक्ति पत्र



**भागलपुर ( हिंस )।** जिला प्रशासन की ओर से रविवार को टाउन हॉल में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 8 सौ से जायदा नवनियुक्त शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र मिलते ही नव नियुक्त शिक्षकों के चेहरे खिल उठे और सभी नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षकों ने बिहार सरकार को धन्यवाद दिया। टाउन हॉल में प्रारंभिक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यालय अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डीडीसी प्रदीप कुमार सिंह, महापौर डॉक्टर वसुंधरा लाल के हाथों तृतीय चरण का नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। वहीं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान भाजपा के बिहपुर विधायक इंजीनियर शैलेंद्र, एमएलसी डॉक्टर एनके यादव, जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन यादव सहित जिले के अन्य पदाधिकारी के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

# श्री काशी विश्वनाथ धाम में पूरे उल्लास के साथ निभाई गई हल्दी की रस्म



**वाराणसी ( हिंस )।** श्री काशी विश्वनाथ के गौना उत्सव ( रंगभरी एकादशी ) की पूर्व संध्या पर रविवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में हल्दी की पारंपरिक रस्म पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ हुई। इस अवसर पर धाम में भक्ति, उल्लास और आस्था का अद्वितीय संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और भक्तिमय माहौल ने काशी की गलियों को मंगलमय कर दिया। दरबार में उत्सव की शुरुआत प्रात:काल मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मस्थल से बाबा विश्वनाथ के लिए भेजी गई हर्बल अबीर-गुलाल और अन्य उपहार सामग्री के आगमन से हुई। साथ ही, सोनभद्र से आए वनवासी समाज के भक्तों द्वारा भेंट किए गए राजकीय फूल पलाश से निर्मित हर्बल गुलाल को भी बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह में अर्पित किया गया। इस पवित्र अनुष्ठान का नेतृत्व मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र और डिप्टी कलेक्टर शम्भु शरण ने किया। उन्होंने विधि-विधानपूर्वक श्री विश्वेश्वर का पूजन कर हर्बल गुलाल चढ़ाया, जिससे गर्भगृह का वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। पूजन के उपरांत बाबा विश्वनाथ की चल रजत प्रतिमा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जो मंदिर चौक से होकर गुजरी। इस आलौकिक दृश्य ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। हजारों भक्तों ने इस आध्यात्मिक यात्रा में भाग लेकर बाबा विश्वनाथ और मां गौरा की प्रतिमा पर हल्दी अर्पित की। हल्दी की इस परंपरा को सौभाग्य, मंगलकामना और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इस महोत्सव में मथुरा से आए भक्तगण, श्री कृष्ण जन्मस्थली से उपहार लेकर आए श्रद्धालु, इतिहासकार एवं लेखक विक्रम सम्पत और वनवासी समाज के भक्तों ने विशेष रूप से सहभागिता की। उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के संगम ने काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। मंदिर न्यास के अनुसार, यह आयोजन न केवल काशी विश्वनाथ धाम के भक्तों के बीच एकता और आस्था को मजबूत करता है बल्कि काशी की ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी सहेजने का प्रयास है। रंगभरी एकादशी महोत्सव का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करना और काशी की सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाना है। इस वर्ष रंगभरी एकादशी को त्रिदिवसीय लोक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। बीते शनिवार को बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की चल प्रतिमा को शास्त्रीय अर्चना के साथ मंदिर चौक में शिवार्चनम् मंच के निकट तीन दिनों के लिए विराजमान किया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं के बीच धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है। गौना उत्सव के माध्यम से काशी की प्राचीन परंपराएं और संस्कृति पुनर्जीवित हो रही हैं। यह महोत्सव न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि काशी की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का एक प्रयास भी है। श्री काशी विश्वनाथ का गौना उत्सव काशी की आस्था, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यह भव्य आयोजन श्रद्धालुओं को काशी की अध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराता है।

## *आजीवन अधिगम और एक स्वास्थ्य* विषयक राष्ट्रीय सेमिनार 20 को

**बीकानेर ( हिंस )।** भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ नई दिल्ली तथा पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ( राजूवास ) के संयुक्त तत्वावधान में 20 मार्च को विश्वविद्यालय के सभागार में एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार *आजीवन अधिगम और एक स्वास्थ्य* का आयोजन किया जाएगा। बीकानेर ( पश्चिम ) विधायक जेठानंद व्यास ने रविवार को सर्किट हाउस में सेमिनार से जुड़े पोस्टर का विमोचन करते हुए कहा कि सीखना मनुष्य की सतत प्रक्रिया है प्रत्येक व्यक्ति को औपचारिक और अनौपचारिक रूप से नया ज्ञान सीखते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेमिनार में देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ इससे जुड़े विषयों पर अपनी राय रखेंगे, जो कि युवाओं के लिए ज्ञानवर्धक होगा। राजूवास के प्रो-वीसी डॉ. हेमंत दाधीच ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा सतत रूप से जनोपयोगी विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## बिहार बजट में भागलपुर पर बरसी सौगात, सुल्तानगंज और भागलपुर में एयरपोर्ट से लोगों में खुशी : शाहनवाज



**भागलपुर ( हिंस )।** बिहार की तरक्की के साथ साथ भागलपुर की भी तरक्की तय हो गई है। दोनों बजट को मिलाकर भागलपुर और आसपास के इलाकों को सबसे ज्यादा मिला है। भागलपुर और आसपास के लोगों को दो दो एयरपोर्ट की सौगात मिली है। एक सुल्तानगंज में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट और दूसरा भागलपुर में छोटे विमानों की उड़ान के लिए एयरपोर्ट। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने रविवार को भागलपुर में एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार बजट 2025-26 बिहार को तेजी से तरक्की के रास्ते पर ले जाने का रोडमैप है और इसके साथ ही ये भागलपुर के लिए भी वरदान है। बिहार बजट 2025-26 में बिहार के हर कोने के लोगों के लिए हवाई यातायात को सुगम बनाने के प्रावधान कर राज्य की औद्योगिक उड़ान को सुनिश्चित किया गया है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि इन एयरपोर्ट्स के तैयार होने से बिहार में आर्थिक निवेश बढ़ेंगे और राज्य की औद्योगिक तरक्की तेज रफ्तार पकड़ेगी। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार बजट 2025-26 ही नहीं बल्कि केंद्रीय बजट में भी भागलपुर को बड़ी सौगातें मिली। विक्रमशिला केंद्रीय विश्वविद्यालय बनना तय होने के साथ बिहार में स्थापित होने वाले कृषि के क्षेत्र में तीन नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक की स्थापना भागलपुर में होगी। शाहनवाज हुसैन ने कहा केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार की इनायत हमेशा भागलपुर पर रही है।

## राजनीतिक दलों को नियुक्त करने होंगे बूथ लेवल एजेंट

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने प्रदेश में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार उन्हें अपने-अपने पार्टी के बूथ लेवल एजेंट ( बीएलए ) नियुक्त करना अनिवार्य है। आगे से बीएलए का रिकॉर्ड राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों को भी रखना होगा। पंकज अग्रवाल ने रविवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में दिल्ली के भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन परिषद में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाल का आयोजन हुआ था जिसमें भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलए की नियुक्ति करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 6 लाख 32 हजार 503 है तथा 20031 बीएलए पद नामित है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 6 राष्ट्रीय स्तर तथा दो राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं। सभी दलों को बूथ लेवल एजेंट 1 और 2 की नियुक्ति करनी है। राजनीतिक दलों के लिए बूथ लेवल एजेंट एक प्राधिकृत व्यक्ति है जो मतदान से संबंधित सामग्री अपनी पार्टी के लिए चुनाव आयोग से लेता है। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित मतदान सूची तैयार करने में बीएलओ को मतदाताओं के संबंध में आवश्यक जानकारी बूथ लेवल एजेंट उपलब्ध करवाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने की चुनाव आयोग ने सिफारिश की थी, लेकिन अधिकांश राजनीतिक दल इसके प्रति गंभीर नहीं हैं। अग्रवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने निर्णय लिया है कि आगामी तीन महीनों में राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एक यूनिक नेशनल फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र तैयार करें।

# श्रीठाकुर अनुकूलचंद्रजी के जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**अररिया ( हिंस )।** फारबिसगंज में श्री ठाकुर अनुकूलचंद्रजी का 137वां जन्मोत्सव रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह के वेला में आईटीआई कॉलेज के पास स्थित मंदिर सह सत्संग केंद्र से एक शोभायात्रा निकाली गई, जो पूरे शहर का परिक्रमा करते हुए पुन: सत्संग केंद्र में आकर समाप्त हुई। गाजे बाजे और वंदे पुरुषोत्तम के नारे के साथ निकले श्रद्धालु झूमते नाचते गाते नजर आए। शोभायात्रा जुलूस में जगह जगह अनुयायियों ने पुष्प वर्षा के साथ शोभायात्रा में शामिल भक्तों के बीच शरबत, पानी और चॉकलेट आदि का वितरण किया। शोभायात्रा जुलूस के बाद मंदिर सह सत्संग केंद्र में आयोजित धर्म सभा का आयोजन हुआ। जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों के साथ पश्चिम बंगाल और नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने अपनी भागीदारी दी। मौके पर कटिहार से आए बालमुकुंद चौधरी उर्फ मिस्टर दा ने अपने संबोधन में कहा कि अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाकर जो हमें बचने-बढ़ने का सही पथ दिखाए वही होतें हैं सद्गुरु। सद्गुरु युग, काल और समय के अनुसार नर तन देह धारण कर युग के अनुसार सरल विधान देते हैंऔर वे ही होते हैं पुरुषोत्तम और वर्तमान के पुरुषोत्तम हैं श्रीठाकुर अनुकूलचंद्रजी, जो हमें एक मनुष्य बनने का सही एवं सरल राह दिखाते हैं। सिलीगुड़ी के सुदीप धर ने उपस्थित माताओं, युवाओं एवं गुरु भाइयों को डीपी वर्क प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रत्येक घर जाकर श्रीठाकुर जी का प्रेम का संदेश देने एवं लोगों को धर्म के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इससे पूर्व उत्सव की शुरुआत सुबह उषा कीर्तन पश्चात् सामूहिक प्रार्थना से हुई। उसके बाद मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा नगर भ्रमण हेतु निकाली गई।

संपादकीय

# शिक्षा में शिक्षा की खोज

**अभिप्राय** जीवन के द्वंद्व में सार्थकता की खोज में, कितना सफल होता है, इसका विवेचन ज्ञान की निरंतरता है। शिक्षा के सेतु से गुजरते ज्ञान को रोजगार के पाठ्यक्रम ने इस कद्र ओवरटेक किया कि आज इसका गुणात्मक पक्ष ही खारिज हो गया। हिमाचल में शिक्षा के मायने या तो सीधे नौकरी से चस्पां हैं या उपाधियों के तिलिस्म में ज्ञान बिखर रहा है। अध्ययन को पाठशाला में विस्तारित करने के बजाय पाठशालाओं का विस्तार अप्रासंगिक हो गया है। नौबत यह कि दर्जनों स्कूल-कालेज बंद करने पड़ रहे हैं या विज्ञान की पढ़ाई से स्कूल बेदखल करने पड़ रहे है। ऐसे में पढ़ाई की आरजू है क्या। पढ़ाई, ज्ञान, नौकरी, रोजगार और शिक्षा के सरोकार भले ही एक जैसे अभिप्राय लगते हों, लेकिन इनके भीतर व्यक्तित्व विकास और भविष्य की संभावना की परख अलग-अलग है। अब स्कूल से सीधे बीएड कोर्स में प्रवेश में पढ़ाई देखें, ज्ञान देखें, नौकरी देखें या रोजगार का अभिप्राय समझें। अगर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में डिग्रियों का मूल्यांकन कर रहे हैं, तो शिक्षा के चबूतरे और परिसर बदलेंगे, वरना मात्रात्मक डिग्रियां फांस बन जाएंगी। बेशक पढ़ाना भी एक हुनर है, लिहाजा शिक्षा संस्थानों का स्तर ऊंचा होना चाहिए। इसीलिए हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान का परिसर मांग रहे हैं। बागबानी जैसे व्यावसायिक ट्रेड को स्कूली शिक्षा में शामिल करने की अरदास कर रहे हैं। होना तो यह भी चाहिए कि टीवी एवं फिल्म संस्थान का क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र हिमाचल में स्थापित हो ताकि बच्चों के लिए रोजगार के रास्ते खुलें। आश्चर्य यह कि हिमाचली मानसिकता में पाठ्यक्रम का अर्थ नौकरी तक पहुंचना है। इसलिए अगर मीडिया एवं जनसंचार की पढ़ाई शुरू हुई, तो बच्चों ने हुनर के बजाय अपने आवेदन को जनसंपर्क एवं सूचना विभाग की नौकरी में सजाना शुरू कर लिया। कांगड़ा में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का हाजिरी रजिस्टर बताता है कि वहां हिमाचल के इक्का दुक्का छात्र ही आते हैं, क्योंकि वहां से नौकरी नहीं एक निपुण व्यवसाय निकलता है। विडंबना यह कि हिमाचली शिक्षा ने छात्रों को प्रोफेशन के बजाय नौकरी की दासता करनी सिखा दी। हमने इतने वकील बना दिए कि अदालतें और केस फाइल बढ़ा कर भी बेरोजगारी के संदर्भ कम पूरे नहीं हुए। कमोबेश यही हाल बीएड कालेजों की शुमारी में भी दर्ज होता है। इंजीनियरिंग कालेजों ने इतने इंजीनियर पैदा कर दिए कि वे ठेकेदारी में भी निपुण व्यवसायी नहीं बन पा रहे। कल यही आंकड़ा मेडिकल कालेज परिसरों के बाहर नौकरी और रोजगार के द्वंद्व की शिकायत करेगा। एक बार बेरोजगारों की कतार से भी तो पूछा जाए कि उनकी शिक्षा में कहां कोताही हुई। उन्होंने जो पढ़ा, उससे जीवन की क्षमता व ऊर्जा में इतना विस्तार क्यों नहीं हुआ कि आगे बढने के लिए अब कोई तुक्का चाहिए। ऐसा नहीं है कि हिमाचल में रोजगार नहीं बढ़ा, लेकिन पढ़ाई ने इसकी योग्यता पैदा नहीं की। कहीं पढ़ाई ऊंची हो गई, कहीं यह सरकारी नौकरी की दरख्वास्त बन गई। हिमाचल में फार्मा का हब बना, लेकिन न किसी स्कूल और न ही किसी कालेज को इसके भीतर पनपते रोजगार की खबर मिली। ऐसे में अगर हिमाचल जमा दो के बाद बीएड कोर्स को सफल बनाने को आतुर है, तो बारहवीं के बाद इंडसट्रियल रोजगार पर आधारित कोर्स क्यों न बढ़ाए जाएं। तरह-तरह के उद्योगों में शैक्षणिक योग्यता के पाठ्यक्रम शुरू किए जाते हैं, तो हिमाचल में रोजगार के पैमाने, शिक्षा के उद्देश्य और छात्रों के संकल्प भी बदलेंगे। यानी आप वो शिक्षा दें जो छात्रों को रोजगार के सफर पर आगे बढ़ाए। प्रदेश में ऐसे रोजगार परिसरों या शहरों की आवश्यकता है, जहां शिक्षा का सफर मुकम्मल हो। अगर इंजीनियर को अपने प्रोफेशन के इतर नौकरी की तलाश है, तो शिक्षा की नाकामी में राज्य के नजरिए में भी खोट है। बेहतर होगा हम रोजगार की क्षमता बढ़ाते हुए सरकारी नौकरी के पाठ्यक्रम के बोझ से छात्रों को मुक्त करें।

> शिक्षा के सेतु से गुजरते ज्ञान को रोजगार के पाठ्यक्रम ने इस कद्र ओवरटेक किया कि आज इसका गुणात्मक पक्ष ही खारिज हो गया। हिमाचल में शिक्षा के मायने या तो सीधे नौकरी से चस्पां हैं या उपाधियों के तिलिस्म में ज्ञान बिखर रहा है। अध्ययन को पाठशाला में विस्तारित करने के बजाय पाठशालाओं का विस्तार अप्रासंगिक हो गया है। नौबत यह कि दर्जनों स्कूल-कालेज बंद करने पड़ रहे हैं या विज्ञान की पढ़ाई से स्कूल बेदखल करने पड़ रहे है। ऐसे में पढ़ाई की आरजू है क्या। पढ़ाई, ज्ञान, नौकरी, रोजगार और शिक्षा के सरोकार भले ही एक जैसे अभिप्राय लगते हों, लेकिन इनके भीतर व्यक्तित्व विकास और भविष्य की संभावना की परख अलग-अलग है। अब स्कूल से सीधे बीएड कोर्स में प्रवेश में पढ़ाई देखें, ज्ञान देखें, नौकरी देखें या रोजगार का अभिप्राय समझें। अगर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में डिग्रियों का मूल्यांकन कर रहे हैं, तो शिक्षा के चबूतरे और परिसर बदलेंगे, वरना मात्रात्मक डिग्रियां फांस बन जाएंगी। बेशक पढ़ाना भी एक हुनर है, लिहाजा शिक्षा संस्थानों का स्तर ऊंचा होना चाहिए। इसीलिए हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान का परिसर मांग रहे हैं। बागबानी जैसे व्यावसायिक ट्रेड को स्कूली शिक्षा में शामिल करने की अरदास कर रहे हैं।

### आईपीसी की धारा 376 में बलात्कार को साबित करने के लिए बताए गए जरूरी घटक लिंग के प्रवेश को साबित नहीं कर पाया

# केरल हाई कोर्ट ने पीओसीएसओ के मामलों में 'रगड़-स्पर्श- स्खलन' का दायरा बाँधा

रामस्वरूप रावतसरे

> हाई कोर्ट ने कहा कि यह क्रिया यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3 के तहत प्रवेशात्मक यौन हमले का अपराध होगा। इसके साथ ही आरोपित की सजा को बरकरार रखा। जस्टिस पीबी सुरेश कुमार और जोबिन सेबेस्टियन की खंडपीठ ने इस परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा, "स्त्री के बाहरी जननांग लेबिया मेजोरा या वल्वा में पुरुष जननांग का प्रवेश, चाहे वो आंशिक हो या मामूली हो, पीओसीएसओ अधिनियम के तहत प्रवेशात्मक यौन हमले का अपराध होगा

**केरल** हाई कोर्ट ने हाल ही में पीओसीएसओ एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि पीड़िता के बाहरी जननांग (लेबिया मेजोरा या वल्वा) के साथ मामूली शारीरिक संपर्क भी यौन हमला माना जाएगा। हाई कोर्ट ने कहा कि यह क्रिया यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3 के तहत प्रवेशात्मक यौन हमले का अपराध होगा। इसके साथ ही आरोपित की सजा को बरकरार रखा। जस्टिस पीबी सुरेश कुमार और जोबिन सेबेस्टियन की खंडपीठ ने इस परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा, "स्त्री के बाहरी जननांग लेबिया मेजोरा या वल्वा में पुरुष जननांग का प्रवेश, चाहे वो आंशिक हो या मामूली हो, पीओसीएसओ अधिनियम के तहत प्रवेशात्मक यौन हमले का अपराध होगा।'

हाई कोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि इस दौरान चाहे वीर्य का उत्सर्जन हुआ हो या नहीं, यह मायने नहीं रखता। याचिका दायर करने वाले आरोपित का तर्क था कि अभियोजन पक्ष आईपीसी की धारा 376 में बलात्कार को साबित करने के लिए बताए गए जरूरी घटक लिंग के प्रवेश को साबित नहीं कर पाया। इसके अलावा, याचिकाकर्ता ने पीड़िता की मेडकिल रिपोर्ट का भी हवाला दिया और कहा कि उसकी हाइमन बरकरार थी। इसलिए इसे बलात्कार की श्रेणी में नहीं माना जा सकता है। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के इस तर्क को खारिज करते कहा कि अगर हाइमन नहीं टूटा, इसका मतलब ये नहीं है कि बलात्कार या प्रवेशात्मक यौन हमले का अपराध नहीं हुआ है।

कोर्ट ने कहा कि साल 2013 में संशोधित आईपीसी की धारा 375 (बलात्कार) में प्रवेशात्मक हमला सिर्फ योनि में पुरुष जननांग के पूरी तरह प्रवेश तक सीमित नहीं है। इसमें बाहरी महिला जननांग और उसके आसपास का प्रवेश भी शामिल है। कोर्ट ने कहा कि पीओसीएसओ एक्ट में प्रवेशात्मक यौन हमले की परिभाषा में 'योनि' को साफ तौर परिभाषित नहीं किया गया है। इसलिए यहाँ आईपीसी की परिभाषा को लागू किया जा सकता है जिसमें आंशिक प्रवेश भी प्रवेशात्मक यौन हमला माना जाएगा। कोर्ट ने योनि में पूर्ण लिंग के प्रवेश को ही अपराध बनाने की आवश्यकता के तर्क को नकार दिया। इस तरह हाई कोर्ट ने अपील को खारिज करते हुए आजीवन कारावास की सजा को 25 साल के कठोर कारावास में बदल दिया। दरअसल, केरल के कासरगोड में अपीलकर्ता ने 4 साल की बच्ची का अपने घर पर बार-बार बलात्कार और यौन उत्पीड़न किया था। अपीलकर्ता पीड़िता का पड़ोसी है। कुछ समय के बाद बच्ची ने अपनी माँ से बताया कि उसके जननांग में दर्द हो रहा है। उसकी माँ उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई तो डॉक्टर को यौन शोषण का संदेह हुआ और उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने मेडिकल के आधार पर एससी/एसटी एक्ट और पीओसीएसओ एक्ट सहित रेप एवं आईपीसी की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान कासरगोड की निचली अदालत ने आरोपित को रेप का दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर 25,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। इस फैसले के खिलाफ आरोपित केरल हाई कोर्ट गया था। केरल हाई कोर्ट ने इस केस के तमाम पहलुओं एवं साक्ष्यों को देखने-सुनने और विचार करने के बाद आरोपित की अपील याचिका खारिज कर दी। इसके साथ ही उसके आजीवन कारावास की सजा को 25 साल की कठोर कारावास में बदल दिया।



न्यायालय ने कहा कि पीड़िता द्वारा दोषी को जानबूझकर फँसाने के संकेत नहीं हैं क्योंकि दोनों के बीच किसी तरह की दुश्मनी नहीं है। ऐसे ही एक मामले में केरल हाई कोर्ट ने 4 अगस्त 2021 को कहा था कि आरोपित को महिला के किसी भी अंग के साथ छेड़छाड़ करने से यौन संतुष्टि मिलती है तो ये भारतीय दंड संहिता के तहत बलात्कार माना जाएगा चाहे उसने अपने लिंग को महिला की योनि में प्रवेश कराया हो या नहीं कराया हो। दरअसल, बच्ची से रेप के आरोपित ने याचिका दायर कर कोर्ट से यह जाँचने की माँग की थी कि बच्ची की जाँघों के बीच लिंग रगड़ना बलात्कार है या नहीं। कोर्ट ने कहा था कि आईपीसी की धारा 375 में बलात्कार की परिभाषा में पीड़िता की जाँघों के बीच जननांग में प्रवेश कराना यौन हमला है।

हाई कोर्ट कहा था, "आईपीसी की धारा 375 में योनि, मूत्रमार्ग, गुदा और मुँह (मानव शरीर में ज्ञात छेद) में लिंग के प्रवेश के अलावा यौन संतुष्टि के लिए अगर आरोपित कल्पना करके पीड़िता के शरीर के अन्य अंगों को ऐसा आकार दे कि उसे लिंग के घर्षण से यौन सुख मिले और वीर्य स्खलन हो तो यह बलात्कार की श्रेणी में आएगा।' मेघालय हाई कोर्ट ने मार्च 2022 में एक नाबालिग से रेप के एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा था कि पीड़िता की अंडरवियर पर लिंग का स्पर्श भी बलात्कार माना जाएगा। अदालत ने कहा था कि अगर यह मान भी लिया जाए कि आरोपित ने चड्डी पहने हुए ही पीड़िता की योनि या फिर उसके मूत्रमार्ग में जबरन अपना लिंग प्रवेश कराने की कोशिश की तो भी यह आईपीसी की धारा 375 (ठ) के तहत रेप होगा।

कोर्ट ने कहा था, "23 सितंबर 2006 की घटना में एक सप्ताह बाद 10 साल की पीड़िता का मेडिकल टेस्ट किया गया तो उसकी योनि कोमल और लाल पाई गई थी। उसका हाइमन (कौमार्य झिल्ली) टूटा हुआ था। जाँच करने वाले डॉक्टर का भी कहना था कि लड़की के साथ बलात्कार हुआ है। पीड़िता ने भी कहा था कि आरोपित ने उसकी चड्डी को नीचे खींचा था।'

दृष्टि कोण

# कैसे पटेगी लैंगिक असमानता की खाई?

**धरती** के इस छोर से उस छोर तक/ मु_ी भर सवाल लिए मैं, छोड़ती-हांफती-भागती/ तलाश रही हूं सदियों से निरंतर, अपनी जमीन/अपना घर, अपने होने का अर्थ!' सुप्रसिद्ध कवयित्री निर्मला पुतुल की कविता 'अपने घर की तलाश में' से ली गई ये पंक्तियां स्त्री जीवन के यथार्थ की मर्मस्पर्शी अभिव्यक्ति है। लैंगिक समानता के वादों और दावों के बावजूद हमारे समाज में स्त्रियां दोयम दर्जे की नागरिक प्रतीत होती हैं। लैंगिक असमानता एक ऐतिहासिक और वैश्विक सत्य है। यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में इस समानता की प्राप्ति की दिशा में कई निर्णायक कदम भी उठाए गए हैं, जिसके सुपरिणाम हमारे समक्ष भी हैं, तथापि लैंगिक अंतराल (जेंडर गैप) के आंकड़े बताते हैं कि अभी स्त्री मुक्ति का संघर्ष शेष है। संपूर्ण लैंगिक समानता की दिशा में की जाने वाली यात्रा सुदीर्घ होने वाली है। आइए, लैंगिक अंतराल की अवधारणा को जरा और समझें। लैंगिक अंतराल पुरुषों और महिलाओं के बीच जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यमान असमानताओं को सूचित करता है, जैसे कि आर्थिक भागीदारी, नेतृत्व भूमिकाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, और समग्र जीवन की गुणवत्ता। यह शक्ति, अवसरों और सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक परिणामों में असमानताओं को उजागर करता है। वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट जिसे विश्व आर्थिक मंच द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रकाशित किया जाता है, इस अंतराल की स्थिति को समझने का प्रमुखतम स्रोत रहा है। पिछले वर्ष जून में जारी की गई रिपोर्ट आशा और निराशा का मिश्रित चित्र प्रस्तुत करती है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में प्रगति हुई है, वहीं दूसरी ओर पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने का मार्ग लंबा और चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है, वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक (ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स) इसका मुख्य मापदंड है, जो 0 से 1 तक के मानकों में निर्धारित किया जाता है। जहां 0 पूर्ण असमानता और 1 पूर्ण समानता का प्रतीक है। इस सूचकांक की गणना चार प्रमुख क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं के बीच अंतर की तुलना करके की जाती है- आर्थिक भागीदारी और अवसर, शैक्षिक प्राप्ति, स्वास्थ्य और जीवन रक्षा और राजनीतिक सशक्तिकरण। 2024 के वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक के अनुसार विश्व का औसत लैंगिक अंतराल स्कोर लगभग 0.579 है। इसका अर्थ यह हुआ कि लगभग आधी दूरी तो तय कर ली गई है। कुछ क्षेत्रों में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हुई है, किंतु यदि वर्तमान गति पर कार्य चलता रहे, तो इस अंतराल को पूरी तरह समाप्त करने में 130 वर्षों से अधिक का समय लग सकता है और यदि इस बीच ईश्वर न करे, कोविड महामारी जैसा कोई व्यवधान आ जाए तो लक्ष्य और दूर चला जाएगा। भारत में भी लैंगिक अंतराल एक गंभीर समस्या है। भारत का जीजीजीआई स्कोर लगभग 0.651 है, और वह विश्व में 140वें स्थान पर है। आर्थिक भागीदारी के संदर्भ में, महिलाओं का कार्यबल में योगदान केवल 23 फीसदी है, जो वैश्विक औसत से कहीं कम है, जबकि लड़कियों के नामांकन दर में सुधार हुआ है, भारत में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में अभी भी कई चुनौतियां हैं। स्वास्थ्य के मामले में उच्च मातृ मृत्यु दर और स्वास्थ्य सेवाओं में असमानताएं लैंगिक अंतराल को और बढ़ाती हैं। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की संसद में भागीदारी केवल 14 फीसदी है जो निर्णय लेने में उनकी सीमित भागीदारी को दर्शाता है। भविष्य में यह अनुमान लगाया गया है कि भारत में लिंग समानता प्राप्त करने में और 149 बरस लग सकते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अगर कोई बड़ा हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो यह लक्ष्य और दूर चला जाएगा। लैंगिक अंतराल को समाप्त करने के लिए विभिन्न सुधारों और पहलों की आवश्यकता है। सबसे पहले, नीति सुधारों की दिशा में हमें समान वेतन सुनिश्चित करने और कार्यस्थल पर महिलाओं के खिलाफ भेदभाव से रक्षा करने हेतु कानूनों को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही पालन-पोषण अवकाश नीतियों को सुदृढ़ करना चाहिए, ताकि घरेलू जिम्मेदारियों में पुरुषों की सहभागिता बढ़ सके। यदि हम शिक्षा क्षेत्र की बात करें तो हमें ऐसी योजनाओं में निवेश करना चाहिए जो लड़कियों को एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकता, गणित) जैसे पारंपरिक रूप से पुरुषों के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही लैंगिक भूमिकाओं को लेकर सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देने के लिए जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। यदि हम स्वास्थ्य क्षेत्र की बात करें तो विशेष रूप से मातृ और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक महिलाओं की पहुंच को सुधारने की आवश्यकता है।

कुछ अलग

# विकास के झंडे...

**नेताजी** सज-धज कर मीडिया के सामने आ चुके हैं। सिर के बाल और मूंछें कलर से चमक रही हैं। चेहरा फेशियल के बाद किसी फिल्मी सितारे की तरह दमक रहा है। मंद-मंद मुस्कान चेहरे पर चिपकी हुई है, मानो विकास की गंगा उनके मुखमंडल से ही बह रही हो। प्रेस कॉन्फ्रेंस का पूरा मंच सजा है और नेताजी आत्मविश्वास से लबालब भरे बैठे हैं। एक-एक करके उनकी निगाहें मीडिया वालों के चेहरे टटोल रही हैं, मानो चेहरा पढने की कला में वह किसी ज्योतिषी से कम नहीं। मीडिया के लिए जलपान का पूरा इंतजाम है। कैमरे ऑन हो चुके हैं। नेताजी माइक के सामने आते ही थोड़ी दार्शनिक मुद्रा अपनाते हैं, हल्की खंखार के बाद गला साफ करते हैं और कहना शुरू करते हैं, 'बात कहां से शुरू करूं और क्या-क्या गिनाऊं, यह सोचकर ही मैं असमंजस में पड़ जाता हूं। इतने विकास कार्य हमने किए हैं कि हम खुद भूल जाते हैं कि कितने किए हैं। लेकिन चलिए, विकास पर ही बात करते हैं। मैं आपसे ही पूछना चाहूंगा कि ऐसा कौनसा विकास है जो हमने नहीं किया?' नेताजी अपनी मूंछों पर उंगलियां फेरते हुए आगे कहते हैं- 'हमने शिलान्यासों की झड़ी लगा रखी है। कोई भी ऐसा कोना बता दीजिए जहां हमने पत्थर न लगाया हो। जहां पत्थर रखा, समझो विकास वहीं से शुरू हो गया। फिर जब हम उन्हीं विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे, तो नए पत्थर लगाएंगे। यानी पत्थरों की श्रृंखला विकास की सबसे बड़ी निशानी है।' नेताजी जोश में आते हैं- 'हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे प्रदेश में पत्थरों की कोई कमी नहीं है। सडक़ों पर पत्थर गिरते रहते हैं, हमारी मेहनतकश लेबर उन्हें हटाने में जुटी रहती है। हमने भी सोचा, क्यों न इन्हीं पत्थरों का सही इस्तेमाल किया जाए! हमने चौराहों, गलियों, सरकारी दफ्तरों, जहां भी जगह मिली, वहां विकास के नाम पर पत्थर लगवा दिए। विपक्ष कहता है कि विकास नजर नहीं आ रहा, लेकिन पत्थर तो नजर आ रहे हैं न? यही असली विकास है।' अब नेताजी की आवाज में गंभीरता झलकती है- 'पिछली सरकार तो कागजों पर ही विकास करती रही, उसे विकास का असली फॉर्मूला पता ही नहीं था। लेकिन हमने क्या किया? हमने विकास को होटल मीटिंग्स, हवाई दौरों, और फाइव स्टार बैठकों में ले जाकर सशरीर साक्षात्कार कराया। विकास कैसा होना चाहिए, इसे तय करने के लिए हमने समोसे से लेकर जंगली मुर्गा तक प्लेट पर परोसा। हमनें हर वह चीज चखी जिससे हमारी योजनाओं को ग्लोबल टच मिल सके।' नेताजी का आत्मविश्वास अब सातवें आसमान पर है- 'विपक्ष कहता है कि खजाना खाली है। तो हमने कहा, खाली खजाने से भी विकास हो सकता है, अगर सही लोगों को ठेके दिए जाएं। हमने अपनी पार्टी के तमाम नेताओं के रिश्तेदारों को ठेके दिए, और परिणाम देखिए, आज उनके घरों में समृद्धि बह रही है। उनकी तिजोरियां भर चुकी हैं। बिना विकास के यह सब कैसे होता?' थोड़ा ठहरकर नेताजी नया तर्क प्रस्तुत करते हैं, 'हम दिखाने में यकीन रखते हैं। हमने प्रदेश की चट्टानों पर विकास के नारे खुदवा दिए हैं। चट्टानों पर लिखे नारे ही असली विकास होते हैं। जो भी चट्टान पर लिखा दिखे, समझिए वह सरकार की योजना का हिस्सा है। नारों के दम पर सरकारें बनती और गिरती हैं, और हमारे नारे इतने मजबूत हैं कि चट्टान पर भी अमिट हैं। जनता को अब विकास देखने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं है, वह गली-गली, सडक़-सडक़ देख सकती है। हमारी सरकार सिर्फ पत्थरों पर नहीं, फ्लेक्स बोर्ड पर भी भरोसा रखती है। हमने पूरे शहर में विकास कार्यों की इतनी होर्डिंग्स लगवा दी हैं कि किसी को भी यह भ्रम नहीं रहेगा कि विकास नहीं हुआ।'

देश दुनीया से

# स्वास्थ्यकर भोजन व सक्रिय जीवन को दें बढ़ावा

**प्रधानमंत्री** ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक सार्वजनिक अभियान शुरू किया, जिसमें 10 सार्वजनिक हस्तियों को अपने भोजन में 10 प्रतिशत तेल कम करने की चुनौती दी और उनसे आगे अन्य 10 लोगों को इस चुनौती से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे मोटापे से लड़ने में काफी मदद मिलेगी। एनसीडी और तेल की खपत के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री का यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संदेश महत्वपूर्ण है, लेकिन यह पूरी कहानी का केवल एक हिस्सा भर है। दरअसल, बड़ी वजह है वसा का अत्यधिक सेवन, मुख्य रूप से ट्रांस फैटी एसिड या ट्रांस फैट, जो एनसीडी शृंखला का जोखिम बढ़ाने के बड़े कारकों में से एक है। ट्रांस फैट स्रोतों में डेयरी उत्पाद, घी, मांस और वनस्पति हैं। अन्य किस्म की वसा का अधिक सेवन भी हानिकारक है। राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद द्वारा जारी आहार दिशानिर्देशों के अनुसार, नारियल तेल, घी और पामोलीन तेल में संतृप्त वसा का अनुपात सबसे अधिक है। प्रधानमंत्री द्वारा सुझाया गया विचार—खाना पकाते या उसकी सजावट करते समय उपयोग किए जाने वाले तेल की खपत को कम करना- केवल आधा कदम है। हम प्रसंस्कृत भोजन पदार्थ, फास्ट फूड, तले स्नैक्स, कुकीज इत्यादि के जरिए ट्रांस फैट ग्रहण करते हैं। अन्य कारकों में, भोज्य पदार्थों में मौजूद संतृप्त और असंतृप्त वसा का स्रोत भी कम या ज्यादा मात्रा में होता है। जन स्वास्थ्य के हित में, न केवल तेल बल्कि देसी एवं वनस्पति घी के साथ-साथ पैकेटबंद अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और डेयरी उत्पादों के सेवन में कटौती करना आवश्यक है। मोटापे के विरुद्ध अभियान में अस्वास्थ्यकारी आहार और आरामपरस्त जीवनशैली के त्याग को भी शामिल किया जाए। स्वेच्छा से खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने के लिए कहकर, प्रधानमंत्री ने मोटापे और असंक्रामक महामारी से निपटने का जिम्मा लोगों पर डाल दिया है। यह दशकों से अर्जित उस जन स्वास्थ्य ज्ञान के विरुद्ध है, जो कहता है कि स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को अपनाना व्यक्तिगत और सामाजिक, दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है। सरकार का यह कर्तव्य है कि वह ऐसी नीतियों के जरिए वातावरण बनाए, जो लोगों को कम वसा वाले स्वस्थ आहार का सेवन करने में सक्षम और प्रोत्साहित करें। यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि जब सारा माहौल ही मोटापे को बढ़ावा देने वाला हो, जिसे वैज्ञानिक मोटापे को बढ़ावा देने वाला वातावरण कहते हैं- वहां कोई स्वस्थ आहार और स्वस्थ जीवनशैली कैसे अपना सकेगा। यह प्रयोजन सार्वजनिक नीतियों द्वारा आकार पाता है, वरना समुदायों को स्वस्थ विकल्प प्रदान नहीं करता। हमें व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ मोटापा और एनसीडी से निपटने के लिए जनसंख्या-व्यापी और बहुक्षेत्रीय नीतिगत दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, भारत खाद्य तेल आपूर्ति के लिए आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, और सार्वजनिक नीतियां पाम ऑयल के आयात को प्रोत्साहित करने वाली हैं। कुल आयातित खाद्य तेलों में पाम ऑयल का हिस्सा लगभग 60 प्रतिशत है। पाम ऑयल प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग का मनपसंद माध्यम है, हालांकि अनेक अध्ययनों ने इसके सेवन को हृदय रोग के बढ़ते जोखिम से जोड़ा है। खाद्य तेलों के उत्पादन और आयात को नियंत्रित करने वाली सार्वजनिक नीतियों को इस तरह से बनाया जाए कि वे लोगों को कम हानिकारक खाद्य तेलों का विकल्प प्रदान करें। पिछले कुछ दशकों में, भारत में बढ़ती आय, शहरीकरण और खाद्य उत्पादों के बढ़ते वैश्वीकरण के साथ खान-पान संबंधी आदतें बदल गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप नमक, चीनी और वसा से भरपूर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ लोकप्रिय हो गए हैं। इन उत्पादों ने खाद्य पारिस्थितिकी को बदल दिया है। जंक फूड अब हर जगह उपलब्ध है– पास-पड़ोस, मोहल्ले, स्कूल कैंटीन, कार्यालय, अस्पताल, सिनेमा हॉल, झुग्गी-झोपड़ियां, गांव तक में। इस बदलाव में नीतियों का योगदान बहुत बड़ा है। सरकारें चिप्स, कोला, कुकीज, नमकीन इत्यादि बनाने वाली प्रसंस्कृत खाद्य कंपनियों को सब्सिडी प्रदान करती हैं (इसे कृषि आधारित उद्योगों के लिए सब्सिडी के साथ भ्रमित न किया जाए)। जंक फूड उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए खाद्य कंपनियों को प्रोत्साहित किया जाता है। दरअसल, होना यह चाहिए कि कम दाम पर ताजे फलों और सब्जियों की उपलब्धता प्रोत्साहित की जाए क्योंकि यह स्वास्थ्यकारी विकल्प है। लेकिन हमारी नीतियां फलों और सब्जियों को प्रसंस्कृत कर उत्पाद बनाने वाली कंपनियों को प्रोत्साहित कर रही हैं। तिस पर तुर्रा यह है कि खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण पिछले कुछ वर्षों से प्रमुख जंक फूड कंपनियों के साथ साझेदारी में 'ईट राइट' अभियान चला रहा है! जंक फूड पर सख्त नियमन के लिए समर्थन जुटाने के बजाय, जिसकी मांग सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपभोक्ता विशेषज्ञ करते आए हैं- खाद्य सुरक्षा नियामक उलटे उन कंपनियों के साथ साझेदारी कर रहा है, जिन पर इसे नकेल डालनी चाहिए। 2019 में, नियामक ने 2022 तक खाद्य शृंखला से औद्योगिक रूप से उत्पादित ट्रांस फैट खत्म करने के लिए एक पहल 'भारत@75 : ट्रांस वसा से मुक्ति' शुरू की थी। लेकिन, जंक फूड उद्योग के कड़े विरोध के कारण यह लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया। शारीरिक श्रमविहीन जीवनशैली और व्यायाम निष्क्रियता और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ, जिसे मोटापा बनने का मुख्य सूत्रधार बताया जाता है, उसके पीछे भी यही कहानी है। बेशक शारीरिक रूप से सक्रिय रहना और व्यायाम करना व्यक्तिगत चुनाव का मामला है, लेकिन सार्वजनिक नीतियां सक्रिय वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिनसे सामुदायिक स्तर पर शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए, पैदल चलने और व्यायाम के लिए अनुकूल सार्वजनिक स्थान मुहैया करवाने से शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने में दीर्घकालीन असर है। सार्वजनिक परिवहन, पैदल चलने वालों और साइकिल चलाने के लिए अलग से रास्ता बनाने जैसे उपाय कारों के उपयोग को हतोत्साहित करने में जाने-माने उपाय हैं।



आप का नजरीया

# वे खालिस्तान समर्थक हैं!

**लंदन** में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा में जो चूक हुई है, वह कोई सामान्य घटना नहीं है। खामोश नहीं बैठा जा सकता और न ही बर्दाश्त किया जा सकता है, लिहाजा यह निंदनीय घटना है। कुछ भी हो सकता था! जो खालिस्तान-समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था! यकीनन यह ब्रिटिश पुलिस की लापरवाही है। उस खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय ध्वज 'तिरंगे' का भी अपमान किया। सवाल यह है कि जहां विदेश मंत्री बैठक कर रहे थे, उसी स्थल के करीब खालिस्तान समर्थकों को, उनके कथित झंडे के साथ, प्रदर्शन करने की अनुमति क्यों दी गई? क्या ब्रिटिश सरकार और पुलिस का ऐसे अलगाववादी तत्त्वों के प्रति रवैया कुछ ज्यादा उदार और लचीला हो गया है? यदि यह सुरक्षा चूक, किसी विदेशी मंत्री या प्रतिनिधि के संदर्भ में, भारत में हो जाती, तो पश्चिमी और यूरोपीय देश आसमान सिर पर उठा लेते! सवाल और जिज्ञासा यह भी है कि आखिर अमरीका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया सरीखे देशों में खालिस्तान-समर्थक इतने निरंकुश और सक्रिय क्यों हैं? यह पहली घटना नहीं है। मार्च, 2023 में भारतीय उच्चायोग से 'तिरंगा' उतार दिया गया था। ये सभी देश भारत के मित्र-देश, रणनीतिक साझेदार देश होने का भी दावा करते रहे हैं और खालिस्तानी उग्रवादियों, समर्थकों को भी पालते-पोसते रहे हैं। क्या यह दोगलापन नहीं है? क्या ये देश वैचारिक और बुनियादी तौर पर 'खालिस्तान' को एक अलग देश के तौर पर मान्यता देने के पक्षधर हैं? यदि यह सोच है, तो वह पूरी तरह भारत-विरोधी है। सिर्फ कूटनीति या संबद्ध देश के उच्चायुक्त अथवा राजदूत को तलब कर, अपनी तल्खी दिखाने मात्र से ही इस सोच का समाधान हासिल नहीं होगा। प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के स्तर पर यह द्विपक्षीय संवाद होना चाहिए कि खालिस्तान का समर्थन स्वीकार्य नहीं है। इन देशों को लोकतंत्र और मानवाधिकार की परिभाषाएं, कमोबेश भारत के संदर्भ में, बदलनी पड़ेंगी। क्या ये देश यह नहीं जानते कि भारत ने खालिस्तानी उग्रवादियों के खिलाफ कितनी लंबी लड़ाई लड़ कर उन्हें कुचला है और कितनी कुर्बानियों के बाद आज भारत और पंजाब में शांति-स्थिरता का माहौल है? गौरतलब यह है कि भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री रहे ऋषि सुनक की सरकार ने खालिस्तानियों पर शिकंजा कसने के लिए कई कदम उठाए थे। टास्क फोर्स को 1 करोड़ रुपए का फंड दिया था, ताकि सरकार खालिस्तान-समर्थक उग्रवाद से पैदा हुए खतरों को समझ सके। उनकी ऑनलाइन-ऑफलाइन धन उगाही पर भी निगरानी रखी गई थी। सुनक सरकार ने सिख समुदाय के साथ सक्रिय होकर काम किया, ताकि गुरुद्वारों और धर्मार्थ संगठनों का इस्तेमाल धन उगाही के लिए न किया जा सके। अब वहां प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी की सरकार है। उनका खालिस्तानियों के प्रति रुख नरम रहा है। बीते दो साल में स्टार्मर सरकार ने टास्क फोर्स को कोई नया फंड नहीं दिया, लिहाजा वह निष्क्रिय होकर बंद होने के कगार पर है। चरमपंथियों की जो निगरानी की जा रही थी, वह भी शिथिल पड़ी है।



# दुनिया का सबसे अमीर रेस्टोरेंट कारोबारी ट्रंप का यार....जमीन से शिखर तक पहुंचे

**वाशिंगटन**

दुनिया भर की हॉस्पिटैलिटी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लिए टिलमैन फर्टिटा मशहूर नाम है। इस अरबपति अमेरिकी कारोबारी को दुनिया का सबसे अमीर रेस्टोरेंट कारोबारी बताया जाता है। दुनिया की सबसे मशहूर लक्जरी होटल कैसीनो के 10 प्रतिशत से ज्यादा शेयर खरीदकर वे फिर चर्चा में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'जिगरी यार' माने जाने वाले फर्टिटा की नेटवर्थ 90,100 करोड़ है। वे नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) के ह्यूस्टन रॉकेट्स के भी मालिक हैं। फर्टिटा ने 'शट अप एंड लिसन' नामक एक किताब भी लिखी है, जो काफी मशहूर है। बात दें कि ट्रंप के करीबी यार फर्टिटा के पास अमेरिका के 36 राज्यों और 15 से अधिक देशों में 600 से ज्यादा होटल, रेस्तरां और एंटरटेनमेंट प्रॉपर्टी हैं। उनकी कंपनियों में दुनियाभर में 60,000 से ज्यादा लोग काम करते हैं। एक छोटे से फिश कारोबार से लेकर हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के टाइकून बनने तक का सफर फर्टिटा के लिए आसान नहीं था, लेकिन उनकी मेहनत और दूरदर्शिता ने उन्हें यहां पहुंचाया। टिलमैन फर्टिटा का जन्म 25 जून, 1957 को टेक्सास के गैल्वेस्टन में हुआ था। वे सिसिली मूल के हैं। फर्टिटा ने ह्यूस्टन विश्वविद्यालय से पढाई की। उनके पिता का एक छोटा सा फिश रेस्टोरेंट था। इसकारण बचपन में ही उन्होंने अपने पिता के काम से हॉस्पिटैलिटी का हुनर सीखा और उसी को आगे बढ़कर फर्टिटा एंटरटेनमेंट की नींव रखी। उनकी कंपनी के पास लैंड्रीज सीफ़ूड हाउस, मास्ट्रोज़, मॉर्टन्स द स्टेकहाउस और बुब्बा गम्प श्रिम्प कंपनी जैसे प्रसिद्ध ब्रांड हैं।

फर्टिटा ग्राहक को भगवान मानते हैं। अपनी किताब शट अप एंड लिसन में उन्होंने लिखा, हॉस्पिटैलिटी का मतलब सीधा है, ग्राहक के साथ आपका व्यवहार कैसा है, आप उनकी कितनी इज्जत करते हैं और परिस्थितियों के हिसाब से खुद को कितना बदल सकते हैं। यही सोच उनकी सफलता का सबसे बड़ा कारण बनी। फर्टिटा की सफलता के चर्चे व्हाइट हाउस तक हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी उनके अच्छे दोस्त माने जाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मगुरु पोप की सैलरी सुन रह जाएंगे हैरान, पूरी सैलरी जरूरतमंदों को कर देते हैं दान, नहीं है कोई निजी संपत्ति

**वेटिकनसिटी।** ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप को मासिक वेतन मिलने की परंपरा है। यह वेतन 32,000 डॉलर हर माह दिया जाता है। सालाना यह राशि 3,84000 डॉलर होती है यानी हर महीने पोप फ्रांसिस को करीब 26,52,480 लाख रुपए सैलरी मिलती है। यह रकम सालाना करीब 31,829,760 करोड़ रुपए बैठती है। हालांकि पोप फ्रांसिस ने साल 2013 में पदभार संभालने के बाद से सैलरी लेने से इनकार कर दिया था। वह अपनी पूरी सैलरी जरूरतमंदों लोगों को दान कर देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक पोप फ्रांसिस की पूरी सैलरी अनाथ बच्चों की शिक्षा, गरीबों की मदद, चर्च की सहायता, चैरिटी और दूसरे कामों में खर्च होती है। पोप फ्रांसिस, पोप के रूप में नामित होने से पहले भी रोमन कैथोलिक चर्च में जब अहम पद पर थे, तब भी वे सैलरी नहीं लेते थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक पोप की कुल संपत्ति 25 मिलियन डॉलर (2,07,23,75,000 अरब रुपए) के आसपास है। यह संपत्ति उनकी निजी नहीं है, बल्कि पोप के रूप में उनके पद के साथ उन्हें मिली है। पोप के नाम पर पांच लग्जरी कारें, कई प्रॉपर्टी और दूसरी चीजें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पोप को हर साल करोड़ों रुपए का डोनेशन और गिफ्ट भी मिलते हैं, जो चर्च के पास चले जाते हैं। पोप, खुद किसी गिफ्ट या दान को अपने पास नहीं रखते हैं। पोप को सबसे ज्यादा दान रोथ्सचाइल्ड परिवार देता है। हालांकि वे यहूदी हैं। पोप की उपहार के तौर पर आमदनी 2.9 मिलियन डॉलर सालाना है। उनके पास रियल एस्टेट के तौर पर 16 मिलियन डॉलर की संपत्ति है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पोप फ्रांसिस के पास इटली में करोड़ों डॉलर की रियल एस्टेट प्रॉपर्टी है। रिपोर्ट में पोप के स्वामित्व वाली 10 संपत्तियों की सूची दी गई है, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 10.3 मिलियन डॉलर है। पोप के स्वामित्व वाली सबसे मूल्यवान संपत्ति रोम शहर के बाहर फ्रैस्काटी शहर में एक विला है। इस विला की कीमत 5.1 मिलियन डॉलर आंकी गई है। वेटिकन सिटी में एक अपार्टमेंट भी है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.03 मिलियन डॉलर है। इनमें से ज्यादातर संपत्तियां उन्हें उपहार में दी गई थीं।



### ज्यादा बच्चे होने से दिमाग की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हो जाती है धीमी



**वॉशिंगटन।** जिन लोगों के ज्यादा बच्चे होते हैं, वे शारीरिक और मानसिक रूप से ज्यादा फुर्तीले होते हैं और उनके दिमाग की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है। इस ताजा अध्ययन में चौकाने वाले खुलासे किए है। हालांकि, शोधकर्ताओं ने यह भी चेतावनी दी कि इस अध्ययन के सभी प्रतिभागी यू.के. से थे, इसलिए जरूरी नहीं कि इसके निष्कर्ष दुनिया के अन्य हिस्सों पर भी लागू हों। यह अध्ययन बताता है कि बच्चों की वजह से रातों की नींद हराम होना और तनाव में रहना असल में सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इस अध्ययन में यूके के 19,964 महिलाओं और 17,607 पुरुषों के ब्रेन स्कैन का विश्लेषण किया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों के अधिक बच्चे थे, उनकी उम्र बढ़ने के बावजूद फंक्शनल कनेक्टिविटी बेहतर थी। यानी उनके मस्तिष्क और शरीर के विभिन्न हिस्सों के बीच तालमेल अच्छा था। यह प्रभाव विशेष रूप से उन हिस्सों में देखा गया जो गति, संवेदना और सामाजिक जुड़ाव से जुड़े होते हैं। रटगर्स सेंटर फॉर एडवांस्ड ह्यूमन ब्रेन इमेजिंग रिसर्च में मनोचिकित्सा के प्रोफेसर और अध्ययन के मुख्य लेखक अवराम होम्स के अनुसार, जिन क्षेत्रों में उम्र बढ़ने के कारण फंक्शनल कनेक्टिविटी कम होती है, वे बच्चे होने पर मजबूत हो जाते हैं।

### साउथ कोरिया में अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल को जेल से रिहा करने का आदेश

**सियोल।** साउथ कोरिया की अदालत ने महाभियोग का सामना कर रहे अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल को जेल से रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट के फैसले से यून को अपने ऊपर लगे आरोपों के खिलाफ केस चलाने की अनुमति मिल जाएगी। सुक येओल को देश में 'मार्शल लॉ' लागू करने के लिए जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। यून के वकीलों ने जांच एजेंसी पर आरोप लगाया कि उसके पास विद्रोह के आरोपों की जांच करने का कानूनी अधिकार नहीं है। सुक के महाभियोग की अंतिम सुनवाई 25 फरवरी को हुई थी। इस मामले में कुछ ही दिनों में फैसला आने की उम्मीद है। अगर जज यून को हटाने की पुष्टि कर देते हैं, तब 60 दिनों के भीतर देश में चुनाव कराए जाएंगे।



# सीरिया में महिलाओं को नंगा घुमाया गोली मारी, 2 दिन में 1 हजार से अधिक की मौत

**दमिश्क**

सीरिया एक बार फिर हिंसा की आग में जलने लगा है। यहां महिलाओं के सरेआम नंगा घुमाया जा रहा है उन्हे गोलियों से भून दिया जाता है। इस तरह अब तक एक हजार से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया है। सुरक्षा बलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच संघर्ष के दौरान हिसा हुई थी।गवाहों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि महिलाओं को कथित तौर पर निर्वस्त्र करके सड़कों पर घुमाया गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस भयावह दृश्य ने हिंसा को और भड़का दिया।बानियास शहर को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। वहां सड़कों पर शव पड़े हुए थे। इमारतों की छतों पर भी लाशें देखी गईं। बंदूकधारियों ने नागरिकों को शवों को दफनाने से रोक रखा था। एक निवासी ने एपी को बताया, यह बहुत बुरा था। शव सड़कों पर थे। लोग अपने शहर से भाग रहे थे। बंदूकधारी बिना किसी कारण के गोलियां चला रहे थे। घरों और कारों को भी जलाया जा रहा था। यह हिंसा तब शुरू हुई जब वर्तमान सरकार के पक्ष में गोलियां चलाने वाले बंदूकधारियों ने पूर्व राष्ट्रपति असद के प्रति वफादार अलावित अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बदले की भावना से हत्या की शुरुआत की। अब हिंसा कुछ हद तक रुक गई है और सरकार ने अधिकांश इलाकों पर नियंत्रण पुनः स्थापित कर लिया है। अधिकारियों ने स्थिरता बहाल करने के लिए तटीय क्षेत्र की ओर जाने वाली सभी सड़कें बंद कर दी हैं, जहां हिंसा का केंद्र था। सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि संघर्षों में 745 नागरिक मारे गए, जिनमें से अधिकांश को नजदीक से गोलियों से मारा गया था। इसके अलावा, 125 सरकारी सुरक्षा बलों के सदस्य और असद से जुड़े सशस्त्र समूहों के 148 उग्रवादी भी मारे गए हैं।असद शासन के दौरान अलावितों को सेना और अन्य उच्च पदों पर प्रमुख स्थान मिला था। हालांकि, तीन महीने पहले नए शासन की शुरुआत के साथअलावित समुदाय को बार-बार उनके पूर्व राष्ट्रपति से जुड़े होने के कारण निशाना बनाया गया है।ब्रिटेन स्थित सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि हिंसा के साथ-साथ कई अलावित बहुल क्षेत्रों में बिजली और पीने का पानी भी काट दिया गया है। अलावित गांवों के लोगों ने एपी को बताया कि समुदाय के कई घरों को लूटा गया और फिर आग लगा दी गई।



## ट्रंप का साथ छूटने से घबराए यूरोपीय देश कर रहे जंग की तैयारी, जनता को थमा रहे हथियार



**वॉशिंगटन ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई तीखी बहस के बाद यूरोपीय देश टेंशन में आ गए हैं। उन्हे लग रहा है कि अमेरिका ने उनका साथ छोड़ दिया है। इसके बाद से ही सभी देश जंग की तैयारियों में जुटे दिखाई दे रहे है। वे अपनी जनता को हथियार दे रहे और उन्हे उसका प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। अब तक अमेरकि यूरोप के देशों की रक्षा में हमेशा खड़ा रहता था। उसके फाइटर जेट्स, आर्मी हर पल उनकी सिक्योरिटी में लगे रहते थे। लेकिन जब से ट्रंप ने कह दिया है कि अब वे एक रुपया भी इन पर नहीं खर्च करने वाले, तब से यूरोपीय देश खौफ में आ गए हैं। यूरोपीय यूनियन के नेताओं ने इमरजेंसी मीटिंग की है। इसमें डिफेंस बजट तुरंत बढ़ाने का ऐलान किया गया है। इसके अलावा पोलैंड अपने सभी लोगों को हथियारों की ट्रेनिंग देने जा रहा है। कुछ ऐसा ही प्लान फ्रांस और जर्मनी का भी है। ब्रिटेन के आर्मी चीफ पहले से कहते आ रहे हैं कि हमें सबको आर्म्स ट्रेनिंग देनी होगी, कि अगर कोई अटैक हो तो उसका मुकाबला किया जा सके।पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने संसद में कहा कि पोलैंड में सभी पुरुषों को आर्मी ट्रेनिंग देने जा रहे हैं। हम पोलिश सेना का आकार वर्तमान 200,000 से बढ़ाकर 500,000 करना चाहते हैं। महिलाएं भी ट्रेनिं ले सकती हैं। पोलैंड अपना डिफेंस बजट 5 प्रतिशत तक बढ़ाएगा। यूरोपीय यूनियन के 27 देशों ने मिलकर 800 बिलियन यूरो का एक्स्ट्रा डिफेंस बजट मंजूर किया है। इनमें 150 बिलियन यूरो से नए हथियार और गोला बारूद खरीदा जाएगा। फ्रांस, जर्मनी से लेकर ब्रिटेन तक अभी डिफेंस इंडस्ट्री में जान फूंकने का ऐलान कर चुके हैं। उन्हें ज्यादा गोला-बारूद बनाने का आदेश दिया जा चुका है। हंगरी ने अपना डिफेंस बजट अचानक बढ़ा दिया है।

# फैटी लिवर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को दे सकता है जन्म



**लंदन**

फैटी लिवर की समस्या अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत खानपान की वजह से तेजी से बढ़ रही है। ताजा अध्ययन के अनुसार, हफ्ते में सिर्फ 4 घंटे साइक्लिंग या जॉगिंग करने से लिवर में जमा वसा को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

एशियाई प्रशांत लिवर अध्ययन संघ (एपीएएसएल) की रिपोर्ट के अनुसार, मध्यम से तीव्र तीव्रता वाले व्यायाम, जैसे तेज चलना, साइकिल चलाना और जॉगिंग, लिवर की चर्बी को कम करने में कारगर साबित होते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, प्रति सप्ताह 150 से 240 मिनट तक एरोबिक एक्सरसाइज करने से लिवर फैट में उल्लेखनीय कमी आती है। अध्ययन में यह भी बताया गया है कि यह एक्सरसाइज इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाती है और शरीर में सूजन को कम करती है, जिससे फैटी लिवर की समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, फैटी लिवर की समस्या का सबसे बड़ा कारण अस्वस्थ खानपान, शारीरिक निष्क्रियता, मोटापा और शराब का सेवन है। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए, तो यह समस्या लिवर सिरोसिस, टाइप-2 डायबिटीज, हृदय रोग और पाचन संबंधी परेशानियों को जन्म दे सकती है। ऐसे में लिवर की चर्बी कम करने के लिए नियमित व्यायाम बेहद जरूरी है। हफ्ते में 4 घंटे तक साइक्लिंग या जॉगिंग करने से न सिर्फ लिवर हेल्दी रहता है, बल्कि मेटाबॉलिज्म भी तेज होता है, जिससे शरीर की फैट बर्निंग क्षमता बढ़ती है।

इसके अलावा, ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और वजन नियंत्रित रहता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर कोई व्यक्ति प्रतिदिन 30-40 मिनट की तेज चाल, जॉगिंग या साइक्लिंग करता है, तो यह लिवर फैट को तेजी से कम करने में मदद कर सकता है। स्वस्थ लिवर के लिए जरूरी है कि व्यक्ति अपने खानपान पर भी विशेष ध्यान दे। जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड और अधिक मीठे पदार्थों से बचना चाहिए। हरी सब्जियां, साबुत अनाज, फल और हेल्दी फैट को डाइट में शामिल करना चाहिए। इसके अलावा, ग्रीन टी, हल्दी और एंटीऑक्सीडेंट युक्त भोजन भी लिवर की चर्बी कम करने में सहायक होते हैं। बता दें कि लिवर में अधिक मात्रा में फैट जमा हो जाने को फैटी लिवर कहा जाता है, जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है।

## ग्रुप से हटाने पर एडमिन की हत्या



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य की राजधानी पेशावर में व्हाट्सअप ग्रुप से निकाले जाने से नाराज एक व्यक्ति ने ग्रुप एडमिन की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह घटना पेशावर के बाहरी इलाके रेगी में हुई। अभी तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस के मुताबिक मुश्ताक अहमद नाम के व्हाट्सअप एडमिन ने अशफाक खान को ग्रुप से बाहर कर दिया था। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हो गया था। दोनों मिलकर विवाद खत्म करने के लिए राजी हो गए थे, लेकिन अशफाक ने मिलते ही मुश्ताक की गोली मारकर हत्या कर दी।

# अमेरिका के एक और हिंदू मंदिर पर हमला, दीवारों पर लिखे आपत्तिजनक नारे

**कैलिफोर्निया**

कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर रविवार को हमलावरों ने आपत्तिजनक नारे लिखे और तोड़फोड़ की। हालिया महीनों में अमेरिका में हुई यह दूसरी घटना है।

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि चीनो हिल्स स्थित मंदिर हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरत की एक और घटना का शिकार हुआ है। बीएपीएस की तरफ से एक्स पर घटना का विवरण साझा करते हुए जोर दिया गया है कि वे नफरत को कभी जड़ नहीं जमाने देंगे और शांति और करुणा कायम रहेगी।

बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने कहा, मंदिर के अपमान की एक और घटना के बाद चीनो हिल्स में हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ डटकर खड़ा है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया के समुदाय के साथ मिलकर हम कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे। हमारी साझा मानवता और आस्था यह सुनिश्चित करेगी कि शांति और करुणा बनी रहे।




हालांकि घटना को लेकर चीनो हिल्स पुलिस विभाग की ओर से अभीतक कोई बयान जारी नहीं किया गया है। घटना को लेकर हिंदू समुदाय में गहरी चिंता देखी जा रही है। अमेरिकी राज्य लॉस एंजिल्स में तथाकथित खालिस्तानी जनमत संग्रह से कुछ दिन पहले, कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में मौजूद बीएपीएस हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की यह घटना पिछले कुछ महीनों से चल रही भारत विरोधी गतिविधियों की श्रृंखला की तरह सामने आई है। पिछले साल सितंबर में भी इस मंदिर को निशाना बनाया गया था।

# यूएई में छोटे अपराधों के लिए भी दिए जाते हैं सख्त दंड

**दुबई**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एक इस्लामिक देश है, जहां शरीया कानून का पालन किया जाता है। शरीया कानून के अनुसार कई अपराधों की सजा सीधे मौत होती है। यहां की सरकार का मानना है कि अपराध को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका यह है कि अपराधी को इतनी कड़ी सजा दी जाए कि बाकी लोग अपराध करने से पहले ही डर जाएं।

यही वजह है कि यहां चोरी जैसे छोटे अपराधों के लिए भी सख्त दंड दिए जाते हैं। यूएई की अदालतें अपराध के मामलों में तेजी से फैसले सुनाती हैं, जिससे अपराधियों को जल्द ही सजा मिल जाती है। खासतौर पर हत्या, बलात्कार और ड्रग तस्करी के मामलों में कोर्ट सीधे फांसी की सजा सुनाती है और कई बार दोषियों को अपील का मौका भी नहीं दिया जाता। ड्रग्स से जुड़े अपराधों पर यहां कोई नरमी नहीं बरती जाती। अगर कोई व्यक्ति ड्रग तस्करी या ड्रग्स बेचते हुए पकड़ा जाता है, तो उसे सीधे मौत की सजा दी जा सकती है। इसी तरह आतंकवाद को लेकर भी कानून बेहद सख्त है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि में शामिल पाए जाने पर बिना देर किए फांसी की सजा सुना दी जाती है। यूएई में लाखों विदेशी काम करने जाते हैं, लेकिन वहां के कानून इतने सख्त हैं कि अगर कोई विदेशी किसी गंभीर अपराध में पकड़ा जाता है, तो उसे किसी तरह की रियायत नहीं दी जाती।



कई बार देखा गया है कि दूसरे देशों के नागरिकों को भी सीधे फांसी की सजा सुनाई गई है। हालांकि, हाल के वर्षों में कुछ मामलों में फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदला गया है, लेकिन ज्यादातर मामलों में सख्त सजा ही दी जाती है। सरकार का मानना है कि कड़े कानूनों की वजह से वहां अपराध दर बेहद कम है। कुछ लोग इसे न्यायसंगत मानते हैं, जबकि कुछ इसे बहुत ज्यादा कठोर बताते हैं। यूएई दुनिया के उन देशों में शामिल है, जहां कानून बेहद सख्त हैं। यहां हत्या, ड्रग तस्करी, बलात्कार और आतंकवाद जैसे अपराधों के लिए सीधे मौत की सजा दी जाती है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रोक दी वित्तीय मदद, फटेहाल हो गया नेपाल, लोगों से लोन मांगकर काम चल रही सरकार

**काठमांडू।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वित्तीय मदद रोकने से नेपाल की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। नेपाल सरकार मौजूदा खर्चों को पूरा करने में असमर्थ है, हालात इतनी खराब हो चुकी हैं कि नेपाल सरकार को देश के लोगों से लोन लेना पड़ रहा है। नेपाल पर सार्वजनिक कर्ज तेजी से बढ़ रहा है। अब यह बोझ दोगुना हो गया है। चालू वित्त वर्ष के पहले 7 महीनों में सार्वजनिक कर्ज में करीब 2 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। कर्ज प्रबंधन कार्यालय के अनुसार, बीते साल के जुलाई में सार्वजनिक कर्ज 24.034 लाख करोड़ रुपए था, जो फरवरी तक बढ़कर 26.011 लाख करोड़ रुपए हो गया। नेपाल में सरकारी कर्ज बढ़कर देश के जीडीपी का 45.77 प्रतिशत है। एक दशक पहले तक यह आंकड़ा जीडीपी का 22 प्रतिशत था। वहीं, कुल कर्ज में विदेशी कर्ज 50.87 प्रतिशत है, घरेलू कर्ज 49.13 प्रतिशत है। दरअसल यूएसएआईडी के 95 अरब रुपए के कार्यक्रमों के स्थगित होने से स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि प्रभावित हुई है। मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन (एमसीसी) परियोजना भी अमेरिकी सहयोग बंद होने के बाद रुक गई है। इस साल सरकार 18.063 लाख करोड़ रुपए का बजट लागू कर रही है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बजट में करीब दस प्रतिशत की कटौती की गई है। पिछले सप्ताह सरकार ने नागरिक बचत बांड के माध्यम से 3.5 अरब रुपए का कर्ज जारी किया। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 5 खरब 47 अरब रुपये का सार्वजनिक ऋण जुटाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन चुकौती के लिए केवल 4 खरब 2 अरब रुपए आवंटित किए हैं। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि देश में सरकारी लोन चेतावनी के स्तर पर पहुंच गया है। सुशासन विशेषज्ञ डॉ. ठाकुर प्रसाद भट्ट ने कहा कि सार्वजनिक ऋण में वृद्धि से नेपाल की अर्थव्यवस्था को खतरा हो सकता है। ऋण का सही क्षेत्रों में प्रभावी उपयोग नहीं हो रहा है, जिससे समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति केपी शर्मा ओली की सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। बिगड़ती आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने एक आर्थिक सुधार सुझाव आयोग का गठन किया है, लेकिन सुधार के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

# भारतीय त्यौहार हमें आपसी तालमेल एवं सौहार्द की शिक्षा प्रदान करते हैं : अजय कट्टा



**मुरादाबाद, (हि.स.)।** भारत विकास परिषद लक्ष्य शाखा मुरादाबाद द्वारा रविवार को रंग बरसे होली महोत्सव का आयोजन किया गया। रंग, आस्था, उमंग, स्नेह एवं उन्नति के प्रतीक पर्व होली के उत्साह में सभी ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाखा संस्थापक अजय कट्टा ने कहा कि भारतीय त्यौहार हमें आपसी तालमेल एवं सौहार्द की शिक्षा प्रदान करते हैं। स्वयंवर बैंकेट हाल में आयोजित होली महोत्सव के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिल्पी अग्रवाल और हिमानी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में तंबोला गेम, सरप्राइज गेम्स, कपल गेम्स और अंत में फूलों की होली कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बनी। सभी ने होली के गीतों की धुनों पर फूलों की होली खेली। इस अवसर पर लक्ष्य शाखा के अध्यक्ष डा. रोहित अग्रवाल ने सभी अतिथि एवं कार्यक्रम के आयोजकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में परिषद कोषाध्यक्ष रितिक सिंघल, सहसचिव अश्विनी रस्तोगी सहित यश सिंघल, दीपक अग्रवाल एडवोकेट, नमन जैन, शिवम अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, रजत गोयल, आस्तिक गोयल, अंकित जैन, वंशिका अग्रवाल, प्रिया जैन, दिपाली अग्रवाल, रतिका अग्रवाल, प्रांजल सिंघल आदि उपस्थित रहे।

# श्री काशी विश्वनाथ धाम में पूरे उल्लास के साथ निभाई गई हल्दी की रस्म

**-श्री काशी विश्वनाथ का गौना उत्सव: भव्यता और श्रद्धा का संगम, दरबार में जुटे शिवभक्त**



**वाराणसी, (हि.स.)।** श्री काशी विश्वनाथ के गौना उत्सव (रंगभरी एकादशी) की पूर्व संध्या पर रविवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में हल्दी की पारंपरिक रस्म पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ हुई। इस अवसर पर धाम में भक्ति, उल्लास और आस्था का अद्वितीय संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और भक्तिमय माहौल ने काशी की गलियों को मंगलमय कर दिया। दरबार में उत्सव की शुरूआत प्रातःकाल मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मस्थल से बाबा विश्वनाथ के लिए भेजी गई हर्बल अबीर-गुलाल और अन्य उपहार सामग्री के आगमन से हुई। साथ ही, सोनभद्र से आए वनवासी समाज के भक्तों द्वारा भेंट किए गए राजकीय फूल पलाश से निर्मित हर्बल गुलाल को भी बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह में अर्पित किया गया। इस पवित्र अनुष्ठान का नेतृत्व मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र और डिप्टी कलेक्टर शम्भु शरण ने किया। उन्होंने विधि-विधानपूर्वक श्री विश्वेश्वर का पूजन कर हर्बल गुलाल चढ़ाया, जिससे गर्भगृह का वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। पूजन के उपरांत बाबा विश्वनाथ की चल रजत प्रतिमा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जो मंदिर चौक से होकर गुजरी। इस आलौकिक दृश्य ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। हजारों भक्तों ने इस आध्यात्मिक यात्रा में भाग लेकर बाबा विश्वनाथ और मां गौरा की प्रतिमा पर हल्दी अर्पित की। हल्दी की इस परंपरा को सौभाग्य, मंगलकामना और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इस महोत्सव में मथुरा से आए भक्तगण, श्री कृष्ण जन्मस्थली से उपहार लेकर आए श्रद्धालु, इतिहासकार एवं लेखक विक्रम सम्पत और वनवासी समाज के भक्तों ने विशेष रूप से सहभागिता की। उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के संगम ने काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। मंदिर न्यास के अनुसार, यह आयोजन न केवल काशी विश्वनाथ धाम के भक्तों के बीच एकता और आस्था को मजबूत करता है बल्कि काशी की ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी सहेजने का प्रयास है। रंगभरी एकादशी महोत्सव का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करना और काशी की सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाना है।

**तीन दिवसीय लोक उत्सव में दूसरे दिन अलौकिक छटा-** इस वर्ष रंगभरी एकादशी को त्रिदिवसीय लोक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। बीते शनिवार को बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की चल प्रतिमा को शास्त्रीय अर्चना के साथ मंदिर चौक में शिवार्चनम् मंच के निकट तीन दिनों के लिए विराजमान किया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं के बीच धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है।

**काशी की सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव-** गौना उत्सव के माध्यम से काशी की प्राचीन परंपराएं और संस्कृति पुनर्जीवित हो रही हैं। यह महोत्सव न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि काशी की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का एक प्रयास भी है। श्री काशी विश्वनाथ का गौना उत्सव काशी की आस्था, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यह भव्य आयोजन श्रद्धालुओं को काशी की अध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराता है।

# अहमदाबाद के पार्षदों के दल ने वाराणसी स्मार्ट सिटी की कार्यप्रणाली को समझा

**वाराणसी, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात के अहमदाबाद के नगर निगम के स्टैंडिंग काउंसिल के अध्यक्ष देवांग जितेन्द्रभाई दानी के नेतृत्व में 12 सदस्यीय पार्षदों के दल ने वाराणसी नगर निगम की सफाई व्यवस्था और स्मार्ट सिटी की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया। दो दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन रविवार को दल ने नगर में घर-घर से कूड़ा उठान और सफाई व्यवस्था को देख कर समझा। पहले दिन पार्षदों को नमो घाट से अस्सी घाट तक गंगा में क्रूज से यात्रा कराई गई। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के जवाहर नगर गुरुधाम स्थित संसदीय कार्यालय में नियमित कार्यकलापों का निरीक्षण किया। साथ ही दल ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए। दूसरे दिन प्रातः पार्षदों ने गांधी नगर और सिगरा क्षेत्र में सफाई और घर-घर से कूड़ा उठान की व्यवस्था देखी। उन्होंने यूजर चार्जेज की निगरानी के लिए लगाए गए क्यूआर कोड की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त दल ने पैदल भ्रमण कर सिगरा स्थित त्रिनेत्र भवन का निरीक्षण किया। स्मार्ट सिटी परियोजना के आईटी अधिकारी राहुल



तिवारी ने आधुनिक तकनीकी सेवाओं के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया। स्मार्ट सिटी के सभागार में महापौर अशोक कुमार तिवारी ने अतिथियों का अंगवस्त्र और श्री काशी विश्वनाथ दरबार का मोमेंटो देकर स्वागत किया और नगर निगम की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। महापौर ने प्रयागराज में हुए महाकुंभ 2025 के लिए की तैयारियों की जानकारी दी, जिसमें मंदिर क्षेत्रों की सफाई, गंगा घाटों की व्यवस्था, शेल्टर होम, लाकर रूम, निःशुल्क भोजन वितरण, अतिरिक्त वाहन स्टैंड, मार्ग प्रकाश और अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती शामिल है। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने डोमरी क्षेत्र में 600 बीघा सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया है। अहमदाबाद नगर निगम के दल में पंकज बच्चूभाई भट्ट, मनीष नरसिंह सोलंकी, मेहुलभाई चीनूभाई शाह, आरती गिरीश पंचाल, ओमप्रकाश मुक्ताजी बागदी, विजय पंचाल, विपुल चिनूभाई पटेल, बाकुला इंजीनियर, जिगिशाबेन सोलंकी, भाविक कुमार कानुभाई पटेल और भाविक पटेल शामिल थे। वाराणसी नगर निगम की ओर से स्थानीय पार्षद सुरेश कुमार चौरसिया, अमरदेव यादव, श्याम आसरे मौर्य, प्रमोद राय, सिन्धु सोनकर, अपर नगर आयुक्त सविता यादव, संगम लाल, विनोद कुमार गुप्ता, संयुक्त नगर आयुक्त कृष्ण चन्द्र, मुख्य अभियंता मोईनुद्दीन, महाप्रबंधक जलकल अनूप सिंह और सचिव जलकल ने अतिथियों का स्वागत किया।

# जौनपुर महोत्सव आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, 1001 जोड़ों को देंगे आशीर्वाद

**जौनपुर, (हि.स.)।** जिले में आज से तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। महोत्सव में 12 मार्च मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। यह जानकारी रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरिश चंद्र यादव ने दी। मंत्री ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले महोत्सव में देश के जाने माने कलाकार शामिल होंगे। स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी।



पहले दिन जिले के तमाम कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान कलाकार, शिक्षकों और समाज के संभ्रांत नागरिकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को महोत्सव में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 1001 जोड़े अपने दाम्पत्य जीवन की शुरूआत करेंगे। नव वर बधुओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आशीर्वाद देने आएंगे। महोत्सव में विशेष वीडियो चलाया जाएगा जो जिले में अभी तक के कराए गए विकास को लेकर होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस विवाह में शामिल जोड़ों को 51 हजार रुपये दिए जाएंगे, जिसमें 35 हजार उनके खाते में और 16 हजार में उनके वैवाहिक उपहार और खानपान का शामिल है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महोत्सव में यातयात को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर मातहतों को निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित हुआ रायबरेली का आईडीटीआर : परिवहन आयुक्त



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को नवीनतम तकनीक से लैस करने के लिए प्रशिक्षण कराया जाएगा। इसके लिए रायबरेली में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रमों को तैयार करने के लिए प्रशिक्षण प्रकोष्ठ (ट्रेनिंग सेल) का गठन किया गया है। सेल की अध्यक्ष अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) होंगी और अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन), अपर परिवहन आयुक्त ( राजस्व), अपर परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा), अपर परिवहन आयुक्त (आईटी), परिवहन आयुक्त कार्यालय के वित्त नियंत्रक और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आईडीटीआर रायबरेली के नोडल अधिकारी इसके सदस्य होंगे। परिवहन आयुक्त ने कहा कि विभागीय अधिकारियों को नवीनतम प्रौद्योगिकी, डेटा आधारित नीति निर्माण, प्रवर्तन रणनीतियों और ई-गवर्नेंस आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आरआई, पीटीओ, एआरटीओ, आरटीओ, डीटीसी, एटीसी आदि के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित होंगे। इसके साथ ही नवागंतुक अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण तथा विभाग में कार्यरत अधिकारियों के लिए रिफ्रेशर कोर्स के साथ ही समय-समय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**रांची, (हि. स.)।** बीआईटी ओपी पुलिस ने हथियार के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान अमरेश कुमार सिंह और गौतम कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने रविवार को बताया कि वरीय अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी



कि नारायण टेंट हाउस के पीछे, ग्राम केदल स्थित एक मकान में कुछ लोग हथियार और गोली के साथ किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मकान को चारों ओर से घेरकर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद हुई। ओपी प्रभारी के अनुसार, दोनों आरोपितों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

# श्याम संघ की आज निकलेगी निशान शोभायात्रा

**रांची, (हि.स.)।** श्री श्याम संघ की ओर से सोमवार को अपर बाजार स्थित स्थानीय श्री राधा वल्लव मंदिर में श्री श्याम फाल्गुन उत्सव मनाया जाएगा। एकादशी के शुभ अवसर पर 351 श्याम भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक आशीष अग्रवाल रविवार को बताया की सुबह में गणेश पूजा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा । निशान पूजा के मुख्य यजमान संजीव विजयवर्गीय अपने परिवार के साथ निशान पूजन करेंगे। इसके बाद श्याम भक्त रंग बिरंगे निशान के साथ भव्य शोभायात्रा निकालेंगे। निशान शोभायात्रा अपर बाजार श्री राधा वल्लव मंदिर से जेजे रोड़, शहीद चौक, कुंजलाल स्ट्रीट,दत्ता ब्रदर्स, ईस्ट मार्केट रोड़, लोहिया चौक, कार्ट सराय रोड, बंशीधर अडुकिया रोड होते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। वहां भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। शोभायात्रा में श्याम भक्त पारंपरिक और राजस्थानी पोशाक में रहेंगे । वहीं



रात्रि से मंदिर परिसर में फाल्गुन रसिया मनाया जाएगा जहां भक्त खाटू के तोरण द्वार का दर्शन करेंगे । रात सात बजे से श्री राधा वल्लभ मंदिर में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार, नयनाभिराम झांकी,अखंड ज्योत, सवामनी, महाप्रसाद एवं फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा । मुख्य यजमान रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद जैन अपने परिवार के साथ बाबा श्याम का अखंड ज्योत प्रज्वलित करेंगे ।कोलकाता की भजन गायिका प्रिया पोद्दार के सुमधुर भजनों पर श्याम प्रेमी गोता लगाएंगे ।

# ग्रामीणों ने बकरी चोर को पीटा, इलाज के दौरान हुई मौत

**लातेहार (हि.स.)।** सदर थाना क्षेत्र के गोवा गांव में शनिवार की देर रात ग्रामीणों ने बकरी चोरी करने वाले एक व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में आरोपित कर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सलीम खान के रूप में हुई है ।यह मध्य प्रदेश का रहने वाला था। वर्तमान में यह एक ईंट भट्ठा में काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात सलीम खान शराब के नशे में धुत होकर गोवा गांव में एक व्यक्ति का बकरी चोरी कर भाग रहा था। बकरी की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में घटना की



जानकारी पुलिस को भी दी गई। इसके बाद थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े के नेतृत्व में पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायल सलीम खान को सदर अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान सलीम खान की मौत हो गई। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी ने रविवार को बताया कि मामले की जानकारी होने के बाद घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। परंतु इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय टीम की जीत के लिए रांची के पहाड़ी मंदिर में हवन-यज्ञ

**रांची, (हि.स.)।** चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के लिए रविवार को रांची के पहाड़ी मंदिर में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति की ओर से हवन और महायज्ञ किया गया।समिति के अध्यक्ष राजेश साहू और प्रवक्ता बादल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी और मंदिर के पुजारियों ने हवन-पूजन कर भारत की विजय की कामना की। महायज्ञ के दौरान पहाड़ी बाबा से प्रार्थना की गई कि भारतीय टीम फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करे।राजेश साहू ने कहा कि भारत की जीत पूरे विश्व में देश का मान बढ़ाएगी। वहीं, प्रवक्ता बादल सिंह ने विश्वास जताया कि



करोड़ों देशवासियों की दुआ भारतीय टीम के साथ है और पहाड़ी बाबा का आशीर्वाद खिलाड़ियों को प्राप्त होगा।इस हवन में मुख्य रूप से पुजारी मनोज बाबा, चिक्कू बाबा, राम सिंह, मेहुल प्रसाद, स्वपना चटर्जी, सुनील गुप्ता और शशिकांत मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार रोजगार एवं नौकरी सृजन में अग्रणी राज्य : उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना, (हि.स.)।** बिहार प्रदेश जनता दल (यू0) के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर शिक्षक भर्ती के तृतीय चरण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले 51 हजार से अधिक शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारे नेता की दूरदर्शी नीतियों के कारण सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में निरंतर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को रोजगार और नौकरी सृजन में अग्रणी राज्य बताते हुए कहा कि सूबे की सरकार युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस सहित अन्य विभागों में व्यापक पैमाने पर तेजी से भर्तियां हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश सरकार में अब तक तकरीबन 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियों में नियुक्ति हो चुकी है। हमारे नेता का लक्ष्य 2025 चुनाव से पहले कुल 12 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी से जोड़ने का है। इसके अलावे 38 लाख रोजगार सृजन की दिशा में भी सरकार तेजी से अग्रसर है। शिक्षक नियुक्ति की सबसे खास बात यह है कि कुल चयनित प्रारभिक शिक्षको में 56 फीसदी सिर्फ महिलायें हैं, यह आँकड़ें राज्य में महिला सशक्तिकरण के भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। राजद पर भी हमला बोलते हुए उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिन लोगों ने अपने शासनकाल में नौकरियां देने के बजाय जंगलराज स्थापित किया, वह



अब झूठा श्रेय बिटोरकर जनता को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजद की सरकार में रोजगार के बदले रिश्वतखोरी का दौर था। लैंड फॉर जॉब घोटाला लालू परिवार की भ्रष्ट राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण है। 15 वर्षों के शासन में सरकारी नौकरियां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गईं और उद्योग-धंधे चौपट होने से युवाओं को मजबूरन पलायन करना पड़ा। राजद की सरकार में अपराध और अपहरण उद्योग बन चुका था। आपराधिक सरगनाओं के लिए सबसे सुरक्षित स्थान मुख्यमंत्री आवास था।

# मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों का सौंपे नियुक्ति पत्र, शिक्षकों से बच्चों को ठीक से पढ़ाने का किया आग्रह

**-रविवार को पूरे राज्य में 51 हजार 389 नवनियुक्त शिक्षकों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र**

**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के चयनित 51 हजार 389 शिक्षिकों में से कुछ अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर इसकी शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी शिक्षकों को बच्चों को ठीक से पढ़ाने और उन्हें शिक्षित करने का आग्रह किया और सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की नसीहत दी। बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इस पर सभी लोग विशेष ध्यान रखें। रविवार को गांधी मैदान पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीपीएससी के चयनित 51 हजार 389 शिक्षिकों को नियुक्ति पत्र सौंपने की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने नूतन कुमारी, आरती कुमारी, वर्षा राज, खुशबू कुमारी, पंकज कुमार, सानिया परवीन, काजल कुमारी, आशुतोष आनंद, आनंद एवं मिश्रा खुशबू सुनील को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपे। गांधी मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में आज 10 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए, जबकि शेष लोगों को जिलों से नियुक्तिपत्र सौंपे गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में मौजूद शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज जिन नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्तिपत्र सौंपा गया है, वे बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। मुझे बहुत खुशी है कि हाल ही में बिहार लोक सेवा




आयोग ने 51 हजार 389 शिक्षकों का चयन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम लोगों को यहां काम करने का मौका मिला तो शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए कई कदम उठाए गए हैं। नियोजित शिक्षकों की बहाली की गई। वर्ष 2023 में बिहार लोक सेवा आयोग ने नये शिक्षकों की बहाली की है।

पहले चरण में 1 लाख 20 हजार 336 शिक्षकों का तथा द्वितीय चरण में 94 हजार 833 शिक्षकों की बहाली की गई है। दोनों चरणों के नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र पहले ही दिया जा चुका है। आज तीसरे चरण ओ 51 हजार 389 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्तिपत्र सौंपे गए हैं। इस प्रकार तीनों चरणों को मिलाकर कुल 2 लाख 68 हजार 548 नये शिक्षक बहाल हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावे बीपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में 42 हजार 918 हेडमास्टर भी पास हुए हैं, जिन्हें अगले महीने नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। इन चारों चरणों को मिलाकर बीपीएससी से नियुक्त होनेवाले नये शिक्षकों की संख्या 3 लाख 11 हजार 466 हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में शिक्षकों की अत्यधिक कमी के कारण वर्ष 2006-07 से पंचायत एवं नगर निकायों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति की गई, जिनकी कुल संख्या लगभग 3 लाख 68 हजार है, जिसमें 28 हजार नियोजित शिक्षक बीपीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सरकारी शिक्षक बनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शेष 3 लाख 40 हजार शिक्षक नियोजित शिक्षक के रूप में बचे रह गए तो हमने तय किया कि नियोजित शिक्षकों को बीपीएससी की परीक्षा देने की जरूरत नहीं है, उन्हें अलग से परीक्षा देकर सरकारी शिक्षक बनाने के लिए पांच अवसर दिए जाएंगे।

अब तक 2 लाख शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षाओं का आयोजन हो चुका है। एक लाख 87 हजार 818 नियोजित शिक्षक प्रथम सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए तथा 66 हजार 143 नियोजित शिक्षक दूसरी सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। दोनों को मिलाकर 2 लाख 53 हजार 961 नियोजित शिक्षक सरकारी शिक्षक बन चुके हैं। अब केवल 86 हजार 39 नियोजित शिक्षक बच गए हैं जिनको 3 मौके और दिए जाएंगे। बीपीएससी द्वारा नियुक्त 3 लाख 11 हजार 466 नये सरकारी शिक्षक तथा 2 लाख 53 हजार 961 नियोजित शिक्षकों से बने सरकारी शिक्षकों की कुल संख्या को जोड़ दें तो राज्य में सरकारी शिक्षकों की कुल संख्या 5 लाख 65 हजार 427 हो जाएगी।



# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में मामूली गिरावट

नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी में 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सोना 510 रुपये से लेकर 560 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। भाव में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये से लेकर 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये से लेकर 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 99,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स ने फंड जुटाने की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक विश्व में क्रिएटिव विजुअल इफेक्ट्स के क्षेत्र में उभरती कंपनी फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड ने एक महत्वपूर्ण स्ट्रैटेजी घोषित की है। इस कंपनी ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट और फुली कनवर्टिबल वॉरंट्स के जरिए फंड जुटाने का ऐलान किया है। इस योजना के अनुसार क्यूआईपी के माध्यम से 80 करोड़ रुपये और प्रिफरेंशियल इश्यू के जरिए 59.95 करोड़ रुपये तक का निवेश किया जाएगा। फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स का उद्देश्य है वैश्विक विस्तार रणनीति, टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन, और एआई इंटीग्रेशन को सुदृढ़ करके हॉलीवुड स्टूडियो, ओटीटी प्लेटफॉर्म और गेमिंग इंडस्ट्री की मांग को पूरा करना है। कंपनी ने यहाँ तक कहा है कि उन्हें एडवांस्ड विजुअल इफेक्ट्स टेक्नोलॉजी और एआई-ड्रिवन प्रोडक्शन पाइपलाइन्स में निवेश करके अपनी ऑपरेशनल क्षमताओं को मजबूत करना है। कंपनी ने अपने अंदर 24,27,000 फुली कन्वर्टिबल वारंट्स को प्रिफरेंशियल बेसिस पर जारी और आवंटित करने की आमंत्रण जारी की है। इस इश्यू का कुल साइज 59.95 करोड़ रुपये का है। फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स एनएसई पर लिस्टेड कंपनी है और इसकी यह कदम विश्वास को जताता है कि कंपनी का भविष्य उज्जवल है ।

### बर्ड फ्लू की खबर के बाद लोगों में दहशत, चिकन बिक्री में गिरावट की उम्मीद



**पटना।** होली से पहले चिकन-मटन के शौकीन लोगों के लिए भारत में बड़ी खबर आई है। यहां मुर्गियों पर एक आफत मंडराने लगी है, जो कीमतों में उछाल ला सकती है। 27 फरवरी को अचानक से कई मुर्गियों की मौत की खबरें आने के बाद भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने बर्ड फ्लू की पुष्टि की है। आईसीएआर परिसर में मुर्गियों की मौत ने प्रशासन को सकते में डाल दिया था, जिसके बाद उन्होंने सभी मुर्गियों को जलाकर दफना दिया। पटना के अलावा, झारखंड के बोकारो जिले में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है. यहां के राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस पाया गया, जिसके बाद प्रशासन ने एक किलोमीटर के दायरे में मौजूद सभी मुर्गियों को मारने का आदेश जारी कर दिया। ऐसे में चिकन के शौकीनों को खासतौर पर सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि संक्रमित मुर्गे के संपर्क में आने से वायरस इंसानों में भी फैल सकता है। बर्ड फ्लू की खबर के बाद लोगों में दहशत है, और चिकन की बिक्री में भारी गिरावट आ सकती है। वहीं, चिकन के विकल्प के रूप में मटन की मांग तेजी से बढ़ने की संभावना है, जिससे इसकी कीमतों में बड़ा उछाल देखने को मिलेगा। फिलहाल, 700-800 रुपये प्रति किलो मिलने वाला मटन होली तक 1400-1600 रुपये प्रति किलो तक पहुंच सकता है। बर्ड फ्लू से बचाव के लिए प्रशासन ने कच्चे और अधपके मांस से परहेज करने की सलाह दी है। चिकन और अंडे को अच्छी तरह से पकाकर ही खाने की हिदायत दी गई है, ताकि किसी भी तरह के संक्रमण से बचा जा सके।

### महानायक ने अयोध्या में दो बीघा जमीन खरीदी, जल्द करेंगे बड़ा ऐलान



**अयोध्या।** अयोध्या के निकट राम मंदिर से करीब 20 मिनट की दूरी पर स्थित तिहुरा मांझा में महानायक अमिताभ बच्चन ने 86 लाख रुपये में दो बीघा जमीन खरीदी है। इस जमीन पर पिता हरिवंशराय बच्चन के नाम पर मेमोरियल ट्रस्ट बनने की संभावना है। इस खरीदी के माध्यम से द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा ने हरिवंशराय बच्चन मेमोरियल ट्रस्ट के नाम पर उपहार पेश किया है। यह जमीन राम मंदिर से करीब 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। एक सूत्र के अनुसार, अमिताभ बच्चन ने यह खरीदी के लिए अयोध्या आने वाले पर्व का चयन किया था। उन्होंने पुराने यात्रियों से शुभकामनाएं ली और हमेशा अयोध्या के किनारे वाले छोरे का अनुभव करने की आशा जताई। इससे पहले भी अमिताभ बच्चन की अयोध्या में जमीन खरीदने की खबरें सामने आई थीं। उन्होंने रामनगरी में पिछले महीने भ्रमण किया था और वहां राम मंदिर में दर्शन किए थे।

# साप्ताहिक शेयर समीक्षा : 3 सप्ताह की गिरावट के बाद मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



नई दिल्ली

लगातार 3 सप्ताह तक गिरावट का सामना करने के बाद 7 मार्च को खत्म हुए सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर बढ़त हासिल करके बंद होने में सफल रहा। सोमवार से शुक्रवार तक यानी 3 से 7 मार्च तक के कारोबार के बाद बीएसई का सेंसेक्स 1,134.48 अंक यानी 1.54 प्रतिशत बढ़ कर 74,332.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने 427.80 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22,552.50 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। घरेलू बाजार की ये बढ़त इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले सप्ताह अमेरिका में टैरिफ वॉर और ट्रेड पॉलिसी को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण ग्लोबल मार्केट में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा।

शुक्रवार 7 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी का मेटल इंडेक्स 8.6 प्रतिशत उछल गया। इसी तरह निफ्टी के मीडिया इंडेक्स में 7.3 प्रतिशत और निफ्टी के एनर्जी इंडेक्स में 6 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा निफ्टी के ऑयल एंड गैस इंडेक्स 5.3 प्रतिशत तथा पीएसयू बैंक इंडेक्स 5 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे।

इस सप्ताह बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 14 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद बढ़ कर 398.24 लाख करोड़ रुपए (अस्थाई) हो गया। जबकि इसके पहले के सप्ताह इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 384.28 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद निवेशकों को करीब 13.96 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स 2.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ।

इस इंडेक्स में शामिल वेदांता, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, आरईसी, वरुण बेवरेजेज, सीमेंस और टाटा स्टील के शेयरों में 10 से लेकर 15 प्रतिशत तक की मजबूती दर्ज की गई। इसी तरह बीएसई के मिडकैप इंडेक्स में 3.32 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती दर्ज की गई। इस इंडेक्स में शामिल हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, ग्लैक्सो स्मिथक्लाइन फार्मास्यूटिकल्स, कैस्ट्रोल इंडिया, जी इंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज, सीजी पावर, जिंदल स्टेनलेस, बायोकॉन, इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस और सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में 10 से 13 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान सबसे अधिक तेजी बीएसई के स्मॉलकैप इंडेक्स में दर्ज की गई। ये इंडेक्स 6.02 प्रतिशत उछल कर बंद होने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल कॉफी डे एंटरप्राइजेज, भारत वायर रोप्स, मैन इंडस्ट्रीज (इंडिया), त्रिवेणी टरबाइन, वाडीलाल इंडस्टरीज, संदूर मैंगनीज, अलीवस लाइफ साइंसेज, अनुपम रसायन इंडिया, हिम्मतसिंगका सेडे, विंडलॉस बायोटेक, पीटीसी इंडस्ट्रीज, ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन, सन फार्मा एडवांस्ड रिसर्च कंपनी, एनएसीएल इंडस्ट्रीज, और जेन टेक्नोलॉजीज के शेयरों में 20 से 40 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। दूसरी ओर, ईकेआई एनर्जी सर्विसेज, जिंदल वर्ल्डवाइड, जेनसोल इंजीनियरिंग और सूरतवाला बिजनेस ग्रुप के शेयरों में 22 से लेकर 40 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

### निवेशकों के लिए बड़ा मौका, इस सप्ताह आएंगे तीन आईपीओ, नैप्स ग्लोबल की भी होगी लिस्टिंग




**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए इस हफ्ते कुछ खास हलचल की संभावना है, क्योंकि प्राइमरी मार्केट में दो नई कंपनियां आईपीओ लेकर आ रही हैं और एक कंपनी का लिस्टिंग होने वाली है। यह समय निवेशकों के लिए नए मौके लेकर आया है, क्योंकि अलग-अलग क्षेत्रों की कंपनियां अपने शेयर पेश कर रही हैं। पहली कंपनी है पीडीपी शिपिंग एंड प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, जो लॉजिस्टिक्स का कारोबार करती है और इसका आईपीओ 10 मार्च को खुलेगा। दूसरी कंपनी है सुपर आयरन फाउंड्री, जो लोहा और स्टील के कारोबार में है और इसका आईपीओ 11 मार्च को शुरू होगा। इसके अवसर पर निवेशकों को सलाह दी जा रही है वे अपडेट के लिए आईपीओ वॉच पोर्टल पर नजर रखें। साथ ही नैप्स ग्लोबल नाम की कंपनी का आईपीओ लिस्टिंग भी होने जा रही है, जिसका अलॉटमेंट पूरा हो चुका है और 11 मार्च को शेयर बाजार में लिस्ट होगा। इस हफ्ते दो एसएमई आईपीओ भी निवेश के लिए उपलब्ध हैं, जो छोटे उद्यमों के लिए एक अहम मौका हो सकता है।

## शॉकवेव इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लॉन्च




नई दिल्ली

अल्ट्रावॉयलेट कंपनी ने टेसेरैक्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर के साथ शॉकवेव इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल भी लॉन्च की है। मोटरसाइकिल की तरह, स्कूटर के लिए भी 999 रुपये में प्री-बुकिंग शुरू हो गई है और इसकी डिलीवरी 2026 की शुरुआत में शुरू होगी। शॉकवेव की कीमत पहले 1,000 ग्राहकों के लिए 1.50 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। उसके बाद, कीमत बढ़कर 1.75 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) हो जाएगी। शॉकवेव अल्ट्रावॉयलेट के लाइट मोटरसाइकिल प्लेटफॉर्म में प्रवेश का प्रतीक है। कंपनी दो और इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल बेचती है - एफ77 सुपरस्ट्रीट और एफ77 मैक 2। शॉकवेव की 14.5बीएचपी मोटर 3.5केडब्ल्यूएच बैटरी से जुड़ी है।

इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल के पिछले पहिये पर 505 एनएम का टॉर्क होने का दावा किया गया है। इसका वजन 120 किलोग्राम है। दावा किया जाता है कि शॉकवेव एक बार फुल चार्ज होने पर 165 किलोमीटर (आईडीसी) की रेंज देता है। यह महज 2.9 सेकंड में 0 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है, जबकि इसकी अधिकतम गति 120 किलोमीटर प्रति घंटे बताई जाती है। शॉकवेव में डुअल एलईडी हेडलैंप, चार ट्रैक्शन कंट्रोल मोड, स्विचेबल डुअल-चैनल एबीएस और रीजन के छह लेवल जैसे फीचर्स हैं। आगे (19-इंच) और पीछे (17-इंच) स्पोक व्हील हैं। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल दो रंगों में उपलब्ध है - कॉस्मिक ब्लैक और फ्रॉस्ट व्हाइट। अल्ट्रावॉयलेट के अनुसार, शॉकवेव की बैटरी सुपरनोवा के साथ 30 मिनट से भी कम समय में और बूस्ट चार्जर के साथ 50 मिनट में 20-80 प्रतिशत तक चार्ज हो सकती है।

### नई बाइक हीरो एक्सट्रीम 125आर मचाएगी धमाल



**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की नई बाइक हीरो एक्सट्रीम 125आर आपके लिए एक बढ़िया विकल्प हो सकती है। हीरो एक्सट्रीम 125आर की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 95,000 रुपये रखी गई है। यह 125सीसी सेगमेंट की पहली बाइक है जिसमें डिस्क ब्रेक के साथ सिंगल चैनल एबीएस दिया गया है। यह बाइक 125सीसी सेगमेंट में स्टाइल और परफॉर्मेंस का जबरदस्त कॉम्बिनेशन पेश कर रही है। कंपनी ने इसे टीवीएस राइडर 125 और बजाज पल्सर 125 जैसी बाइक्स को टक्कर देने के लिए लॉन्च किया है। सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए इसके सस्ते वेरिएंट में इंटीग्रेटेड ब्रेकिंग सिस्टम (आईबीएस) का फीचर भी जोड़ा गया है, जबकि टॉप मॉडल में डिस्क ब्रेक के साथ एबीएस दिया गया है। बाइक के डिजाइन की बात करें तो इसका पूरा लुक मस्कुलर और शार्प है। इसमें एलईडी हेडलाइट, टेल लाइट और डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जो इसे और भी आकर्षक बनाते हैं।

## भुवनेश्वर के लिए नई उड़ान हिंडन सिविल टर्मिनल से शुरू होगी



गाज़ियाबाद के हिंडन सिविल टर्मिनल से फ्लाइट की लंबी रेंज के बाद अब भुवनेश्वर के लिए भी नई उड़ान शुरू होने वाली है। भुवनेश्वर के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इसकी घोषणा की है। 30 मार्च को इस रूट पर पहली फ्लाइट का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह उड़ान भुवनेश्वर के लिए नये पर्यटन, व्यापार और कनेक्टिविटी के द्वार खोलेगी। हिंडन सिविल टर्मिनल के अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस नए रूट की तैयारी शेड्यूल पर है और इसकी आधिकारिक घोषणा जल्द ही हो सकती है। यह उड़ान सुबह 9:20 बजे हिंडन से प्रस्थान करके 11:45 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी। इस रूट पर 180-सीटर विमान की सेवा उपलब्ध रहेगी। इस उत्कृष्ट सेवा का शुरूआती स्तर चेन्नई और जम्मू के लिए भी 22 और 23 मार्च को उड़ान भरेगी। हिंडन सिविल टर्मिनल से कई और लोकल और दूरस्थ शहरों के लिए उड़ानें चल चुकी हैं और इसका प्रयास भारत में हवाई संयोजन को अनुकूल बनाने का है।

# शिव नादर ने अपनी बेटी रोशनी को एचसीएल कॉर्प में दी 47 फीसदी हिस्सेदारी

**रोशनी ने नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से स्नातक और केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से किया है एमबीए**




नई दिल्ली

देश के प्रमुख आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजिस के संस्थापक अरबपति शिव नादर ने अपनी बेटी रोशनी नादर मल्होत्रा को एक रणनीतिक उत्तराधिकार योजना के तहत एक बगीचे का हिस्सा बनाया है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया गया है कि रोशनी ने एचसीएल कॉर्प और वामा दिल्ली में अपनी 47 फीसदी हिस्सेदारी हासिल कर ली है। इस रणनीतिक फैसले से वामा दिल्ली और एचसीएल कॉर्प में नियंत्रण हासिल करने वाली रोशनी एक महत्वपूर्ण स्थान पर पहुंचेगी। उनका एचसीएल इन्फोसिस्टम्स लिमिटेड और एचसीएल टेक में शेयरधारक बनने का सपना साकार हो रहा है। उपहार पत्रों के जरिए इस परिवार का नेतृत्व एचसीएल के भविष्य के लिए एक मजबूत स्तंभ बनेगा। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने उन्हें ओपन ऑफर बनाने से छूट दी है और इसे शेयरों के ट्रांसफर में सुविधा प्रदान की जा रही है। रोशनी ने नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से स्नातक डिग्री और केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से एमबीए की डिग्री हासिल की है।

# जीएसटी दरों में कटौती की सरकार की योजना: निर्मला सीतारमण

**गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और माइक्रो-क्रेडिट के मुद्दे पर किया जा रहा है विचार**




नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती करने की योजना बना रही है। उन्होंने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद से दरों में लगातार कमी आ रही है और आगे भी इसे और घटाया जाएगा। सीतारमण ने बताया कि अमेरिका के साथ व्यापार वार्ताओं की निगरानी उनके सहयोगी पीयूष गोयल कर रहे हैं और दोनों देशों को एक बेहतर व्यापार समझौते पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने भारत के लिए वैश्विक आर्थिक विभाजन और व्यापार शुल्क युद्ध के लिए नए अवसरों के बारे में भी बात की। वित्त मंत्री ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सरकारी हिस्सेदारी घटाने की प्रतिबद्धता दोहरायी और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और माइक्रो-क्रेडिट के मुद्दे पर विचार किया। सीतारमण ने भी जापान, दक्षिण कोरिया और एशियान जैसे देशों के साथ मौजूदा मुक्त व्यापार समझौतों की समीक्षा कर रही है ताकि भविष्य में भारत के हितों को बेहतर ढंग से सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने भी व्यापार समझौतों के प्रभावों के बारे में सख्ती से बात की और उद्योग जगत को विकास में तेजी से आगे बढ़ने का आह्वान किया। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने उद्योगों को निवेश करने के लिए स्वतंत्रता दी और सरकार से अपनी चिंताओं को साझा करने की अपील की। वे सकारात्मक सोच के महत्व को भी जोर देते हैं और कहते हैं कि आलोचना करना बंद करके और सकारात्मकता में ध्यान देने पर हमें ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### इस महीने होली और अन्य त्योहारों की वजह से बंद रहेंगे बैंक




**नई दिल्ली।** इस हफ्ते होली और अन्य त्योहारों के चलते देश के कई राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, डिजिटल बैंकिंग सेवाएं जैसे यूपीआई, नेट बैंकिंग और एटीएम सेवाएं चालू रहेंगी, जिससे ग्राहक बिना रुकावट के लेनदेन कर सकेंगे। 13 मार्च गुरुवार को होलिका दहन और अट्टुकल पोंगाला की वजह से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड और केरल में बैंक बंद रहेंगे, 14 मार्च शुक्रवार होली (धुलेटी/धुलैंडी/डोल जात्रा) के कारण ज्यादातर राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। 15 मार्च शनिवार कुछ राज्यों में इस दिन होली मनाई जाएगी, इसलिए अगरतला, भुवनेश्वर, इंफाल और पटना में बैंक बंद रहेंगे। 16 मार्च रविवार साप्ताहिक छुट्टी होने के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। 22 मार्च चौथा शनिवार और 23 मार्च रविवार वीकली हॉलिडे और बिहार दिवस, 27 मार्च गुरुवार शब-ए-कद्र (जम्मू में बैंक बंद) और 28 मार्च शुक्रवार को जुमात-उल-विदा (जम्मू-कश्मीर में) के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे। वहीं 30 मार्च रविवार साप्ताहिक छुट्टी, 31 मार्च सोमवार रमजान-ईद (ईद-उल-फितर), अधिकतर राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

# गर्लफ्रेंड ऋतिका संग अनुराग डोभाल की हुई सगाई



**मुंबई (ईएमएस)।** यूके राइडर 07 के नाम से मशहूर बिग बॉस 17 फेम अनुराग डोभाल ने अपनी गर्लफ्रेंड ऋतिका चौहान से सगाई कर ली है। अनुराग ने इस खास मौके की जानकारी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए दी। अनुराग ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपनी मंगेतर ऋतिका का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। वीडियो में ऋतिका उन्हें अंगूठी पहनाती दिख रही हैं, जबकि दोनों अपनी वेडिंग रिंग को फ्लॉन्ट कर रहे हैं। इस वीडियो के साथ अनुराग ने लिखा, 5-03-2025 हमेशा के लिए साथ। वीडियो में अनुराग ब्लैक ट्रे-डिशनल आउटफिट में बेहद हैंडसम लग रहे हैं, जबकि ऋतिका सिल्वर गाउन में नजर आ रही हैं। उनके माथे पर टीका और हाथों में मेहंदी लगी हुई है, जिससे उनका लुक और भी खूबसूरत लग रहा है। इस वीडियो पर उनके फैंस और दोस्तों ने जमकर प्यार लुटाया और उन्हें नई जिंदगी की शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि अनुराग डोभाल बिग बॉस 17 के सबसे चर्चित कंटेस्टेंट में से एक रहे हैं। उन्होंने शो में रहने के दौरान कई बार बिग बॉस पर पक्षपात करने का आरोप लगाया था। यहां तक कि उनकी सलमान खान से भी बहस हो गई थी। दरअसल, वीकेंड के वार एपिसोड में जब सलमान खान ने अनुराग की फैन बेस ब्रोसेना पर कमेंट किया था, तो अनुराग ने इसका विरोध किया था। उन्होंने शो छोड़ने की इच्छा भी जताई थी, लेकिन एक टास्क के बाद उन्होंने घर में बने रहने का फैसला किया था। घर से बाहर आने के बाद भी अनुराग ने बिग बॉस को लेकर कई विवादित बयान दिए। उन्होंने कहा था कि बिग बॉस 17 का विनर पहले से तय था और शो में उनके साथ अन्याय हुआ था।

# रजनीकांत की डेट्स के कारण सलमान और एटली का प्रोजेक्ट रुका



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड अभिनेता सलमान खान और डायरेक्टर एटली का एक मेगा प्रोजेक्ट सुपर स्टार रजनीकांत की डेटस के कारण रुक गया है। सलमान के प्रशंसकों को उम्मीद थी कि दोनों मिलकर एक भव्य और मेगा-बजट फिल्म लेकर आएंगे, लेकिन अब ताजा अपडेट यह है कि यह प्रोजेक्ट फिलहाल रोक दिया गया है। इस फैसले के पीछे सबसे बड़ा कारण रजनीकांत की डेट्स बताई जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, एटली और सलमान खान के बीच एक दो-हीरो वाली बड़े बजट की फिल्म को लेकर बातचीत चल रही थी, जिसे सन पिक्चर्स प्रोड्यूस करने वाला था। फिल्म की थीम पुनर्जन्म पर आधारित पीरियड ड्रामा थी, जिसे गेम ऑफ थ्रोन्स की भव्यता के स्तर का बताया जा रहा था। प्रोजेक्ट का कुल बजट लगभग 650 करोड़ तय किया गया था, और इसे नॉर्थ व साउथ के बड़े स्टार्स के साथ बनाने की योजना थी। सलमान खान ने इस फिल्म के लिए अपनी सहमति भी दे दी थी, लेकिन फिल्म के लिए दूसरे बड़े स्टार को साइन करना मुश्किल साबित हुआ। मेकर्स की पहली पसंद कमल हासन और रजनीकांत थे। हालांकि, कमल हासन फिल्म में सलमान खान के पिता का किरदार निभाने को लेकर असमंजस में थे। वहीं, रजनीकांत की डेट्स पहले से ही कूली और जेलर 2 के लिए 2026 की शुरूआत तक बुक थीं। इसके अलावा, वह जेलर 2 के बाद भी एक और फिल्म साइन करने वाले हैं, जिससे उनकी डेट्स पूरी तरह ब्लॉक हो गई हैं। जब इन दोनों दिग्गजों के साथ बात नहीं बनी, तो मेकर्स ने दूसरे विकल्प तलाशने शुरू किए, लेकिन रजनीकांत या कमल हासन जैसा बड़ा नाम नहीं मिला। निमार्ता किसी ऐसे सितारे की तलाश में थे, जो डिजिटल और सैटेलाइट राइट्स से तमिल, तेलुगु और अन्य भाषाओं में बड़ा रेवेन्यू ला सके। लेकिन इस मार्केट वैल्यू के साथ सीनियर सुपरस्टार्स की उपलब्धता काफी सीमित थी। मेकर्स ने इंटरनेशनल लेवल पर भी संभावनाएं तलाशी। सिलवेस्टर स्टेलोन को पैरलल लीड के लिए अप्रोच किया गया था, लेकिन फाइनेंशियल डील पर सहमति नहीं बन पाई। अब टीम अन्य इंटरनेशनल एक्टर्स के साथ बातचीत कर रही है, लेकिन कानूनी और कॉन्ट्रैक्चुअल प्रक्रियाओं के कारण यह काम तेजी से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। फिलहाल, मेकर्स ने इस प्रोजेक्ट को होल्ड पर डाल दिया है, लेकिन सलमान खान, एटली और सन पिक्चर्स भविष्य में एक मेगा-प्रोजेक्ट पर साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सना खान एवं संभावना के मजाक की हुई क्लिप वायरल, मचा बवाल



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस सना खान और संभावना सेठ के रमजान स्पेशल पॉडकास्ट की एक क्लिप वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। इस पर ट्रोलर्स अपने-अपने हिसाब से कमेंट कर रहे हैं। वायरल क्लिप में एक्ट्रेस सना खान संभावना सेठ से मजाकिया अंदाज में कहती हैं कि वह बुर्का पहन लें। इस पर लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और सना को ट्रोल करने लगे। अब संभावना सेठ ने इस पूरे मामले पर अपनी सफाई दी है। संभावना ने कहा कि यह महज दो दोस्तों के बीच की हंसी-मजाक की बातचीत थी, जिसका गलत मतलब निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा, हम कई सालों से दोस्त हैं। उसने मुझे अपने रमजान स्पेशल पॉडकास्ट में बुलाया था। बातचीत के दौरान मैंने मजाक में कहा कि मेरा वजन इतना बढ़ गया है कि मेरे कपड़े फिट नहीं आ रहे। इसी पर सना ने मजाक में कहा कि वह दुपट्टा ला देगी। संभावना ने स्पष्ट किया कि वह रमजान स्पेशल पॉडकास्ट के लिए शॉर्ट्स नहीं पहनतीं, क्योंकि वह सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान करती हैं। लेकिन, उन्होंने यह भी कहा कि उनकी अपनी पसंद है और कोई उन्हें जबरदस्ती बुर्का नहीं पहना सकता। उन्होंने कहा, मैं एक गर्वित हिंदू हूं और बुर्का नहीं पहनूंगी। संभावना ने यह भी कहा कि अगर उन्हें पता होता कि यह बातचीत इतना बड़ा मुद्दा बन जाएगी, तो वह इसे पोस्ट ही नहीं करतीं। उन्होंने कहा, मैं ऐसा कुछ क्यों अपलोड करूंगी जो मेरी दोस्त के लिए नकारात्मकता फैलाए? संभावना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी अपील की कि सना को ट्रोल न किया जाए। उन्होंने लिखा कि यह केवल मजाक था और दो दोस्तों के बीच ऐसा होना आम बात है। वायरल वीडियो में संभावना सेठ येलो कुर्ता पहने नजर आ रही हैं। सना उनसे कहती हैं, तेरे पास एक अच्छा सलवार-कमीज नहीं है? फिर मजाक में कहती हैं, थप्पड़ चाहिए? इस पर संभावना हंसते हुए जवाब देती हैं, आई असलियत पे। इसके बाद सना कहती हैं, संभावना को बुर्का पहनाओ। इस क्लिप के सामने आने के बाद लोग यह मानने लगे कि सना खान जबरदस्ती संभावना पर बुर्का पहनने का दबाव डाल रही थीं।

# ससुराल गेंदा फूल पर थिरकीं कटरीना

कटरीना कैफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह फिल्म दिल्ली-6 के मशहूर गाने ससुराल गेंदा फूल पर डांस करती नजर आ रही हैं। यह वीडियो उनकी दोस्त की हल्दी सेरेमनी का है, जहां कटरीना ने अपने खूबसूरत डांस मूव्स से समा बांध दिया। हाल ही में कटरीना अपने पति विकी कौशल, देवर सनी कौशल, एक्ट्रेस शरवरी वाघ और डायरेक्टर कबीर खान समेत अन्य करीबी दोस्तों के साथ इस शादी समारोह में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने नीले रंग का लहंगा पहना था, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। कटरीना के देसी लुक और उनके डांस पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। कुछ लोग उन्हें परफेक्ट भारतीय बहू बता रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि शादी के बाद कटरीना भारतीय परंपराओं को दिल से अपना रही हैं। हाल ही में वह अपनी सास के साथ प्रयागराज में महाकुंभ में भी पहुंची थीं और वहां आस्था की डुबकी लगाई थी।



# मुंबई के जुहू स्थित अपना लग्जरी अपार्टमेंट बेचा शक्ति कपूर ने



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के खलनायक शक्ति कपूर ने अपना मुंबई के जुहू स्थित लग्जरी अपार्टमेंट बेच दिया है। पंजीकरण दस्तावेजों के अनुसार, शक्ति कपूर ने जुहू के सिल्वर बीच हेवन को-ऑपरेटिव सोसाइटी में स्थित अपना 881 वर्गफुट (81.84 वर्गमीटर) का अपार्टमेंट 6.11 करोड़ रुपये में बेचा है। यह सौदा दिसंबर 2024 में पूरा हुआ था। इस लेनदेन में 36.66 लाख रुपये का स्टाम्प शुल्क और 30,000 रुपये का पंजीकरण शुल्क अदा किया गया। मुंबई के जुहू को शहर का सबसे प्रतिष्ठित और महंगा आवासीय क्षेत्र माना जाता है। यह इलाका सुंदर समुद्र तट, हाई-एंड रेस्तरां और बिजनेस हब अंधेरी व बांद्रा से नजदीकी के लिए मशहूर है। वरुण धवन, मधु मंटेना और साजिद खान जैसे कई बॉलीवुड सितारों के पास भी जुहू में शानदार अपार्टमेंट हैं। शक्ति कपूर हिंदी सिनेमा के सबसे चर्चित खलनायकों और कॉमेडियन में से एक रहे हैं। 1980 और 1990 के दशक में उन्होंने असरानी और कादर खान के साथ मिलकर 100 से अधिक फिल्मों में एक लोकप्रिय हास्य तिकड़ी बनाई। उन्होंने राजा बाबू, अंदाज अपना अपना, चालबाज जैसी हिट फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाईं। राजा बाबू (1995) के लिए उन्हें फिल्मफेयर का बेस्ट कॉमिक एक्टर अवॉर्ड भी मिला। फिल्मों के अलावा, 2011 में वह बिग बॉस के प्रतियोगी भी रह चुके हैं। हाल ही में उनकी बेटी श्रद्धा कपूर के करियर और उनकी फिल्मों को लेकर भी चर्चा बनी हुई है।

हालांकि, अब शक्ति कपूर की प्रॉपर्टी डील सुर्खियों में आ गई है, जिससे यह कयास भी लगाए जा रहे हैं कि वह अपने भविष्य की योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बता दें कि शक्ति कपूर, जो एक समय हर तीसरी फिल्म में नजर आते थे, एक बार फिर चर्चा में हैं।

# ये रिश्ता क्या कहलाता है पर नकल का आरोप




रोहित पुरोहित और समृद्धि शुक्ला स्टारर ये रिश्ता क्या कहलाता है विवादों में घिर गया है। दर्शकों ने शो के मेकर्स पर पाकिस्तानी ड्रामा कभी मैं कभी तुम की कहानी, सीन और स्टाइलिंग को कॉपी करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई यूजर्स ने दोनों शोज की तुलना करते हुए तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें सेट डिजाइन, किरदारों के लुक और सीन के स्टाइल तक की समानता देखी जा सकती है। फैंस इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, घर, स्टाइलिंग और सीन सब कुछ हूबहू कॉपी किया गया है। अब शो में कोई ओरिजनलिटी नहीं बची। वहीं, एक अन्य यूजर ने कहा, इन्होंने बोतल वाला सीन भी कॉपी कर लिया, जबकि अभिरा और अरमान की कहानी को इंडियन टच दिया जा सकता था। इसी बीच शो के आने वाले एपिसोड्स में होली सीक्वेंस दिखाया जाएगा, जहां अरमान और अभिरा चॉल में होली मनाएंगे। हालांकि, कहानी में ट्विस्ट तब आएगा जब विद्या आकर अरमान से माफी मांगेगी। अब देखना होगा कि मेकर्स इस आलोचना पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

# जान्हवी जल्द आएंगी नई फिल्म में नजर



जान्हवी कपूर बॉलीवुड की उन युवा अभिनेत्रियों में शामिल हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और अभिनय से इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई है। 2018 में फिल्म धड़क से डेब्यू करने के बाद से ही वह लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। उनकी सफलता सिर्फ उनके टैलेंट का नतीजा नहीं, बल्कि उनके संघर्ष की कहानी भी बेहद खास है। जान्हवी की मां, दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि उनकी बेटी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े। श्रीदेवी चाहती थीं कि जान्हवी एक सामान्य जीवन जिएं, लेकिन बचपन से ही जान्हवी का फिल्मों की ओर खास झुकाव था। उन्होंने अपने पिता, निमार्ता बोनी कपूर का समर्थन पाकर बॉलीवुड में कदम रखा और अपनी जगह बना ली। अब जान्हवी जल्द ही फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आने वाली हैं, जिसमें वह रोहित सराफ के साथ मुख्य भूमिका निभा रही हैं। फैंस इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं और जान्हवी के नए अंदाज को देखने के लिए बेताब हैं।

# 18 साल बाद मिले करीना कपूर-शाहिद कपूर



इस साल का आईफा अवॉर्ड समारोह राजस्थान में आयोजित किया गया है। इस समारोह के लिए बॉलीवुड हस्तियां राजस्थान पहुंच रही हैं। वहां से कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे हैं। इनमें से एक वीडियो ने प्रशंसकों का ध्यान खींचा है। यह वीडियो करीना कपूर और शाहिद कपूर का है। शाहिद और करीना का ब्रेकअप 18 साल पहले हो गया था। ब्रेकअप के बाद एक-दूसरे के साथ काम करना तो दूर, एक-दूसरे से मिलना भी नहीं चाहते थे, अब एक-दूसरे को गले लगाते और बातें करते नजर आ रहे हैं। 'जब वी मेट' के प्रशंसक इस वीडियो को देखकर हैरान हैं। शाहिद और करीना का यह वीडियो देखकर फैंस काफी खुश हैं। वे इस वीडियो पर टिप्पणी कर रहे हैं। 'गीत और आदित्य आ-खरकार फिर से एक हो गए,' 'इन दोनों को साथ देखकर बहुत अच्छा लग रहा है,' 'इन दोनों को देखकर मेरी आंखों में खुशी के आंसू आ गए,' इस तरह के कमेंट करीना और शाहिद के इस वीडियो पर देखने को मिल रहे हैं।

**'जब वी मेट' की शूटिंग के दौरान हुआ था करीना-शाहिद का ब्रेकअप-** करीना और शाहिद का ब्रेकअप 17 साल पहले इम्तियाज अली की फिल्म 'जब वी मेट' की शूटिंग के दौरान हुआ था। इस फिल्म के बाद दोनों को एक बार फिर फिल्म 'उड़ता पंजाब' में देखा गया, जो 2016 में रिलीज हुई थी। लेकिन उनके सीन एक दूसरे के साथ नहीं थे। शाहिद और करीना अक्सर एक ही कार्यक्रम में शामिल होते थे, लेकिन वे एक-दूसरे से बात करने या एक-दूसरे को देखने से भी बचते थे। अब कई सालों बाद दोनों को एक साथ फोटो में देखकर फैंस खुश हैं।

# स्टाइलिश अंदाज में करीना कपूर आईफा अवॉड्र्स के लिए जयपुर रवाना



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड की स्टाइल आ-इकॉन करीना कपूर इस साल आईफा अवॉड्र्स के लिए जयपुर रवाना हुईं, जहां उनके लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। करीना ने इस मौके पर एक को-ऑर्डिनेटेड न्यूजपेपर प्रिंट वाली शर्ट और स्कर्ट पहनी, जिसे उन्होंने ब्लैक बूट्स और ब्लैक हैमर बैग के साथ स्टाइल किया। उनके इस आउटफिट को लेकर खास बात यह रही कि यह मशहूर डिजाइनर जॉन गैलियानो के स्प्रिंग/समर 2001 कलेक्शन का आर्काइव पीस था, जिसे पहली बार 2000 में डायोर के फैशन शो में प्रदर्शित किया गया था। उस समय इस कलेक्शन को ब्रिटनी स्पीयर्स के गानों की धुन पर मॉडल्स ने रैंप पर उतारा था। करीना के इस लुक को स्टाइलिस्ट रिया कपूर ने स्टाइल किया। 44 साल की करीना कपूर आईफा के 25वें एडिशन के लिए प्राइवेट जेट से जयपुर पहुंचीं। यह पहली बार है जब आईफा अवॉड्र्स भारत में हो रहे हैं और इसे लेकर बॉलीवुड सेलेब्स में जबरदस्त उत्साह है। जयपुर एयरपोर्ट पर करीना के फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया और उनकी एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। रिया कपूर ने करीना के इस लुक पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि करीना इस आइकॉनिक ड्रेस के लिए परफेक्ट चॉइस हैं, क्योंकि उन्हें लाइमलाइट में रहना बखूबी आता है और वह इसे पूरे आत्मविश्वास के साथ कैरी करती हैं। करीना का यह स्टाइल स्टेटमेंट फैशन इंडस्ट्री में चर्चा का विषय बना हुआ है और उनके फैंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं। करीना ने इस लुक के साथ ब्लैक सनग्लासेस लगाकर अपने लुक को और भी ग्लैमरस बना दिया। करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर इस लुक की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन दिया, सेल्फ लव, हैप्पी वूमन डे और हैल्लो आईफा।

## सूडोकु नवताल- 7087

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7086 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## शब्दजाल - 7834

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फा | न | प | रा |
| न | ला | क | प | इं | डो | र्जु | शि | या | ड़ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | ब | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | बी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ब्रा | रु | अ | प | श |
| ब | शि | वा | जी | पा | टि | ल | त्ता | प | क | र |

*शब्द जाल में मनमोहन सरकार में शामिल मंत्रियों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

प्रणव मुखर्जी, अर्जुन सिंह, रामविलास पासवान, गुलाम नबी आजाद, शिवाजी पाटिल, नटवर सिंह,कमलनाथ,मीरा कुमार, लालू प्रसाद, दयानिधी मारन

### शब्दजाल - 7833 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | मु | ग | ल | ए | अ | ला | तु | र | व |
| द | ह | ल | प्रे | व | बु | स | द | ह | कां | ड़ |
| र | स | म | म | दी | छ | ल | आ | र्म | ख | क |
| इं | स | ल | द | दि | वा | स | ढा | ल | श | क |
| डि | आ | दो | ग | न | ज | ना | प | णा | झ | ड़ |
| य | ना | द | र | दि | ग | उ | र | ण | दे | क |
| ती | व | ग | मी | या | प | र | भ | नां | व | को |
| सा | एं | ऊ | पु | द | ब | क | णी | ए | श | ल्हा |
| क | ग | ल | प | र | गी | स | री | औ | प | पु |
| क | ग | ली | प | लि | जी | त | ऐ | ओ | प | र |
| क | अ | म | रा | व | ती | स | व | र्धा | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6787

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 5 | |
| | 33 | 2 | 33 | 4 | 26 | 7 |
| 4 | 5 | | 6 | | | 3 |
| | 34 | | 40 | 6 | 32 | |
| 1 | 3 | 6 | | | 7 | 2 |
| 5 | 30 | | 31 | | 39 | |
| | | 1 | | 2 | | 4 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6786 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 30 | 3 | 21 | 1 | 35 | 7 |
| 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 33 | 6 | 39 | 7 | 31 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 33 | 4 | 42 | 5 | 26 | 1 |
| 3 | 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# आईएमएल 2025 के सेमीफाइनल में पहुंची इंडिया मास्टर्स , वेस्टइंडीज मास्टर्स को 7 रनों से हराया

रायपुर

अंबाती रायडू 63, सौरभ तिवारी 60, युवराज सिंह 49 और गुरकीरत सिंह मान 46 के शानदार प्रदर्शन की सहायता से इंडिया मास्टर्स की टीम इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। इंडिया मास्टर्स ने वेस्टइंडीज मास्टर्स को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। टीम की जीत में स्टुअर्ट बिन्नी के तीन विकेट की भी अहम भूमिका रही। इस मैच में इंडिया मास्टर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 253 रन बनाए जिसके बाद वेस्टइंडीज मास्टर्स की टीम ड्वेन स्मिथ 79, विलियम पर्किन्स 52, लेंडल सिमंस 38 की शानदार पारियों की बदौलत 6 विकेट पर 246 रन ही बना पायी।

इस मैच में वेस्टइंडीज मास्टर्स के कप्तान ब्रायन लारा ने टॉस जीतकर इंडिया मास्टर्स को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। इंडिया मास्टर्स की ओर से अंबाती और सौरभ ने पावरप्ले में 51 रन बनाए। रायडू ने 35 गेंदों पर 63 रन बनाये। उनकी इस पारी में आठ चौके और चार छक्के शामिल थे। सौरभ ने भी जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। गुरकीरत के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए सौरभ ने 79 रन जोड़े। कप्तान युवराज सिंह ने 20 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाये।

वेस्टइंडीज मास्टर्स ने भी लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की। ड्वेन स्मिथ ने 79 और विलियम पर्किन्स ने 52 रन बनाये पर बिन्नी ने गेंद संभालते ही लगातार विकेट लेकर विरोधी टीम पर दबाव बना दिया। स्मिथ ने इस बीच 22 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं पर्किन्स ने केवल 23 गेंदों पर ही अपने 50 रन बनाये थे।

नए खिलाड़ी लेंडल सिमंस ने आते ही में पांच छक्के और एक चौका लगाया । इस ओवर में उन्होंने 34 रन जुटाए और अपनी टीम को एक विकेट पर 156 रनों तक पहुंचा दिया। इसके बाद के बल्लेबाजों ने भी अपनी ओर से पूरा प्रयास किया पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मुम्बई इंडियंस ने लिजाद की जगह पर कॉर्बिन को शामिल किया

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कार्बिन बॉश को शामिल किया है। कॉर्बिन को चोटिल होने के कारण बाहर हुए दक्षिण अफ्रीका के ही तेज गेंदबाज लिजाद विलियम्स की जगह पर शामिल किया गया है। बॉश ने 86 टी20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 59 विकेट लिए हैं और उनका सबसे अधिक स्कोर 81 है। उन्होंने अभी तक आईपीएल में नहीं खेला है पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका 2020 में मुंबई इंडियंस केप टाउन की ओर से 11 विकेट लिए थे। मुम्बई इंडियंस ने अपने एक बयान में कहा कि विलियम्स चोट के कारण आगामी टाटा आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं और ऐसे में उनकी जगह पर कॉर्बिन को अनुबंधित किया है। पिछले साल पदार्पण करने के बाद से ही एक टेस्ट और दो एकदिवसीय में दक्षिण अफ्रीका की ओर से खेलने वाले कॉर्बिन को चोटिल एनरिक नॉर्किया की जगह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया था। वह पहले राजस्थान रॉयल्स में नेट गेंदबाज थे। कॉर्बिन गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी भी करते हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीकी पिचों का भी अच्छा अनुभव है। उछाल वाली पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित होते हैं। ऐसे में उनका आना मुक्बई इंडियंस के लिए लाभदायक हो सकता है।



### गुजरात टाइटंस ने पूर्व ऑस्ट्रेलयाई क्रिकेटर वेड को बनाया सहायक कोच



**मुम्बई।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के 18 वें सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को टीम का सहायक कोच बनाया है। वेड ने साल 2022 और 2024 में टाइटंस की ओर से खेला था पर संन्यास लेने के बाद वह आईपीएल नीलामी में नहीं उतरे थे। गुजरात टाइटंस ने सोशल मीडिया में लिखा, ''चैंपियन फाइटर अब हमारे सहायक कोच बने बैं। टाइटंस के डगआउट में आपका स्वागत है, वेड।'' वेड ने आईपीएल में कुल 15 मैच खेले जिसमें से 12 में उन्होंने टाइटंस की ओर से खेला था। वह साल 2022 में पहली बार खिताब जीतने वाली टाइटंस टीम में शामिल थे। वेड टाइटंस के कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच आशीष नेहरा, बल्लेबाजी कोच पार्थिव पटेल और सहायक कोच आशीष कपूर और नरेंद्र नेगी के साथ काम करेंगे। वेड ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024 से पहले अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इस क्रिकेटर ने अपने 13 साल के करियर में कुल 225 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इस क्रिकेटर ने तीन टी20 विश्व कप में भी ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेला है।

### जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा भारत



**नई दिल्ली।** भारत इस साल 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें । यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी।''उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। '' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है ।

# जयपुर में पांच आईपीएल मैचों के लिए तैयारियां जोरों पर

जयपुर

**आईपीएल 2025 के मुकाबले 22 मार्च से शुरु होने जा रहे हैं। इस बार जयपुर में भी पांच मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैचों के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में आईपीएल के लिए कार्यक्रम जारी किया था। इस कार्यक्रम के तहत ही 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल को लेकर इस बार बीसीसीआई ने नए नियम भी जारी किये हैं।**



इनके अनुसार अब खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और दोस्त ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकेंगे। ये नियम अभ्यास के दौरान भी लागू रहेगा। इसके साथ ही टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को टीम बस से ही यात्रा करनी होगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजियों को स्पष्ट रुप से आदेश दिया है कि परिवार के अलावा अभ्यास मैच के दौरान केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान पर जा सकेंगे, इन बातों के अलावा बीसीसीआई ने मैच के दिन के नियम भी नियम तय किए हैं जिसके अनुसार मैच के दौरान एलईडी बोर्ड्स के सामने बैठने की अनुमति नहीं होगी, खिलाड़ियों को ऑरेंज और पर्पल कैप पहननी होगी। परिवार और दोस्त अलग वाहन से यात्रा करेंगे और हॉस्पिटैलिटी एरिया से अभ्यास देख सकते हैं, साथ ही मैच से पहले अभ्यास करने के लिए टीमों को 2 नेट्स और मुख्य मैदान पर 1 साइड विकेट मिलेगा, ओपन नेट्स की अनुमति नहीं रहेगी, इसके अलावा और भी अन्य नियम तय किए गए हैं जिनका खिलाड़ियों को पालन करना होगा.जयपुर में आईपीएल को लेकर खेल परिषद और एडहॉक कमेटी के आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर विवाद चल रहा था जो अब खत्म हुआ हैं। इससे पहले बीसीसीआई ने जयपुर में इस बार खेल परिषद को आईपीएल मैच करवाने की जिम्मेदारी दी है पर ये भी साफ किया है कि अंतिम बार स्पोर्ट्स काउंसिल को यह जिम्मेदारी दी गई है, अगले साल से ऐसा नहीं होगा। साथ ही चेताया है कि अगर क्रिकेट संघ में स्थिति नहीं सुधरती है तो अगले साल जयपुर में आईपीएल मैचों का आयोजन नहीं होगा।

## गंभीर को लेकर क्या बोले शाहरुख

**मुम्बई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम के मालिक शाहरुख खान ने कहा है टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ उनकी गहरी दोस्ती है। इसलिए उन्हें कभी नहीं लगा कि वह टीम छोड़कर चले गये हैं। गंभीर साल 2017 में टीम छोड़कर चले गये थे पर इसके बाद उन्होंने कोच के तौर पर वापसी करते हुए 2024 में केकेआर को जीत दिलायी। तब श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। शाहरुख ने कहा, मैंने इस बीच कभी नहीं सोचा था कि गंभीर हमें छोड़कर चले गए हैं। गंभीर के साथ वर्षों से हमेशा एक प्यारा रिश्ता रहा है। कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके साथ दोस्ती मजबूत बनी हुई है और गौतम गंभीर उनमें से एक हैं। उनके लिए यह एक बड़ी घर वापसी थी। गंभीर को साल 2024 के अंत में भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाया गया और वह एक बार फिर केकेआर से अलग हो गये। वहीं केकेआर के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि साल 2017 में गंभीर के फ्रेंचाइज से जाने से टीम के प्रदर्शन पर भी पड़ा। उसी दिशा पर भी प्रभाव पड़ा। आप हमेशा केकेआर से उच्च स्तर पर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं, और जब प्रदर्शन टीम के आभा से मेल नहीं खाता, तो यह स्पष्ट हो गया कि कुछ बदलना होगा। उथप्पा ने कहा, जैसे ही मैंने सुना कि गंभीर वापस आ रहे हैं, मुझे याद है कि मैंने ट्वीट किया था कि ये सबसे अच्छी बात यह है। वहीं पूर्व भारतीय बल्लेबाज अजय जडेजा ने कहा, केकेआर और सौरव गांगुली के बीच संबंध, चाहे प्रशंसकों के साथ हों या टीम के भीतर, अच्छे परिणाम नहीं दे रहे थे। इसलिए, 2011 में, एक बड़े बदलाव की योजना बनाई गई। 2011 से पहले, केकेआर को सौरव गांगुली की टीम के रूप में देखा जाता था पर उसके बाद ये गंभीर के नेतृत्व में शाहरुख की टीम बन गई। आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत से पहले, केकेआर ने अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को उप कप्तान नियुक्त किया है। केकेआर ने जब रहाणे को टीम में शामिल किया तो यह लगभग तय था कि वह टीम की कप्तानी करेंगे, हालांकि मेगा नीलामी में 23.75 करोड़ रुपये में सबसे महंगे खरीदे गए वेंकटश अय्यर और रिंकू सिंह के नाम चर्चा में थे। रहाणे की कप्तानी में हाल ही में मुम्बई ने मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती थी।

# 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतना चाहते हैं प्रवीण

विजयनगर

**एथलीट प्रवीण चित्रावेल का लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे। वह 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जिससे वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल कर सकें।**



प्रवीण ने कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल आदि। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक खो दिया था।

मैंने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक जीता है।

इस एथलीट ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि मैं एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में पदक जीतूंगा पर मैं राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। मैंने 2023 में ऐसा किया था और 2025 में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। प्रवीण ने कहा, 'मैं इस साल विश्व इंडोर चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व ओपन चैंपियनशिप और फिर डाइमंड लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। प्रवीण ने 2023 में क्यूबा के हवाना में प्रुएबा डि कनफ्रोनटेसिन एथलेटिक्स मीट में 17.37 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

## एलपीजीए गोल्फ टूर्नामेंट



चीन में एलपीजीए गोल्फ टूर्नामेंट में खेलते हुए अमेरिका के एस्टन किम ।

# पाक सुरक्षा विशेषज्ञों ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के आयोजन को सफल बताया

कराची

पाकिस्तान के विशेषज्ञों ने कहा है आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन सफल रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार इससे भविष्य में और अधिक अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए पाक की दावेदारी पक्की हुई है हालांकि विशेषज्ञों ने माना है कि बारिश के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी के 3 मैच रद्द हुए और दो मैचों में सुरक्षा घेरा टूटा। वहीं मेजबान टीम के बाहर होने के बाद स्थानीय दर्शकों की रुचि भी टूर्नामेंट में नहीं रही। जिसके कारण स्टेडियम खाली रहे। भारत के अलावा अन्य सभी टीमों ने अपने मुकाबले पाक में खेले। भारतीय टीम ने सुरक्षा कारणों से अपने मुकाबले दुबई में खेले।





पाकिस्तान की टीम लीग स्तर पर ही हारकर बाहर हो गयी। क्रिकेट विश्लेषक ओमेर अलावी ने कहा कि लाहौर में सेमीफाइनल से एक दिन पहले ही बन्नू में आतंकी हमला हुआ था पर राहत की बात ये रही कि इतने बड़े टूर्नामेंट में एक भी अप्रिय घटना नहीं हुई। पाकिस्तान सरकार ने टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी में 16000 के करीब पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात लगाये हैं। आस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ, दक्षिण अफ्रीका के तेम्बा बावुमा और न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनेर ने भी कहा है कि पाक में कड़े सुरक्षा उपायों के बाद जब वह दुबई में खेलने उतरे तो राहत का अनुभव कर रहे थे। वहीं आईसीसी के सुरक्षा मैनेजर डेव मस्कर ने भी टूर्नामेंट को सफल बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों का समन्वय और पेशेवर रवैया ठीक था। इसके अलावा सुरक्षा विश्लेषक सोहेल खान ने कहा कि पाकिस्तान ने अच्छी मेजबानी की और सुरक्षा हालात भी ठीक थे।

# एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप का अभिष्य नहीं : मोईन अली

लंदन

इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोईन अली ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप भविष्य नहीं है। मोइन ने कहा कि इसका कारण बल्लेबाजों के पक्ष में नियमों का होना है। जिससे गेंदबाजों के लिए इस प्रारुप में कुछ नहीं बचा है। साथ ही कहा कि इसी कारण आजकल टी20 लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल संन्यास लेने वाले मोईन ने इंग्लैंड की ओर से 138 एकदिवसीय मैचों में 2,355 रन बनाने के अलावा 111 विकेट भी लिए हैं। वहीं 68 टेस्ट मैच में उन्होंने 3000 से अधिक रन बनाए हैं और 200 से अधिक विकेट लिए हैं। वह आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलेंगे। मोईन ने कहा, ''विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी को



छोड़कर एकदिवसीय प्रारूप लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह खेलने के लिए सबसे खराब प्रारूप है और मुझे लगता है कि इसके कई कारण हैं। '' पहले के समय में पहले पावरप्ले के बाद सर्कल के बाहर पांच क्षेत्ररक्षक हुआ करते थे पर पिछले कुछ साल में यह संख्या चार हो गई है जिससे बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करना आसान हो गया है। इतना ही नहीं दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है जो पहले नहीं होता था जिससे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना अब बहुत आसान हो गया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि नियम बहुत खराब हैं। पहले पावरप्ले के बाद अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक रखना, मुझे लगता है कि विकेट लेने और किसी भी तरह का दबाव बनाने के लिए यह एक खराब नियम है। इसी वजह से अब खिलाड़ी एकदिवसीय क्रिकेट में 60 और 70 का औसत बना रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब आप किसी को गेंदबाजी कर रहे होते हैं और आप थोड़ा दबाव डालते हैं तो बल्लेबाज बस रिवर्स-स्वीप करता है और यह एक रन नहीं बल्कि यह चौका होता है।

## अ.भा. गोल्डकप फुटबॉल स्पर्धा : बिल्डप क्लब रायसेन और हीरोज क्लब वाराणसी के मध्य खेला जाएगा फाइनल

**इन्दौर।** सेंट्रल जिमखाना क्लब की मेजबानी में आयोजित प्रकाश सोनकर व सुरेश ऐरन स्मृति अ.भा. मोयरा गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा में रविवार को विजेता टीम का फैसला होगा। बिल्डप क्लब रायसेन व हीरोज क्लब वाराणसी ने अपनी ख्याती के अनुरूप दमदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी मुकाबले में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। विजेता टीम को मोयरा गोल्ड कप के साथ 1 लाख तथा उपविजेता को 50 हजार रुपए की इनामी राशि वितरीत की जाएगी। स्पर्धा अध्यक्ष रमेश मूलचंदानी, स्पर्धा सचिव संजय लुणावत व स्पर्धा संयोजक भारत मथुरावाला ने बताया कि नेहरू स्टेडियम पर मोयरा सरिया, खेल विभाग व नगर पालिक निगम के सहयोग से खेली जा रही इस स्पर्धा के सेमीफाइनल में लगभग आठ से 10 हजार दर्शक दोनों सेमीफाइनल मुकाबले के साक्षी बने। पहला सेमीफाइनल बिल्डप क्लब रायसेन व लायन क्लब जबलपुर के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में दर्शकों को दोनों टीमों की ओर से दमदार खेल का प्रदर्शन देखने को मिला। उच्च स्तर के खेल के बावजूद पहला हॉफ गोल रहित रहा। दूसरे हॉफ में दोनों ही टीमें एक दूसरे के गोल पोस्ट पर लगातार हमले बोल रही थी। दोनों ही टीमों के कई मूव तो गोल पोस्ट से टकराकर भी आ गए, लेकिन निर्धारित समय तक यह मैच गोल रहित रहा। नतीजे के लिए टाईब्रेकर का सहारा लेना पड़ा, लेकिन इसमें भी दोनों टीमें 4-4 की बराबरी पर थी। अंततः सडनडेथ में भाग्य बिल्डप क्लब रायसेन के साथ रहा और उसने बाजी 7-6 से अपने नाम कर ली। दूसरे हॉफ में जबलपुर के कई खिलाड़ियों ने रफ खेल का भी प्रदर्शन किया। दूसरे सेमीफाइनल में हीरोज क्लब वाराणसी के समक्ष साई त्रिवेंद्रम केरला की चुनौती थी। केरला की टीम ने पहले हॉफ में पूरी तरह से मैच में अपनी पकड़ बना रखी थी और कलात्मक फुटबॉल खेलते हुए हजारों दर्शकों का दिल जीत लिया। पहले हॉफ में कोई गोल नहीं हो सका। दूसरे हॉफ में हीरोज क्लब वाराणसी की टीम ने पलटवार करते हुए अपना दबदबा कायम कर लिया था।



## यहां लगता है साढे तीन साल का सूर्यग्रहण!

**वैज्ञानिकों** ने एक ऐसे तारे की खोज की है जहां साढे तीन वर्ष का सूर्यग्रहण लगता है। ये दो तारे हैं जो कि पृथ्वी से एक हजार प्रकाश वर्ष दूर स्थित हैं। विज्ञानियों ने टीवाइसी 2505-672-1 युगल तारों में सबसे लंबे तथा सर्वाधिक अवधि के बाद लगने वाले ग्रहण का पता लगाया है। यह शोध एस्ट्रोनोमिकल जर्नल में प्रकाशित हुआ है। वांडरबिल्ट विश्वविद्यालय के विज्ञानी जोए रोड्रिग्स ने अपने शोध में बताया कि दो विशेष खगोलीय पिंडों से यह खोज करना संभव हो पाया।वैज्ञानिकों का कहना है कि टीवाईसी बेहद दूर होने के कारण उसके चित्र आदि लेने की संभावनाएं बेहद सीमित रहीं। इसके सहयोगी तारे का तापमान सूर्य की सतह से दो हजार डिग्री सेल्सियस अधिक था। इस तरह का अगला ग्रहण 2080 में लगेगा। इससे पहले सहयोगी तारे के कारण सबसे लंबे और अधिक अवधि के ग्रहण का रिकॉर्ड 27 वर्ष और 640 से 730 दिन का था जो विशाल तारे एप्सिलोन औरिगी के नाम था जो पृथ्वी से 22 सौ प्रकाश वर्ष दूर था।




## चार साल के बच्चे को उम्रकैद!

**एक** चार के बच्चे को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। आप भी पढकर हैरत में पड गए होंगे। इस बच्चे पर मर्डर सहित कई आरोप लगाए गए हैं। कमाल की बात यह है कि जब मर्डर हुआ था तब बच्चा मात्र एक साल का था। इस बच्चे को यह सजा मिस्त्र की एक अदालत ने सुनाई है। इस बच्चे का नाम है अहमद मंसूर करमी। मामले की सुनवाई के दौरान बच्चा कोर्ट में उपस्थित नहीं था।कोर्ट ने उस बच्चे पर मर्डर के चार काउंट्स, हत्या की कोशिश के आठ काउंट्स, प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने के एक काउंट और पुलिस को धमकाने के एक काउंट पर दोषी ठहराया। इस बच्चे के साथ साथ इस मामले में 115 अन्य लोगों को भी उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। बच्चे के वकील का कहना है कि मंसूर का नाम गलती से सजा पाने वालों की लिस्ट में चला गया था, लेकिन कोर्ट में जज के सामने उसका जन्म प्रमाणपत्र पेश नहीं किया गया जिससे यह प्रमाणित किया जा सके कि उसका जन्म 2012 में हुआ था। जब तक जन्म प्रमाण पत्र आया तब तक मामला मिलिटरी कोर्ट में चला गया था और उसे सजा दे दी गई।



## समुद्री गुफा के बीच बना है यह रेस्टोरेंट

**आज** आपको एक ऐसे रेस्टोरेंट के बारे में बता रहे जो समुद्र से घिरी गुफा के अंदर बनाया गया है। इस रेस्टोरेंट का नाम ग्रोट्टा पलाजेसे है। ये दक्षिण इटली के पोलीगनानो में बनाया गया है। इस रेस्टोरेंट के पास ही समुद्र है, यहां से आप चट्टानों के खूबसूरत नजारों का मज़ा ले सकते हैं। ये लाइमस्टोन केव्स हजारों साल पुरानी है। 1700 ईसवी में यहां ग्रीक कॉलोनी भी होती थी। इस रेस्टोरेंट में लोग अपने मनोरंजन को लिए आते हैं। अगर कोई लेखक यहां पर इसकी खूबसूरती को देखें तो वह इस पर एक पूरी किताब लिख सकता है। यह जगह बाहर की सर्द हवाओं से छुपी हुई है। यहां पर लोग अपनी हर तरह की खुशी को सेलिब्रेशन करने जाते हैं। आपको इस रेस्टोरेंट में रोमांटिक डांस, मस्ती करने के बहुत सी सुविधाए मिलती हैं।



## मोटापा घटाने के साथ धोती है कपडे

**कपडे** धोने को अधिकतर लोग तनावपूर्ण कार्य समझते हैं और इस काम को टालने के लिए हजारों बहाने ढूंढ़ते हैं। लोगों के इस तनाव को कम करने के लिए चीन के कॉलेज छात्रों ने एक ऐसी स्थिर (स्टेशनरी) बाइक की संरचना तैयार की है, जो लोगों को कपडे धोने के साथ ही व्यायाम करने का मौका भी प्रदान करेगी। इस अनोखी और विचित्र संरचना को बाइक वाशिंग मशीन (बीडब्लूएम) का नाम दिया गया है। इस शोध में शामिल एक छात्र ने वेबसाइट टूवी में लिखा, जब आप इस बाइक की सवारी करेंगे तो पैडल मारने पर वाशिंग मशीन का ड्रम घूमेगा। उसी दौरान अतिरिक्त बिजली उत्पन्न होगी, जो डिस्प्ले स्क्रीन या किसी अन्य उपयोग के लिए भंडारित की जा सकेगी। इस मशीन को चीन की डालियान नेशनलिटिज यूनिवर्सिटी के छात्रों ने डिजाइन किया है। यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस बाइक वाशिंग मशीन की पहली जानकारी कब प्रकाशिक की गई, लेकिन यह इन दिनों मीडिया और लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। इस परियोजना को खासतौर पर उन लोगों के लिए अधिक कारगर माना जा सकता है, जो एक ही समय में एक से अधिक काम करने को तवज्जो देते हैं।

# जियोस्पेशल टेक्नोलॉजी में करियर...



जियोइंफॉर्मेटिक्स के बढ़ते महत्व का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अब यह सरकारी और निजी क्षेत्र के संगठनों में बड़े निर्णयों का आधार बनने लगा है। इसकी मदद से मिलिट्री, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क प्लानिंग, एग्रीकल्चर, मीटिअरोलॉजी, ओशियनोग्राफी और मैरीटाइम ट्रांसपोर्ट से संबंधित कार्य पहले की तुलना में काफी सुगम हो गए है। आपके शहर, घर और पसंदीदा जगहों की सेटेलाइट तस्वीरों की हो या फिर उस जीपीएस तकनीक की, जिसकी मदद से आप कोई पता तलाशते हैं, किसी अनजाने क्षेत्र में जाने के लिए आसान रास्ता ढूंढ़ते हैं या कोई नजदीकी होटल खोजते हैं। कुछ साल पहले तक कोरी कल्पना लगने वाली ये तकनीकें अब हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुकी हैं। यह सब संभव हुआ है जियोस्पेशल टेक्नोलॉजी के कारण।



### क्या है यह तकनीक

जीआईएस या जियोमेटिक्स एक नई वैज्ञानिक अवधारणा है, जिसका इस्तेमाल जियोग्राफिकल इंफॉर्मेशन साइंस या जियोस्पेशल इंफॉर्मेशन स्टडीज में होता है। अकादमिक रूप से यह जियोइंफॉर्मेटिक्स विषय की एक शाखा है। इस विषय के सिद्धांतों को आधार बनाकर तैयार की गई तकनीकों को जियोस्पेशल टेक्नोलॉजी कहा जाता है। इस तकनीक की मदद से सभी तरह की भौगोलिक सूचनाओं को इकट्ठा करके उनका संग्रहण, विश्लेषण और प्रबंधन किया जा सकता है। इस कार्य में जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस), ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) और रिमोट सेंसिंग का प्रयोग किया जाता है।

### भारत में प्रारंभिक अवस्था

भारत में जियोमेटिक्स का क्षेत्र अभी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है, लेकिन एक उद्योग के रूप में यह तेजी से विस्तार कर रहा है। इसको अपने कामकाज के लिए बड़े पैमाने पर स्पेशल डाटा (आकाशीय आंकड़ों) की जरूरत होती है। मगर शुरुआती दौर में होने की वजह से इस उद्योग में कुशल पेशेवरों की कमी बनी हुई है। इस कारण यहां रोजगार और तरक्की की दृष्टि से काफी संभावनाएं हैं।

### इन क्षेत्रों में संभावनाएं

जियोइंफॉर्मेटिक्स शब्द जियोग्राफी और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से मिलकर बना है। इस तकनीक का लाभ परिवहन, रक्षा, विनिर्माण और संचार सहित सैकड़ों क्षेत्रों में लिया जा रहा है। अर्बन प्लानिंग, लैंड यूज मैनेजमेंट, इन-कार नेविगेशन सिस्टम, वचरुअल ग्लोब, पब्लिक हेल्थ, इंवायरन्मेंटल मॉडलिंग एंड एनालिसिस, मिलिट्री, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क प्लानिंग एंड मैनेजमेंट, एग्रीकल्चर, मीटिअरोलॉजी, ओशियनोग्राफी एंड एटमॉस्फेयर मॉडलिंग, बिजनेस लोकेशन प्लानिंग, आर्किटेक्चर, आर्कियोलॉजिकल रिकंस्ट्रक्शन, टेलीकम्यूनिकेशंस, क्रिमिनोलॉजी एंड क्राइम सिमुलेशन, एविएशन और मैरीटाइम ट्रांसपोर्ट आदि से संबंधित कार्यो में जियोइंफॉर्मेटिक्स काफी मददगार साबित हो रहा है।क्लाइमेट चेंज स्टडीज, टेलीकम्यूनिकेशंस, डिजास्टर मैनेजमेंट और उसकी तैयारियों में इस तकनीक से विशेष मदद मिलती है। इसी तरह बिजनेस लोकेशन प्लानिंग, आर्किटेक्चर और आर्कियोलॉजिकल रिकंस्ट्रक्शन में इस तकनीक को अपनाए जाने के बाद काम की गुणवत्ता में काफी सुधार आया है। जियोग्राफी और अर्थ साइंस के विशेषज्ञों और शोधार्थियों को भी इस तकनीक से सटीक अध्ययन में काफी मदद मिली है। जियोइंफॉर्मेटिक्स के बढ़ते महत्व का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अब यह सरकारी और निजी क्षेत्र के संगठनों में बड़े निर्णयों का आधार भी बनने लगा है। व्यावसायिक प्रतिष्ठान, पर्यावरण एजेंसियां, सरकार, शोध-शिक्षण संस्थान, सर्वेक्षण और मानचित्रीकरण संगठन अपने कामकाजी फैसलों में इस तकनीक से प्राप्त आकंड़ों को वरीयता देते हैं। कई सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों ने अपने दैनिक कार्यो का प्रबंधन करने के लिए भी स्पेशल डाटा का उपयोग शुरू कर दिया है।

### कई तरह के रोजगार

जियोस्पेशल टेक्नोलॉजी में कई तरह के रोजगार उपलब्ध हैं। साथ ही नए-नए अवसर भी इस क्षेत्र में पैदा हो रहे हैं। एनालिस्ट, काटरेग्राफर, सर्वेयर, प्लानर, एरियल फोटोग्राफर और मैपिंग टेक्निशियन आदि रोजगार के कुछ प्रमुख विकल्प हैं, जिन्हें जियोस्पेशल टेक्नोलॉजी की पढ़ाई कर रहे छात्र चुन सकते हैं।

### प्रमुख रोजगार क्षेत्र और कार्य

- **आईटी:** जीआईएस प्रोग्रामर और जीआईएस डेवलपर
- **इंवायरन्मेंट:** इंवायरन्मेंटल प्लानिंग एंड मैनेजमेंट
- **गवर्नमेंट (स्टेट एंड सेंट्रल):** को-ऑर्डिनेटर, साइंटिस्ट, रिसर्च एसोसिएट और जीआईएस एग्जिक्यूटिव
- **जियोलॉजी:** जियोलॉजिकल एंड जियोमॉफरेलॉजिक मैपिंग, टरेन एंड कडैस्ट्रल मैपिंग और माइनिंग
- **डिजास्टर मैनेजमेंट:** आकलन और राहत कार्यक्रमों में
- **एग्रीकल्चर:** फसलों का रकबा जानने और नुकसान का आकलन करने में
- **मिलिट्री:** युद्ध की योजना बनाने और युद्ध के बाद के प्रभावों का अनुमान लगाने में
- **अर्बन:** टाउन प्लानिंग, मॉनिटरिंग सर्फेस वाटर और टार्गेटिंग ग्राउंड वाटर
- **एजुकेशनल इंस्टीट्यूट :** लेक्चरर, रीडर, साइंटिफिक ऑफिसर और प्रोफेसर

### जियोइंफॉर्मेटिक्स कंपनियों में मिलेंगे ये पद

- जीआईएस मैनेजर
- जीआईएस इंजीनियर
- जीआईएस एनालिस्ट/ कंसल्टेंट
- जीआईएस बिजनेस कंसल्टेंट
- जीआईएस प्रोग्रामर
- जीआईएस एग्जिक्यूटिव

### उपलब्ध पाठ्क्रम

- बीटेक इन जियोइंफॉर्मेटिक्स
- एमएससी इन जियोइंफॉर्मेटिक्स
- एमएससी इन जियोइंफॉर्मेटिक्स एंड रिमोट सेंसिंग
- एमटेक जियोइंफॉर्मेटिक्स एंड सर्वेइंग टेक्नोलॉजी
- पीजी डिप्लोमा इन जियोइंफॉर्मेटिक्स

### कैसे जाएं इस क्षेत्र में

जियोइंफॉर्मेटिक्स एक खास क्षेत्र है, जो विषय की बेहतर समझ और गहरी जानकारी की अपेक्षा रखता है। इस क्षेत्र में बतौर छात्र प्रवेश करने के लिए विज्ञान पृष्ठभूमि का होना जरूरी है। जियोग्राफी, जियोलॉजी, एग्रीकल्चर, इंजीनियरिंग, आईटी और कंप्यूटर साइंस में से किसी एक विषय में बैचलर डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र जियोइंफॉर्मेटिक्स एंड रिमोट सेंसिंग विषय के एमएससी या एमटेक पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते हैं। इसके बाद पीएचडी करने का भी विकल्प रहता है। इन विषयों में शार्ट टर्म डिप्लोमा, सर्टिफकेट और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। इस विषय के पाठ्यक्रमों में प्रोजेक्शन सिस्टम से संबंधित तकनीकों, एनोटेशन डाइमेंशन एंड प्लॉटिंग, डाटाबेस मैनेजमेंट, 3 डी विजुअलाइजेशन, थिमेटिक मैपिंग, रिमोट सेंसिंग प्लेटफॉर्म, वेब मैपिंग, फोटोग्रामेट्री, काटरेग्राफी, जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम्स और ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के बारे में जानकारी दी जाती है।

### संबंधित संस्थान

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, देहरादून
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर, कानपुर और रुड़की
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची, कोलकाता, जयपुर
- नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी, हैदराबाद
- इसरो, बेंगलुरु
- जवाहरलाल नेहरू टेक्निकल यूनिवर्सिटी, हैदराबाद
- सिंबायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइंफॉर्मेटिक्स

### कैसा हो व्यक्तित्व

- जटिल मामलों को सुलझाने का कौशल
- विश्लेषण करने का हुनर
- समस्याओं को भांपने और उनका हल तलाशने की काबिलियत
- अपने विषय से गहरा लगाव
- नए उपायों को तलाशने का उत्साह
- रचनात्मकता और सीखने की ललक
- लिखित व मौखिक रूप में भाषा पर गहरी पकड़
- नई चीजों को जानने और सीखने में रुचि
- अपने विषय क्षेत्र की गहरी जानकारी और उसमें हो रहे बदलावों का ज्ञान

जो युवा अपने कॅरियर को लेकर असमंजस की स्थिति में रहते हैं। उनके लिए आईटी सेक्टर काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। हर युवा चाहता है कि वो ऐसी नौकरी हासिल करे, जिसमें ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाया जा सके, तो ऐसे में हम आपको बता दें कि आईटी के क्षेत्र में पैसों की कोई कमी नहीं है।

## वेतन मामले में आईटी क्षेत्र है सबसे आकर्षक



### ये मिलता है फायदा

वेतन के लिहाज से देश का आईटी क्षेत्र सबसे आकर्षक है। एक रिपोर्ट के अनुसार आईटी क्षेत्र के कर्मचारियों को 341.8 रुपए प्रति घंटे का वेतन मिलता है। इसके बाद वित्तीय क्षेत्र का नंबर आता है। वित्तीय क्षेत्र में कर्मचारियों का वेतन 291 रुपए प्रति घंटा है। ऑनलाइन करियर और रिक्रूटमेंट सॉल्यूशन कंपनी मॉन्सटर इंडिया के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में वेतन की बात की जाए, तो आईटी क्षेत्र सबसे आगे है। इस क्षेत्र में कर्मचारियों को 341.8 रुपए प्रति घंटे का वेतन मिलता है। मॉन्सटर के वेतन इंडेक्स के अनुसार निर्माण क्षेत्र में 259 रुपए प्रति घंटे, शिक्षा क्षेत्र में 186.5 रुपए, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 215 रुपए, विधि क्षेत्र में 215.6 रुपए व विनिर्माण तथा परिवहन क्षेत्र में 230.9 रुपए प्रति घंटे का वेतन मिलता है।

### अच्छी नौकरी के लिए टिप्स...

आजकल हर कोई बढ़िया नौकरी की तलाश के लिए कई पापड़ बेलता है पर बढ़िया नौकरी मिल पाना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन भी होता है। पर कुछ टिप्स की मदद से आप भी अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी पा सकते है। पहले तो आपको जिस कंपनी में नौकरी चाहिए उसके बारे में पूरी जानकारी एकित्रत कर लेनी चाहिए। अपने सम्पर्क फैलाएं, अपने गुणों से परिचित हों, रेज्यूम अच्छे से बनाएं, कम्युनिकेशन स्किल डेवलप करें। जिससे आपको इंटरव्यू के दौरान अपने बॉस के सामने अपनी बात रखने में कोई परेशानी न हो। इन दिनों सोशल नैटविर्क ग वैबसाइट्स का काफी चलन है। इन पर सिक्रय रहें और लोगों से मिलना-जुलना भी बढ़ाएं। इंटरनैट पर मौजूद नौकरी संबंधित वैबसाइट्स पर अपनी उपिस्थति भी दर्ज करवानी चाहिए।इन पर नौकरी की अपनी जरूरतों को स्पष्ट रूप लिख दें। ई-मेल या फोन करने की बजाय लोगों से सीधे मिलें क्योंकि इससे लोगों पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा और आपको नौकरी मिलने की सम्भावनाएं कई गुणा बढ़ जाएंगी। आप जिस क्षेत्र में नौकरी करना चाहते हैं, उससे जुड़ी कम्पनियों के काम करने के ढंग और नियुक्तियों के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक जानकारी जुटाएं।

**AWARENESS**

## 'फीयर ऑफ मिसिंग आउट' से पैदा हो सकती हैं परेशानियां

# कहीं आप भी 'फोमो' के शिकार तो नहीं

अगर आप फेसबुक, ट्विटर और व्हाट्सएप के बिना एक पल भी नहीं रह पाते हैं तो ये आपके लिए खतरनाक हो सकता है। हो सकता है कि आप 'फोमो' यानि 'फीयर ऑफ मिसिंग आउट' के शिकार हों। स्मार्टफोन के जरिए अपने दोस्तों और हर पल होने वाली बातों के टच में रहने की लगातार इच्छा आपको 'फोमो' का शिकार बना सकती है। क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट रीपेन सिप्पी की मानें तो जिन लोगों को सोशल मीडिया की आदत हो चुकी है, इससे दूर रहने पर वे 'फोमो' का शिकार हो जाते हैं।

ऐसे लोग जब ज्यादा देर तक सोशल मीडिया से दूर रहते हैं तो उन्हें बेचैनी-सी महसूस होती है। वहीं कंसल्टेंट क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट आशिमा श्रीवास्तव का कहना है कि 'फोमो' सोशल एंजाइटी का रूप है । 'फोमो' की स्थिति में एक व्यक्ति खुद से जुड़ी सभी बातें सोशल मीडिया पर शेयर करने का दबाव महसूस करता है।



### रिश्तों पर बुरा असर

लोगों को वर्चुअल वर्ल्ड में जीने की इतनी आदत हो जाती है कि वे रीयल लाइफ सिचुएशंस को फेस ही नहीं कर पाते। यही बातें दूसरों के साथ उनके रिश्तों में भी असंतुलन पैदा कर देती हैं और रीयल लाइफ की किसी परिस्थिति में वे जल्दी प्रतिक्रिया ही नहीं दे पाते। ऐसे में दोस्तों और परजिनों के साथ उनके रिश्ते बिगड़ने लगते हैं।

### जब नहीं मिलता अटेंशन...

बहुत सारे लोग जिन्हें रीयल लाइफ में प्यार और अटैंशन नहीं मिलता वे इन चीजों को वर्चुअल वर्ल्ड में ढूंढ़ना शुरू कर देते हैं। जब उन्हें वर्चुअल वर्ल्ड में ये सब कुछ मिलता रहता है, वे खुश रहते हैं पर जिस पल उन्हें अटैंशन मिलना बंद हो जाता है, 'फोमो' फोबिया उन पर हावी हो जाता है। साइकोलॉजिकली या सोशियलर अगर आप सामने वाले से खुद को कमतर पाते हैं तो ये सारी बातें आपको परेशान करने लगती हैं। ऐसे में आपके मन में 'फीयर ऑफ मिसिंग आऊट' जैसी बातें आने लगती हैं।

### आपके भीतर पैदा कर देता है 'डर'

'फोमो' में एक व्यक्ति के भीतर डर विकसित होने लगता है कि वह जरूरी अपडेट्स और महत्वपूर्ण इवेंट्स को मिस कर देगा। इसी डर की वजह से वह लगातार अपने मोबाइल फोन को चेक करता रहता है। सामान्यत: कोई व्यक्ति 'फोमो' के शिकंजे में तब आता है, जब वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खुद को उपेक्षति या अकेला महसूस करने लगता है ।

### सोशल बिहेवियर पर असर

मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि सिर्फ 'फोमो' ही नहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज्यादा इस्तेमाल से सोशल बिहेवियर पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। इससे वयस्कों, युवाओं और यहां तक कि स्कूल जाने वाले बच्चों के वर्क परफॉर्मेंस पर असर पड़ता है । वे अंतर्मुखी होने लगता है और सामान्यत: लोगों को खुश करने वाली बातों से भी उसे खुशी नहीं होती।

*आप चाहे युवा हों या रिटायर्ड एम्पलाई अगर आप भी पैसा कमाना चाहते हैं तो यह जॉब आपके लिए है। प्रधानमंत्री जनधन योजना से जुड़कर यानि बैंक मित्र बनकर आप पैसा कमा सकते हैं। बैंक मित्र को न्यूनतम 5000 रुपए का फिक्सड वेतन मिलेगा, इसके अलावा खातों में लेन-देन पर अलग से कमीशन भी मिलेगा। साथ ही बैंक मित्र के लिए अलग के एक कर्ज स्कीम भी तैयार की गई है। इसमें उसे कंप्यूटर, वाहन आदि के लिए कर्ज भी बैंक देगा।*

# बैंक मित्र बनकर आप भी कमा सकते हैं पैसा




### खाताधारकों में जागरुकता पैदा करने का प्रयास...

- प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत बचत और दूसरी सुविधाओं के बारे में लोगों को शिक्षित करना और जागरूकता फैलाना।
- सेविंग्स और लोन संबंधित बातों की सलाह देना।
- ग्राहकों की पहचान करना।
- प्राथमिक जानकारी, आंकड़ें इकट्ठा करना, फॉर्म को संभालकर रखना, लोगों द्वारा दी गई जानकारी की जांच करना और लोगों द्वारा दी गई राशि को संभल कर जमा करवाना।
- आवेदन और खातों से सम्बंधित फॉर्म भरना।
- राशि का समय पर भुगतान और जमा करने का कार्य।
- किसी की तरफ से आया हुआ पैसा सही हांथों तक पहुंचना और उसकी रसीद बनाने का काम।
- खातों और अन्य सुविधाओं से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध करवाना।

### क्या योग्यता चाहिए...?

कोई भी व्यस्क व्यक्ति बैंक मित्र बन सकता है। इसके अलावा सेवानिवृत हो चुके बैंक कर्मचारी, शिक्षक, बैंक, सेना के व्यक्ति भी इसके लिए पात्र होंगे। साथ ही केमिस्ट शॉप, किराना शॉप, पेट्रोल पंप, स्वयं सहायता समूह, पीसीओ, कॉमन सिर्वस सेंटर आदि भी बैंक मित्र्र बन सकेंगे। बैंक मित्र के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपनी नजदीकी शाखा में संपर्क कर सकते हैं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : प्रदीप शील ● सहयोगी संपादक : रवि शंकर चौधरी ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)